35 वां स्थापना वर्ष

समवेत शिखर

वर्ष-35 अंक-121 | रायपुर, शनिवार 14 सितंबर 2024 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

फर्स्ट कालम

कश्मीर के किश्तवाड़ में एनकाउंटर, सेना का जवान शहीद, 3 अन्य घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चत्तरू में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया और तीन घायल हो गए। यहां तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। मुठभेड़ अभी चल रही है। इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। तभी मुठभेड़ हुई। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है।

'मिशन मौसम' से 2026 तक मौसम-जलवायु के पूर्वानुमान उन्नत व अचूक होंगे

नई दिल्ली। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) का कहना है कि 2000 के बजट के साथ लागू किए जा रहे मिशन मौसम से देश में मौसम और जलवायु के पूर्वानुमानों की प्रणालियां मजबूत तथा अचूक होंगी । राजधानी में पृथ्वी भवन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के एक मीडिया कार्यक्रम में पृथ्वी विज्ञान सचिव डॉ. एम रविचद्रंन ने भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा और राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख डॉ. वी एस प्रसाद ने इस मिशन के बारे में जानकारी दी।

हल्के टैंक 'जोरावर' का फील्ड फायरिंग परीक्षण सफल

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को भारतीय लाइट टैंक, ज़ोरावर का सफल प्रारंभिक ऑटोमोटिव परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार रेगिस्तानी इलाके में किए गए फील्ड परीक्षणों के दौरान, लाइट टैंक ने सभी इच्छित उद्देश्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करते हुए असाधारण प्रदर्शन किया। प्रारंभिक चरण में, टैंक के फायरिंग प्रदर्शन का कठोरता से मूल्यांकन किया गया और इसने निर्धारित लक्ष्यों पर आवश्यक सटीकता हासिल की। ज़ोरावर को लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के सहयोग से डीआरडीओ की एक इकाई, लड़ाकू वाहन अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान द्वारा सफलतापूर्वक विकसित किया गया है।

आंध्र में सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत, 30 घायल

चित्तूर। आंध्र प्रदेश में चित्तूर जिले के बंगुरुपालम मंडल में मोगली घाट रोड पर शुक्रवार को आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की बस और लॉरी के बीच टक्कर होने के कारण आठ लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना के समय एपीएसआरटीसी की बस चित्तूर से पलमनेर जा रही थी। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी।

ज्ञानवापी तहखाने की छत पर नमाज होती रहेगी, याचिका खारिज

वाराणसी। वाराणसी कोर्ट ने शुक्रवार को ज्ञानवापी के व्यास तहखाने की छत पर नमाजियों की एंट्री पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने तहखाने की मरम्मत कराने का आदेश देने से भी इनकार कर दिया। हालांकि, व्यास तहखाने में चल रही पूजा जारी रहेगी। हिंदू पक्ष की याचिका पर सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल ने यह आदेश दिया। हिंदू पक्ष ने याचिका में मांग की थी कि व्यास तहखाने की छत पर नमाजियों की एंट्री रोकी जाए।

रूस ने बांग्लादेश से ब्याज के 5300 करोड़ मांगे

ढाका। रूस ने बांग्लादेश से रूपपुर न्यूक्लियर पावर प्लांट के लिए दिए गए कर्ज का ब्याज चुकाने को कहा है। यह ब्याज 630 मिलियन डॉलर (करीब 5,300 करोड़ रुपए) है। रूसी अधिकारियों ने ब्याज चुकाने के लिए 15 सितंबर तक की डेटलाइन दी है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी अधिकारियों ने 21 अगस्त को बांग्लादेश की इकोनॉमिक रिलेशन डिविजन (ईआरडी) को चिट्ठी लिखी थी। यह चिट्ठी अब जाकर स्थानीय पत्रकारों तक पहुंची है।

केंद्र सरकार ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' किया

गृह मंत्री शाह बोले- यह गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति, बोस और सावरकर जैसों के संघर्ष का स्थान

नई दिल्ली (ए)। सरकार ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार आइलैंड की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर 'श्री विजयपुरम' कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी।

श्री शाह ने कहा कि देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जनवरी 2023 को नेताजी की 126वीं बर्थ एनिवर्सरी पर अंडमान और निकोबार आइलैंड के 21 द्वीपों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने का फैसला लिया था। 28 दिसंबर 2018 में अंडमान-निकोबार के हैवलॉक द्वीप, नील द्वीप और रॉस द्वीप के नाम बदले थे। हैवलॉक द्वीप को स्वराज द्वीप, नील द्वीप को शहीद द्वीप और रॉस द्वीप को नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप नाम दिया गया। शाह ने सोशल

मीडिया एक्स पर लिखा कि देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। 'श्री विजयपुरम' नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। यह द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेलुलर जेल में वीर सावरकर व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा माँ भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है। साल 2018 में पीएम मोदी ने पोर्ट ब्लेयर का दौरा किया : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारतीय धरती पर तिरंगा फहराने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पोर्ट ब्लेयर के मरीना पार्क में एक जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से मोबाइल की फ्लैश लाइट चालू करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि मोबाइल की फ्लैश लाइट चालू कीजिए और नेताजी को सम्मान दीजिए। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां मौजूद लोगों से सुभाष बाबू जिंदाबाद के नारे लगवाए।

कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस : मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की

अपराधियों के मन में कानून का भय हो, पीड़ितों को त्वरित मिले न्याय : मुख्यमंत्री साय

हमारी सरकार सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी के न्यू-सर्किट हाउस में कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों के मन में कानून का भय हो, पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले। आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रहे। बेवजह किसी नागरिक को परेशान न किया जाए। पुलिस का व्यवहार आम नागरिकों के साथ मित्रवत हो। पुलिस थानों का वातावरण ऐसा हो कि आम नागरिक को पुलिस थानों में प्रवेश करते समय सहयोग की उम्मीद हो।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं एसपी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दंड संहिता को बदल कर न्याय संहिता कर दिया है। इसका जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पुलिस को इन नए कानूनों के अनुरूप कार्य करने के लिए स्वयं को ढालना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है, और पिछले वर्षों की तुलना में अपराध की संख्या में कमी आई है।

राज्य में नए सिरे से सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नए सिरे से सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है, इससे अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। लोगों को

जागरूक करना और उन्हें इस बात का भरोसा दिलाना होगा कि पुलिस उनके साथ है।

राज्य में गौ-तस्करी व नशाखोरी एक बहुत बड़ी समस्या : मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में गौ-तस्करी व नशाखोरी एक बहुत बड़ी समस्या है, इस पर कड़ाई से नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए ऐसे मामलों में एंड टू एंड कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री, जुआ, सट्टा एवं गांजा की तस्करी को रोकने के लिए अभियान चलाकर दोषियों पर विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करें। समाज में अशांति फैलाने वालों, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखें और उनके खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। हत्या जैसे मामले में कार्रवाई में देरी नहीं होनी चाहिए तथा ऐसे केस में प्राथमिकता से त्वरित गति से कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिला बदर और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई रुकनी नहीं चाहिए : मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला बदर और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई रुकनी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधात्मक मामलों में देरी न हो और जिला बदर की कार्रवाई केवल कागजों पर ना हो बल्कि वास्तव में हो।

बिलासपुर पुलिस रेंज की तारीफ, दुर्ग पुलिस रेंज को नसीहत : मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर पुलिस रेंज में अपराधों में कमी आई है, लेकिन इससे संतुष्ट नहीं होते हुए पुलिस की सक्रियता का स्तर और बेहतर करने की जरूरत है। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि दुर्ग पुलिस रेंज को और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हत्या और डकैती के मामले 6 महीने में भी नहीं सुलझ पा रहे हैं, ये उचित नहीं है। (शेष पेज 4 पर)

अवैध शराब बिक्री पूरी तरह बंद होना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध शराब बिक्री की बहुत शिकायत है, जिसमें पुलिस पर संरक्षण के आरोप लगते है, यह बिलकुल नहीं होना चाहिए। अवैध शराब बिक्री पूरी तरह बंद होना चाहिए। कई जगहों में अवैध शराब बिक्री की जांच को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है, इस संबंध में शिकायतें मिलती है कि जांच टीम सही से जांच नहीं कर रही, अधिकारी जांच में उपस्थित नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि में धोखाधड़ी के मामले भी सामने आ रहे हैं, जिन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

दिल्ली आबकारी नीति केस : सुप्रीम कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को दी जमानत

अरविंद केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से बाहर आए

नई दिल्ली (ए)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी। केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से बाहर आएंगे। अदालत ने जमानत के लिए वही शर्तें लगाई हैं, जो ईडी केस में बेल देते वक्त लगाई गई थीं।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने श्री केजरीवाल की याचिका पर उन्हें यह राहत दी। दोनों न्यायाधीशों ने मुख्यमंत्री को 10 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के दो जमानती बौंड पर रिहा करने का आदेश दिया। सीबीआई की

गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर हालांकि, दोनों न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति कांत ने सीबीआई की ओर से की गई श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को न्यायोचित करार दिया, जबकि न्यायमूर्ति भुइयां ने गिरफ्तारी को गैर जरूरी बताया। न्यायमूर्ति भुइयां ने याचिकाकर्ता की इस दलील को स्वीकार किया कि धन शोधन मामले में उनकी जमानत को विफल करने के लिए सीबीआई ने एक प्रकार से 'पहले से तय' गिरफ्तारी की थी।

श्री केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित सीबीआई के मुकदमे में जमानत की मांग और इसी मामले में गिरफ्तारी को अलग-अलग याचिकाओं के जरिये शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर अपनी याचिकाएं ठुकराए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत ने उनकी याचिकाओं पर पांच सितंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बुलडोजर एक्शन कानूनों पर बुलडोजर चलाने जैसा : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि बुलडोजर एक्शन देश के कानूनों पर बुलडोजर चलाने जैसा है। किसी के अपराध में शामिल होने का आरोप उसकी संपत्ति ध्वस्त करने का आधार नहीं हो सकता। कोर्ट ने गुजरात सरकार से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने एक घर गिराने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। सितंबर में यह दूसरा मौका है, जब स्ष्ट ने बुलडोजर एक्शन पर नाराजगी जाहिर की है। इससे पहले 2 सितंबर को कोर्ट ने कहा था कि किसी केस में व्यक्ति दोषी भी हो, तब भी ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। दरअसल, गुजरात में नगरपालिका की तरफ से एक परिवार को बुलडोजर एक्शन की धमकी दी गई थी। याचिकाकर्ता गुजरात के खेड़ा जिले के कठलाल में एक जमीन का सह-मालिक है। उनके खिलाफ 1 सितंबर 2024 को एक मामले में स्न्नढ्ढक्र दर्ज की गई थी। याचिकाकर्ता के अनुसार, स्न्नढ्ढक्र दर्ज होने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने उसके घर पर बुलडोजर चलाने की धमकी दी। उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आरोपी के परिवार की तीन पीढ़ियां लगभग दो दशकों से उस घर में रह रही हैं। याचिकाकर्ता की दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपी के खिलाफ अपराध को कानूनी प्रक्रिया के जरिए कोर्ट में साबित किया जाना चाहिए।

डीजे बजाने पर वाहनों का परमिट होगा निरस्त, राज्य सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन

रायपुर। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद राज्य सरकार ने नई गाइडलाइन जारी की है। अब डीजे लगाने वाली गाड़ियों का सीधे तौर पर परमिट निरस्त करने की कार्रवाई होगी। नई गाइडलाइन का सख्ती के साथ पालन करने का प्रदेश के सभी कलेक्टर व एसपी को निर्देश जारी किया गया है। आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र सिंह भारद्वाज द्वारा इसका आदेश जारी किया गया है। इसमें सभी कलेक्टर और एसपी को साउंड पॉल्यूशन कंट्रोल करने कहा गया है। उन्हें ध्वनि प्रदूषण के मामले में शिकायत से पहले संज्ञान लेकर कार्रवाई करने और राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों को भी शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया है। साथ ही अधिकारियों को शिकायत का इंतजार नहीं करते हुए खुद जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। आवास एवं पर्यावरण विभाग ने सभी एसपी और कलेक्टर को पत्र लिखा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि जब भी शादियां, जन्मदिन, धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में निर्धारित गाइड लाइन से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर अधिकारी जाएं तो लोगों की भावना की कद्र करते हुए नम्रता के साथ आदेश का पालन करने को कहें।

कोल घोटाला केस : सौम्या चौरसिया की 50 से ज्यादा संपत्ति अटैच

ईडी ने भिलाई स्थित घर के बाहर चस्पा किया नोटिस

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ में ईडी ने सौम्या चौरसिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी अटैच कर दिया है। उसके घर में ईडी का बोर्ड लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि अटैच की गई संपत्तियों में सौम्या चौरसिया का भिलाई स्थित सूर्या अपार्टमेंट का निवास भी शामिल है।

पिछली कांग्रेस सरकार में ताकतवर और प्रभावशाली अफसर रहीं सौम्या चौरसिया पूर्व सीएम भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी भी रह चुकी हैं। उन्हें कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं। ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी, जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। इस लेवी से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं।

मणिपुर के 5 जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट से बैन हटा

इंफाल। मणिपुर सरकार ने शुक्रवार को पांच जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस पर लगे बैन को हटा दिया। हालांकि मोबाइल इंटरनेट पर लगा प्रतिबंध 15 सितंबर तक जारी रहेगा। मणिपुर में अचानक बढ़ी हिंसक घटनाओं के बाद राज्य सरकार ने 10 सितंबर को 5 दिन के लिए इंटरनेट पर बैन लगाया था। सितंबर महीने की शुरुआत में कुकी उग्रवादियों ने मैतेई इलाकों में ड्रोन और रॉकेट से हमला किया था। इसमें 2 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसके बाद राजधानी इंफाल में मैतेई समुह के छात्रों ने प्रदर्शन किया था। छात्रों ने राजभवन पर पत्थरबाजी की थी। पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़े थे। उन्होंने सेंट्रल फोर्सेस पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए उनसे राज्य छोड़कर जाने की मांग की। साथ ही राज्य में यूनिफाइड कमांड की कमान मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को दी जाए। यानी, सेंट्रल और स्टेट फोर्स की कमान केंद्र की बजाय मुख्यमंत्री के पास हो। ये लोग डीजीपी और सिक्योरिटी एडवाइजर को हटाने की भी मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या के आरोप तय

दंगे के लिए भीड़ को उकसाने, घरों में जबरन घुसने और चोरी के भी आरोप

नई दिल्ली (ए)। 1984 के सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ दिल्ली की अदालत ने आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ हत्या, गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, दंगा भड़काना, अलग-अलग गुटों को एक दूसरे के खिलाफ भड़काना, घरों में जबरन घुसना और चोरी के आरोप तय किए हैं।

स्पेशल जज राकेश सियाल ने कहा है कि टाइटलर ने सीबीआई के आरोपों पर कहा था कि वे दोषी नहीं हैं। इसलिए अब टाइटलर के खिलाफ इन आरोपों के हिसाब से ही केस चलेगा। मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी। अदालत ने 30 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में कहा था कि टाइटलर के खिलाफ हत्या का केस चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई ने मामले में टाइटलर के खिलाफ 20 मई 2023 को चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कहा था कि टाइटलर ने भीड़ को उकसाया। इसके बाद गुरुद्वारे में आग लगाई।

कोलकाता रेप-मर्डर केस : जूनियर डॉक्टरों ने राष्ट्रपति और पीएम को चिट्ठी लिखी, दखल की मांग की

कोलकाता (ए)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त को हुए ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन 35वें दिन भी जारी है। डॉक्टरों और बंगाल सरकार के बीच प्रदर्शन खत्म करने पर सहमति नहीं बन पा रही है।

अब डॉक्टरों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मामले में दखल देने की मांग है। उन्होंने गुरुवार (12 सितंबर) की रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी को लेटर भेजा। उन्होंने लिखा- आपका दखल हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर्स ने लिखा कि देश के प्रमुख होने के नाते आपके सामने हम अपने मुद्दों को रख रहे हैं, ताकि हमारी बदकिस्मत साथी जो सबसे घृणित अपराध का शिकार हुई, उसे न्याय मिल सके और पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत हम स्वास्थ्य पेशेवर डर और आशंका के बिना जनता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने में सक्षम हो सकें। इस मुश्किल समय में आपका हस्तक्षेप हम सभी के लिए प्रकाश की किरण के रूप में काम करेगा, जो हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा।

तरक्की | आरबीआई के गवर्नर ने कहा- सिंगापुर में बयान ब्रेटन वुड्स कमेटी के वार्षिक फोरम में कहा

भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.5 फीसदी से अधिक रहने की क्षमता : दास

सिंगापुर/मुम्बई (ए)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत की विकास दर 7.5 प्रतिशत से भी अधिक होने की क्षमता रखती है। यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के 7.2 प्रतिशत की वृद्धि अनुमान से थोड़ा ज्यादा है।

रिजर्व बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि श्री दास ने सिंगापुर में स्विस बैंक यूबीएस के सहयोग से आयोजित बयान ब्रेटन वुड्स कमेटी के वार्षिक फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम में यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत की वर्तमान विकास क्षमता लगभग 7.5 प्रतिशत से भी अधिक है।

श्री दास ने कहा इस साल के अंत तक हम 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के पूर्वानुमानों में जोखिम संतुलित हैं और मजबूत मैक्रोइकनॉमिक (सामान्य आर्थिक) आधारों द्वारा समर्थित हैं, जिनमें निजी खपत और निवेश मुख्य कारक हैं।

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति अप्रैल 2022 में 7.8 प्रतिशत के अपने चरम से कम होकर 4 प्रतिशत के लक्ष्य के आसपास आ गई है, लेकिन हमें अभी भी आगे बहुत काम करना है और इस पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। श्री दास ने कहा कि सेवाओं का निर्यात बढ़ा है, लेकिन बाहरी मांग कमजोर होने के कारण निर्यात की वृद्धि उम्मीद से कम रही है। उन्होंने वित्तीय समेकन की प्रगति, सार्वजनिक कर्ज में कमी और कॉर्पोरेट प्रदर्शन में सुधार को संतुलित विकास के लिए सकारात्मक कारक बताया।

रिजर्व बैंक के गवर्नर ने बढ़ते वैश्विक कर्ज के प्रति अगाह करते हुये कहा कि कर्ज का यह अभूतपूर्व स्तर विशेष रूप से उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) और निम्न से मध्यम आय वाले देशों के लिए बड़ा जोखिम पैदा करता है। ऐसे देश वित्तीय अस्थिरता के प्रति तेजी से कमजोर होते जा रहे हैं। 2024 में वैश्विक जीडीपी के 333 प्रतिशत के बराबर, 315 लाख करोड़ डॉलर तक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे देश वित्तीय अस्थिरता के प्रति तेजी से कमजोर होते जा रहे हैं। निम्न आय और कुछ मध्यम आय वाले देश बहुत कमजोर हैं। उच्च स्तर के कर्ज और उच्च ब्याज दरों का सह-अस्तित्व सरकारी और निजी क्षेत्र की बैलेंस शीट की हानि के माध्यम से वित्तीय अस्थिरता के दुष्चक्र को बढ़ावा दे सकता है।

न्यूज ब्रीफ

भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला संघ का सदस्यता अभियान 16 से 30 तक

राजनांदगांव। भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला संघ राजनांदगांव का सदस्यता अभियान 16 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक चलाया जाएगा। भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला राजनांदगांव का सदस्यता प्राप्त करने के लिए इच्छुक नागरिक निर्धारित तिथि एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव में निर्धारित राशि जमा कर जिला संघ के सदस्य बन सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला संघ सचिव श्री देवेन्द्र अम्बादे के मोबाईल नंबर 9630569502 पर संपर्क कर सकते हैं।

छापामार कार्रवाई में 30.6 बल्क लीटर मदिरा जब्त

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम बेलहरी निवासी वीरेन्द्र साहू के घर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान 170 नग पाव मध्यप्रदेश निर्मित बॉम्बे व्हिस्की कुल मात्रा 30.6 बल्क लीटर मदिरा जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

सफलता पाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए : सांसद बघेल

पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी है महत्व : विधायक यादव, राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का हुआ समापन

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। जिले में राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 का आज भिलाई विद्यालय प्रांगण सेक्टर-2 में समापन हुआ। समापन समारोह में राज्य से विभिन्न संभागों के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बैण्ड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने आयोजन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य के संभागों बस्तर, रायपुर, सरगुजा, बिलासपुर व दुर्ग से विभिन्न खेलों में शामिल प्रतिभागी खिलाड़ी बच्चों का खेल प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। सफलता पाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी राज्य के साथ पुरे देश का नाम रौशन करेंगे।

मुख्य अतिथि श्री बघेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने लगातार कदम उठाये जा रहे हैं। जिससे खिलाड़ियों और खेल के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने खेल ध्वज अवतरण कर खेल प्रभारी को सौंपा और अपने करकमलों से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी बच्चों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया है। सभी खेल में प्रदर्शन के बदौलत देश में अपना पहचान स्थापित करें।

24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर 2024 तक दुर्ग-भिलाई में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में योगा 14, 17 व 19 बालक-बालिका, बाक्सिंग 14, 17 व 19 बालक-बालिका, टेबल टेनिस 19 बालक-बालिका, जुडो 14, 17 व 19 बालक-बालिका, लॉन टेनिस 14,17 व 19 बालक-बालिका और साइकिलिंग (ट्रेक) 14, 17 व 19 बालक-बालिका खेलों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कुल 5 संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के कुल 980 स्कूली बच्चे भाग लिये।

इस प्रतियोगिता में बाक्सिंग बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम , द्वितीय बिलासपुर संभाग, तृतीय रायपुर संभाग। बाक्सिंग बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, रायपुर से तृतीय। बाक्सिंग बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, बस्तर से तृतीय। योगा बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। योगा बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। योगा बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। योगा बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय बिलासपुर से तृतीय। योगा बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, सरगुजा से तृतीय। योगा बालिका 19 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, रायपुर से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, रायपुर से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालिका 19 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, दुर्ग से तृतीय। जूडो बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, रायपुर से द्वितीय, बस्तर से तृतीय। जूडो बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बस्तर से द्वितीय, रायपुर से तृतीय। जूडो बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बस्तर से द्वितीय, रायपुर से तृतीय। जूडो बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी बस्तर से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, दुर्ग से तृतीय। जूडो बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी बस्तर संभाग से प्रथम, रायपुर से द्वितीय, दुर्ग से तृतीय। जूडो बालिका 19 वर्ष के प्रतिभागी बस्तर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, रायपुर से तृतीय। सायक्लिंग बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बस्तर से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। सायक्लिंग बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, रायपुर से तृतीय। सायक्लिंग बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, बस्तर से तृतीय।

राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीते शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जंगलपुर के बच्चों का किया सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता

खैरागढ़। विगत दिनों जांजगीर-चांपा में 1 से 4 सितंबर तक आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स कुश्ती में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जंगलपुर के बालाजी अखाड़ा के बच्चों का दबदबा रहा। 06 बच्चों ने कुश्ती में भाग लिया था जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जंगलपुर के दो बच्चे इसमें फ्री स्टील दिवाकर विश्वकर्मा 65 किलोग्राम कुश्ती गोल्ड 19 वर्ष ,बालक शुभम जंघेल 63 किलोग्राम ग्रीको रोमन कुश्ती में गोल्ड मेडल प्राप्त किया यह दोनों बच्चे ग्राम ठंढार के रहने वाले हैं ,।

जो अपने कोच मोरध्वज जंघेल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जंगलपुर के पीटीआई मैडम रोशनी रावटे के नेतृत्व में कुश्ती में भाग लिया था।

इन दोनों बच्चों ने जंगलपुर स्कूल का नाम रोशन किया है जिसके लिए समस्त ग्रामवासी एवम पालक खुशी जाहिर किया ,जिसका सम्मान स्कूल परिवार एवं प्राचार्य सीताराम पाल एवम उनके स्टाफद्वारा फूल माला पहनाकर किया गया। शिक्षकों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया । इस अवसर पर उत्तम साहू, चन्दराम साहू, निधि वर्मा, रोशनी रावटे,शिखा ठाकुर, स्वाति ताम्रकार, निक्की शिवहरे, चंदू जंघेल सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

शिक्षक के आदर्श को अपनाने वाला हर जगह लहराता है परचम

निजी विद्यालय के शिक्षक हुए सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

खैरागढ़। छत्तीसगढ़ निजी विद्यालय संघ द्वारा गुरूवार को वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया के प्रांगण में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर खैरागढ़ विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा सामिल हुऐ। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्वागत की कड़ी में स्कूली छात्रों ने सुमधुर गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत कर भाव विभोर किया। आयोजन में खैरागढ़ छुईखदान गंड़?ई जिला के समी निजी विद्यालय के पांच सौ से भी अधिक शिक्षक सामिल हुऐ थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुऐ यशोदा वर्मा ने कहा कि शिक्षक छात्रों के सपना को पुरा करने और उनके मंजिल तक पहुंचाने वाला होता है। शिक्षक निजी या सरकारी नहीं होता शिक्षक, शिक्षक होता है। माता पिता और शिक्षक वह व्यक्ति हैं। जिसके आदर्श को आत्मसात कर छात्र धरती से आकाश तक हर जगह परचम लहरा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को बदलते समाज के स्वरूप को ध्यान में रखकर आत्म अवलोकन करने की आवश्यकता। उन्होंने शिक्षकों को विपरीत परिस्थिति में भी अपने दायित्व को बखुबी निभाते रहने की बात कही। तथा अपने गुरू को नमन किया जो उन्हें काबिल बना कर यहां तक पहुचाया। मोतीलाल जंघेल ने शिक्षक को छात्रों में संस्कार और चरित्र निर्माण करने वाला बताया।

मिहिर झा ने शिक्षक को स्वयंम जलकर उजाला फैलाने वाला कहा। वही मनोहर सोनवानी ने कहा कि पहली बार निजी विद्यालय के शिक्षक समारोह मे सम्मानीत होकर गर्व महसूस कर रहें हैं। अतिथियों ने कार्यक्रम में निजी विद्यालय के संचालकों को मोमेन्टो तथा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानीत किया। कार्यक्रम में निजी विद्यालय संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चंदेल, नीलाम्बर वर्मा, जनपद सदस्य कविता जंघेल, मोतीलाल जंघेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना, मिहिर झा, संघ के उपाध्रक्ष राजेश देवांगन, कृष्ण कुमार सोनी, अरूण भारतद्वाज, कन्हैया पटेल, आदि सामिल हुऐ।

छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने किया जंगी प्रदर्शन

7 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम दिया कलेक्टर को ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता

खैरागढ़। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ लंबे समय से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करण की मांग को लेकर घेराव तथा प्रदर्शन करते आ रहा है आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए आज सात सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया गया है जो इस प्रकारहै

मोदी की गारंटी के अनुसार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियमित करण किया जाए श्रम सम्मान की राशि प्रत्येक विभाग में प्रत्येक माह भुगतान किया जाए जिला कार्यालय के सी जी में कार्यरत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का डी पी सी गठन कर पदोन्नति की कार्रवाई एवं समयमान वेतनमान दिया जाए लोक निर्माण विभाग में स्थानांतरित किए गए कर्मचारियों को वापस किया जाए राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक समय पर आहूत किया जाए आदिवासी विकास विभाग में 13 मार्च 2024 एवं 15 मार्च 2024 छत्तीसगढ़ शासन एवं आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण की कारवाई किया जाए तथा नियमित वेतनमान दिया जाए लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा खैरागढ़ के ज्ञापन क्रमांक 18 दिनांक 29/ 9/ 23 ज्ञापन क्रमांक 21 दिनांक 1/3/ 24 ज्ञापन क्रमांक 36 दिनांक 1/8 /24 के द्वारा कलेक्टर को प्रेषित किया गया था की की गई कार्रवाई से संघ को अवगत कराया जाए उपर्युक्त मांगों को लेकर 12 सितम्बर को खैरागढ़ जिला मुख्यालय में जंगी रैली निकाली गई रैली के लिए प्रशासन से पूर्व में अनुमति ले ली गई थी रैली है रैली

में पहुंचे कर्मचारी साथियों का आभार आज के रैली का नेतृत्व योगेश चौरे संभागीय अध्यक्ष दुर्ग एवं प्रांतीय महामंत्री तथा रघुवीर तिवारी जिला अध्यक्ष के सी जी हरिश्चंद्र यादव जिला अध्यक्ष राजनांदगांव सुरेंद्र यादव जग्गू साहू ब्लॉक अध्यक्ष खैरागढ़ प्रदीप तिवारी कुशल राम आदि मौजूद थे।

अवैध कब्जों के चलते पावर हाउस चौक में आवागमन करना खतरनाक हुआ

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। सिग्नल विहीन, अवैध कब्जा से परिपूर्णएवं यातायात विभाग के कर्मचारियों की गैर मौजूदगी के चलते चौक पावर हाउस चौक मेंआवागमन करना खतरनाक होता जा रहा है।और आए दिन वाहनों की यहां पर भिड?त होती रहती है।इसको लेकर नागरिकों ने काफी चिंता जाहिर की है। ज्ञातव्य है कि शहर के सबसे महत्वपूर्ण चौक बाबा साहब अंबेडकर चौक पावर हाउस में चारों तरफसे आवागमन होता रहता है।

नेशनल हाइवे से जुड़े होने के कारण भारी वा हनों का प्रवेश यहां पर लगातार होतारहता है।इसके अलावा टाउनशिप से निगम क्षेत्र के लिए आने के लिए बनाए गए अंडर ब्रिज से भी आवाजाही 24 घंटे होती रहती है।चौक चौराहों पर अवैध कब्जों की भरमार होने के कारण यहां पर यातायात में कई बार बाधा उत्पन्न होती है ।जिसको लेकर नगर निगम का ध्यान भी आकर्षित कराया गया है। परंतु निगम इस दिशा में कोई भी पहल नहीं कर रहा है।जिसकी वजह से अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद है।और भी अतिक्रमणकरने करने वाले लोग अवैध कब्जा करने मेंबढ़ोतरी करते जा रहे हैं।चौक में अतिक्रमण होने के चलते लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां

पर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को कई मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संसाधन भी बनाए हैं। परंतु अतिक्रमण की चपेट में आने के कारण नागरिकों को प्राप्त होने वाली कई मौलिक सुविधाओं से वे वंचित हो गए हैं।

इस चौक पर नगर निगम के द्वारा पेयजल व्यवस्था को के परिपेक्ष में लाखों रुपए खर्च कर जल कलश का निर्माण सांसद सरोज पांडे की निधि से किया था।इस जल कलर से नागरिकों को पानी की बूंद तो नसीब नहीं हो पाई।परंतु जल कलश के सामने अतिक्रमण कर दुकानदारी की जा रही है।जिसको लेकर नागरिकों के द्वारा निगम के संबंधित विभाग का ध्यान कई बार आकर्षित कराया है ।और निगम के अधिकारी कर्मचारी यहां से गुजरते हैं। परंतु उन्हें यह अवैध कब्जे दिखाई नहीं पड़ते हैं। जिसकी वजह से कब्जा धारी अपना पैर पसारने का काम कर रहे हैं।और इन कब्जों के चलते ही आवागमन में प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ रहा है।यहां पर सिग्नल की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। इस चौक पर यातायात विभाग के कर्मचारियों की तैनाती भी बंद कर दी गई है।जिसकी वजह से यहां पर आवागमन करना दिन प्रतिदिन खतरनाक होता जा रहा है। आवागमन करने के दौरानवाहन चालक इस चौक में यातायात नियमों का पालन नहीं करते है, कोई भी कहीं से वाहन चला कर निकल जाता है। इसलिए कहा जाता है कि यातायात विभाग और निगम प्रशासन की लापरवाही के चलते इस चौक पर यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ दी गई है।और कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना होगी उसके बाद शासन प्रशासन अपनी कुंभकरणी नींद से जाग जाएगा।

अब डीजे लगे वाहनों के परमिट होगा निरस्त, प्रेशर हार्न व मल्टीटोन हार्न लगाने वालों पर भी होगी कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

थान खम्हरिया। डीजे साउंड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने नई गाइडलाइन जारी की है अब डीजे लगाने वाली गाड़ियों का सीधे तौर पर परमिट निरस्त करने की कार्रवाई होगी। नई गाइडलाइन का सख्ती के साथ पालन करने का प्रदेश के सभी कलेक्टर व एसपी को निर्देश जारी किया गया है।

विभिन्न अवसरों पर कानफोड़ू साउंड पर डीजे चलाने को लेकर एक जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय ने निकारकरण करते हुए प्रशासन को सकारात्मक कार्रवाई करने भी आदेशित किया है।शादी व्याह तथा कुछ धार्मिक व समाजिक आयोजन मे निर्धारित मापदण्डों से कही अधिक ध्वनि प्रदुषण के साथ अपराधिक गतिविधियों मे भी काफी ईजाफा हुआ है,हाल ही मे दुर्ग जिले के नंदनी खुदनी मे डीजे मे नाचने को लेकर उपजे विवाद मे तीन भाईयो के संगीन हत्या के मामले को भी शासन प्रशासन ने गंभीरता से लिया है यही कारण है कि अब डीजे लगे वाहनो पर प्रशासन सीधी कार्रवाई करने जा रही है,थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे भी अब तहसीलदार व थाना प्रभारी डीजे को लेकर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी मे है।

गौरतलब है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु प्रदुषण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ध्वनि प्रदुषण (नियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 अधिसूचित किये गये है यह नियम 4 फरवरी 2000 से प्रभावशील है। वर्ष 2016-

17 मे एक जनहित याचिका पर माननीय उच्च न्यायालय ने निराकरण करते हुए कलेक्टर,एसपी को आदेशित किया है कि ध्वनि प्रदुषण के मामले मे सकारात्मक कार्रवाई कर राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल अधिकारी शिकायत दर्ज करे।नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे शादियो,जन्मदिन,धार्मिक व सामाजिक आयोजनो पर फूल साऊंड पर डीजे बजाने से ध्वनि प्रदुषण को लेकर आमजन खासा परेशानी उठाते रहे है,उक्त आयोजनो मे सामाजिक वैमनस्यता को देखते हुए लोग शिकायत नही कर पाते थे जिससे डीजे व्यवसायो की संख्या क्षेत्र मे बढती गयी है आज प्रायः हर गांव मे डीजे साऊंड वाले मिलेगे जिस पर अब सक्षम कार्रवाई की आवश्यकता हो गया है।माननीय न्यायालय के आदेश से अब आमजन को लगने लगा है कि प्रतिबंधित कानफोड़ू डीजे साऊंड सिस्टम से निजात मिलने वाला है वही प्रदेश के पारंपरिक वाद्य यंत्र व लोक संगीतो का दौर फिर शुरू हो सकता है,डीजे साऊंड व धुमाल के आने से पारंपरिक नाच पार्टी,गुदूम बाजा,ढोल तासा,बैंड पार्टी जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्र की मांग कम हो गयी थी वही इस व्यवसाय से जुडे लोगो को काफी क्षति भी हुआ है।

प्रधिकृत अधिकारी कर सकेगे डीजे लगे वाहनो पर कार्रवाई

निकाय क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र स्कुल,कॉलेज,अस्पताल,कोर्ट तथा आफिस से 100 मीटर एरीयल डिस्टेन्स पर लाउडस्पीकर बजाने पर कलेक्टर,एसपी,डीएसपी,या प्राधिकृत अधिकारी ध्वनि प्रदुषण यंत्र की जब्ती बनाने मे सक्षम होंगे वही थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे तहसीलदार व थाना प्रभारी भी कार्रवाई कर सकेंगे।जब्ती हुए वाहनो का फिर बगैर मजिस्ट्रेट की अनुमति प्रदुषण यंत्र को वापस नही किया जा सकेगा,इस बार कोर्ट के आदेश का प्रभावी असर देखने को मिल सकता है जिसके लिए अधिकारी भी पूरी तरीके से तैयारी मे है और आदेश का अक्षरशः पालन भी करने जा रहे है।

प्रेशर हार्न व मल्टीटोन हार्न लगाने वाले भी नही बचेंगे

थान खम्हरिया के मुख्य मार्ग व गलीयो तथा ग्रामीण ईलाको मे दोपहिया व चार पहिया वाहनो मे लगे प्रेशर हार्न से हृदय रोगीयो के लिए मुश्किलें खडी करती है इनकी भी अब खैर नही है प्रशासन इसमे भी बडी कार्रवाई करने जा रही है,अब वाहनो मे प्रेशर हार्न व मल्टीटोन हार्न होना पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी (कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, आरटीओ एवं डीएसपी) तत्काल ही उसे वाहन से निकालकर नष्ट करने जैसे कार्रवाई कर सकती है वही अधिकारी वाहन नंबर के साथ मालिक तथा पालक का डेटा बेस इस रूप मे रखेगा कि दोबारा अपराध करने पर वाहन जप्त किया जा सके तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बीना जप्त वाहनो को छोडा ना जा सके।इस प्रकार अब निर्धारित मापदण्डों से अधिक ध्वनि प्रदुषण करने वाले प्रशासन के चंगुल से बच नही पायेंगे वही डीजे लगे वाहनो के परमीट भी प्रभाव से निरस्त की जायगी।

> किसी भी प्रकार के वाहनों में डीजे लगाकर बजाना प्रतिबंधित है। ऐसा करते पाया जाता है तो माननीय न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- राजकुमार साहू**
> **थाना प्रभारी**
> **थान खम्हरियात जिला-बेमेतरा**

नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं के परिप्रेक्ष्य में निगम मुख्यालय में चढ़ावा, इसके बिना कोई भी काम नहीं होता है

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। नगर निगम के मुख्य कार्यालय में नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं के लिए बहुत सारी व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। परंतु उन व्यवस्थाओं का समुचित रूप से संचालन हो रहा है।इसको देखने के लिए निगम के अधिकारियों की के पास फुर्सत नहीं है।जिसकी वजह से नागरिक अपने कार्यों के लिए भटकते रहते हैं। और या फिर दलालों के जुगल में फंसकर काम करने के लिए रिश्वत देने का काम करते हैं।

निगम प्रशासन के द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के परिपेक्ष में शासन की मंशा के अनुरूप बहुत सारी व्यवस्थाओं का निर्माण निगम मुख्यालय में सहित जोन कार्यालयों में किया गया है।नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए उस विषय में समय सीमा का निर्धारण भी किया गया है।जिसमें विभिन्न प्रमाण पत्रों को प्राप्त करना, विभिन्न शिकायतों का निराकरण सहित अन्य कई व्यवस्थाएं हैं। इसके लिए बाकायदा निगम में काउंटर भी बनाए गए हैं। और इन काउंटरों में होने वाले काम के दौरान अव्यवस्था बनी रहती है। जिसकी वजह से नागरिक अपने कार्यों के संपादन के दौरान भटकते रहते हैं।क्योंकि इन काउंटरों में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर उन्हें बहुत सारे कार्य कानून का पाठ पढ़ा दिया जाता है।जिसकी वजह से वे लोग मिस गाइडहो जाते हैं और वहीं पर घूमने वाले कतिपय दलालों के जाल में फंसकर अपना काम करने पर मजबूर होते हैं। जिसके लिए उन्हें अपनीअच्छी खासी जेब ढीली करनी पड़ती है। यानी कि नागरिकों को काम करने के बदले पैसा देना ही पड़ता है।और बिना पैसा दिए यहां पर कोई भी काम नहीं होता है।

निगम रिश्वतखोरी का बहुत बड़ा केंद्र बन गया है।इस विषय पर संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान भी नागरिकों के द्वारा कई बार आकर्षित कराया गया है परंतु इस दिशा में संबंधित अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की पहल नहीं की गई है जिसकी वजह से नागरिक मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होते हैं और अपना काम करने के लिए भटकते रहते हैं।

न्यूज ब्रीफ

सरकारी छुट्टी का आदेश जारी, 16 सितंबर नहीं अब 17 को होगी ईद-ए-मिलाद की छुट्टी, अनंत चतुर्दशी को ऐच्छिक अवकाश

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने छुट्टी में बदलाव को लेकर आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए 16 सितंबर की बजाए 17 सितंबर को 'ईद-ए-मिलाद' (मिलाद-उन-नबी) की छुट्टी का आदेश जारी किया है। विभाग की ओर से कहा गया है कि साल 2023 के आदेश के मुताबिक 16 सितंबर को छुट्टी होने वाली थी। आदेश में ये भी कहा गया है कि 17 सितंबर 2024 को अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा जयंती की पहले से निर्धारित ऐच्छिक अवकाश में बदलाव नहीं है। एक दिन पहले गुरुवार को त्योहार और शीतकालीन छुट्टियों का आदेश भी जारी किया गया है। शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए छुट्टियों की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार, स्कूलों और बीएड-डीएड कॉलेजों में कुल 64 दिन छुट्टियां रहेंगी। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षा विभाग को अवकाश घोषणा का पत्र भेज दिया है। आदेश के मुताबिक छुट्टियों की लिस्ट में पहले दशहरा अवकाश है, जिसमें 6 दिन छुट्टी है। इसके अलावा दीपावली और शीत कालीन अवकाश भी 6-6 दिन का होगा। वहीं ग्रीष्म कालीन अवकाश कुल 46 दिन का रखा गया है।

विश्वेश्वरैया जयंती पर अभियंता दिवस का आयोजन 15 सितंबर को

रायपुर। भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जन्म जयंती के अवसर पर संयुक्त अभियंता आयोजन

समिति, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स एवं सभी शासकीय, अशासकीय इंजीनियरिंग संस्थानों के सहयोग से 164वें अभियंता दिवस समारोह का आयोजन 15 सितंबर, 2024 को किया जा रहा है। इस अवसर पर सिविल लाइन स्थित भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की मूर्ति पर माल्यार्पण का कार्यक्रम 15 सितंबर, 2024 को प्रातः 9:00 बजे आयोजित किया गया है। 15 सितंबर, 2024 को सायं 6:30 बजे से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में मुख्य कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। संयुक्त अभियंता आयोजन समिति के संयोजक श्री पी.एन. सिंह ने सभी अभियंताओं से अनुरोध किया है कि इन दोनों कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

छत्तीसगढ़ में 12वीं सेकंड चांस बोर्ड परीक्षा के नतीजे जारी, 33% लड़के 31 फीसदी लड़कियां पास

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शुक्रवार को 12वीं द्वितीय मुख्य बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसके लिए प्रदेश भर से कुल 37 हजार 578 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 35 हजार 616 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। शुक्रवार को जारी हुए रिजल्ट के अनुसार 11 हजार 609 कुल पास हुए हैं, 32.59 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। शुक्रवार को जारी हुए रिजल्ट के अनुसार प्रदेश में 33.47 प्रतिशत लड़के पास हुए हैं, जबकि लड़कियों के पास होने का प्रतिशत 31.75त्न रहा। माशिमं के आंकड़ों के मुताबिक फर्स्ट डिवीजन में 3,033 (8.52 प्रतिशत) छात्र पास हुए, जबकि सेकेंड डिवीजन में 7,823 (21.96 प्रतिशत) विद्यार्थी पास हुए। वहीं थर्ड डिवीजन में 752 (2.11 प्रतिशत) विद्यार्थी सफल रहे।

पॉवर कंपनी में एई की विभागीय भर्ती परीक्षा 15 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में असिस्टेंट इंजीनियर ट्रेनी (सहायक अभियंता-प्रशिक्षु) के 41 पदों पर सीमित विभागीय भर्ती परीक्षा 15 सितंबर को होगी। अभ्यर्थी अपना बुलावा पत्र छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड की अधिकारिक विभागीय वेबसाइट ऊर्जानेट (न्तरंपदमज) से डाउनलोड कर सकते हैं। यह परीक्षा दोपहर 4 बजे से शाम 6 बजे तक दिशा कालेज ऑफ हायर सेकंडरी स्टडीज दिशा पार्क बिल्डिंग नंबर 03 भूततल रामनगर कोटा रायपुर में आयोजित होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) से निर्देश जारी कर दिया गया है। मुख्य अभियंता श्री ए.के. अंबस्ट ने बताया कि पारेषण एवं वितरण कंपनी के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता के नियमित पद पर कार्यरत कार्मिकों की सहायक अभियंता - प्रशिक्षु (पारेषण में 08 एवं वितरण में 33) के कुल 41 पदों पर सीमित विभागीय परीक्षा ली जा रही है।

सैनिक कल्याण की योजनाओं का करें बेहतर क्रियान्वयन : राज्यपाल डेका

सैनिक कल्याण बोर्ड की गतिविधियों से अवगत हुए राज्यपाल

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों से शहीदों के परिजनों एवं भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने को निर्देश दिये हैं।

राजभवन में आज राज्यपाल श्री रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ सैनिक कल्याण बोर्ड के गतिविधियों की जानकारी ली। सैनिक कल्याण संचालनालय के संचालक ब्रिगेडियर श्री विवेक शर्मा वीएसएम (सेवानिवृत्त) ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, परिजनों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने केंद्र से लेकर राज्य एवं जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के कार्यो से राज्यपाल को अवगत कराया। प्रतिवर्ष 7 दिसंबर फ्लैग डे मनाया जाता है। जिसमे सैनिक कल्याण हेतु फंड एकत्रित किया जाता है।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि सैनिक कल्याण योजनाएं, सैनिकों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा, सम्मान और सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाई गई है, ताकि देश की सेवा के बाद पूर्व सैनिक और उनका परिवार तथा शहीदों के परिजन सम्मान पूर्वक जीवन जी सके। इसलिए इन योजनाओं व कार्यो का संचालन अच्छे से करें। इस अवसर पर राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने राजभवन के निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए

रायपुर। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज राजभवन में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर नया रायपुर में निर्माणाधीन राजभवन और वर्तमान राजभवन के निर्माण एवं सुधार कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने नये राजभवन के चल रहे कार्यों के प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण कर परिसर को हरा-भरा करने को निर्देश दिये। नए राजभवन में रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा सोलर एनर्जी की व्यवस्था करने को कहा। स्टाफ के लिए जो 24 घंटे पालियों में ड्यूटी करते हैं उनके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को अपने घरों, आस-पास एवं कार्यालय को हरा-भरा करने के लिए पेड़ लगाने को कहा। वर्तमान राजभवन में आवासीय क्षेत्र में चल रहे सुधार जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सूर्यकांत के एसीबी चीफ के खिलाफ आवेदन पर फैसला, जेल अथॉरिटी को सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश

धमकाने, दबाव बनाने का था आरोप

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ एसीबी चीफ अमरेश मिश्रा पर लगे आरोपों के मामले में रायपुर कोर्ट में सुनवाई हुई। ईओडब्ल्यू स्पेशल कोर्ट ने जेल अथॉरिटी को सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए निर्देशित किया है। कोल स्कैम के किंगपिन कहे जाने वाले सूर्यकांत तिवारी ने एसीबी चीफ मिश्रा पर धमकाने और भूपेश बघेल का नाम लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

कोल लेवी मामले में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी ने आरोप लगाया है कि जेल अधीक्षक के चैंबर में एसीबी चीफ ने बुलाकर धमकी दी। दबाव बनाया कि सौम्या चौरसिया के जरिए भूपेश बघेल को पैसा देने की बात कबूल करूं। वहीं गुरुवार को भूपेश बघेल भी सेंट्रल जेल पहुंचे थे, लेकिन उनकी मुलाकात सूर्यकांत से नहीं हुई।

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जेल से भी प्रतिवेदन मंगवाया था। प्रतिवेदन में बताया गया है कि जेल मैनुअल के नियम 814 के अनुसार ढ्ढत्न को जेल अंदर जाने और इंस्पेक्शन करने का अधिकार है। जेल प्रबंधन ने इस बात को भी स्वीकार किया कि रविवार को अमरेश मिश्रा जेल गए थे। वहीं सूर्यकांत के वकील फैजल रिजवी ने कहा कि, आईजी को जेल में इंस्पेक्शन करने का अधिकार है, लेकिन विचाराधीन कैदी से मिलने के लिए कोर्ट से परमिशन लेनी पड़ेगी। ईओडब्ल्यू चीफ अमरेश मिश्रा ने नियम 816 का पालन नहीं किया है। हमने कोर्ट से आग्रह किया है कि जो जेल में और अंदर प्रवेश करने वाले गेट का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखा जाए। वहीं सूर्यकांत से जेल प्रबंधन के मुलाकात नहीं कराने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोल स्कैम केस की जांच कर रहे एसीबी-ईओडब्लू के प्रभारी अमरेश मिश्रा पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अमरेश मिश्रा जान बूझकर मेरे खिलाफ साजिश कर रहे हैं। मैं उनके खिलाफ मुख्यमंत्री, सीजेआई, बिलासपुर हाईकोर्ट को पत्र लिखूंगा।

रायपुर में 100 इलेक्ट्रिक बस और 10 एसी बस स्टॉप बनेंगे

मेयर इन काउंसिल की बैठक में फैसला, रायपुर की सड़कों के गड्ढे भरने 12 करोड़ मिलेंगे

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। रायपुर नगर निगम में मेयर इन काउंसिल की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए है। इस बैठक में करीब 22 एजेंडा रखे गए थे। जिनमें से 20 एजेंडा पर काउंसिल की मुहर लग गई है। इस बैठक के बाद महापौर एजाज ढेबर ने मीडिया से बैठक में लिए गए निर्णय की चर्चा की। जिसमें सड़कों के गड्ढे भरने के लिए फंड जारी करने से लेकर अन्य विषयों को बताया गया।

ढेबर ने कहा कि एमआईसी की बैठक में 22 विषयों पर चर्चा की गई। इसमें लगभग सभी बड़े एजेंडा को पारित कर दिया गया है। जिसमें शहर में 10 नवीन एसी बस स्टॉप का निर्माण किया जायेगा। इसके अलावा 100 ई-बसों को चलाने का निर्णय लिया गया है। लंबे समय से भांठागाव बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे को लेकर टेंडर जारी कर दिया गया है।

महापौर ने बताया कि रायपुर शहर में सड़कों के गड्ढे भरने के लिए एमआईसी की बैठक में 12 करोड़ रुपए पारित किए गए है। इसके अलावा सड़कों की सफाई के लिए स्वीपिंग मशीन का एरिया को बढ़ाकर करीब तीन चौथाई किया जाएगा। बैठक में 15 वे वित्त के कुछ विषयों पर विचार के लिए रोका गया है। शहर में नामकरण से जुड़े विषयों पर सहमति मिली है। इसके अलावा महापौर ने बताया कि अब से जोन वाइस टेंडर किया जायेगा। निगम के 10 जोन के लिए 10 टेंडर होंगे। इसके अलावा ष्ट मार्ट की दुकानों के लिए निगम नया टेंडर जारी ढेबर ने बताया कि मॉस्को अंतराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट समिट से लौटने के बाद भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर ऑफिस में मुलाकात की। जहां उन्होंने रायपुर में हो रही भीषण ट्रैफिक समस्याओं के बारे में बताया। इस चर्चा के दौरान ढेबर ने एक पत्र के माध्यम से टाटीबंध से तेलीबांधा तक के फ्लाईओवर और कुछ सड़कों को गौरव पथ बनाने की मांग रखी। जिसमें भगत सिंह चौक से शंकर नगर मार्ग, घड़ीचौक से रेलवे स्टेशन मार्ग, कटोरातालाब से शैलेन्द्र नगर मार्ग, लाखे नगर से बुढ़ेश्वर मंदिर मार्ग था।

कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की हुई बैठक

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी एवं रणनीति पर तथा आसन्न नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति पर एवं प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में कुछ पदाधिकारियों ने सुझाव दिया कि बलौदाबाजार मामले में निर्दोषों की गिरफ्तारी तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर पदयात्रा निकालने का सुझाव दिया गया, जिस प्रदेश अध्यक्ष ने भी शीघ्र निर्णय लेकर यात्रा का मार्ग और तिथि घोषित करने के लिये कहा। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पदाधिकारियों की सक्रियता और कर्मठता से हम सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन चला रहे। कानून व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर हमने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। मुख्यमंत्री को मजबूरन एसपी, कलेक्टर कांफ्रेंस बुलाना पड़ रहा। कानून व्यवस्था सुधारने की हिदायत देना पड़ रहा है। जब तक प्रदेश की एक भी नागरिक असुरक्षित है हम शांत नहीं बैठेंगे।संगठन को लगातार सक्रिय बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव पदाधिकारियों ने दिया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, उपाध्यक्ष गण प्रतिमा चंद्राकर, अंबिका मरकाम, पी.आर. खुंटे, प्रेमचंद जायसी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री गण प्रशांत मिश्रा, नरेश ठाकुर, डॉ. थानेश्वर पाटिला, राजेन्द्र साहू, आरती सिंह, सकलेन कामदार, सीमा वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शाहिद खान, दीपक दुबे, सुबोध हरितवाल, सदस्य कार्यसमिति लालजी चंद्रवंशी, गंगा पोटाई, भोलाराम साहू, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जनक ध्रुव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रमुख अरूण ताम्रकार, कांग्रेस पिछड़ा विभाग अध्यक्ष केशव चंद्राकर, अंसगठित क्षेत्र समस्या निवारण अध्यक्ष मो. सिद्दीकी उपस्थित थे।

15 सितंबर को दो दिवसीय छग दौरे पर आएंगे सचिन पायलट

दोनों नए प्रभारी सचिव भी रहेंगे साथ, निकाय और पंचायत चुनाव पर होगा मंथन

समवेत शिखर संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 15 सितंबर को दो दिवसीय प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। उनके साथ प्रदेश के लिए नवनियुक्त दोनों प्रभारी सचिव एसए संपत कुमार और जरिता लैतफलांग भी छत्तीसगढ़ आएंगे।प्रभारी सचिवों की नियुक्ति के बाद ये उनका पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा।

सचिन पायलट अपने दौरे के दौरान प्रदेश के सीनियर नेताओं के साथ बैठक करेंगे, क्योंकि दोनों प्रभारी सचिव पहली बार यहां आ रहे हैं। नेताओं से मुलाकात कर परिचय भी कराया जाएगा। प्रवास के दौरान नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर रणनीति बनाएंगे।

2 दिन तक छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे : प्रदेश प्रभारी और प्रभारी सचिव दोनों ही दो दिनों के लिए प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान पार्टी संगठन के अलग-अलग मोर्चों की बैठक होगी। उपचुनाव और नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस की तैयारियों को लेकर भी रणनीति तैयार की जाएगी।

संगठन में बदलाव पर भी चर्चा : बताया जा रहा है कि पार्टी के प्रदेश संगठन में बदलाव की तैयारियां लगभग अंतिम दौर में चल रही है। प्रभारी के प्रदेश दौरे के दौरान होने वाली बैठकों में भी इसको लेकर चर्चा होगी। सूची लगभग फाइनल हो चुकी है। इन बैठकों के जरिए उन पर अंतिम मुहर लगेगी।

एयरपोर्ट से लेकर राजीव भवन तक स्वागत की तैयारी : एसए संपत कुमार और जरिता लैतफलांग के पहले दौरे के लिए भव्य स्वागत की तैयारी है। एयरपोर्ट से लेकर राजीव भवन तक उनके स्वागत की तैयारी चल रही है। कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

साइबर हमले से पावर सिस्टम को बचाने लिए हुई अंतरराज्यीय कार्यशाला

छत्तीसगढ़ में क्रिटिकल इंफर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मुख्यालय में स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में ग्रिड आपरेशन पश्चिम क्षेत्रीय साइबर सिक्यूरिटी को-आर्डिनेशन फोरम कार्यशाला हुई, जिसमें साइबर हमले से ग्रिड प्रणाली को बचाने के उपायों पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न राज्यों के लोड डिस्पैच सेंटर के अधिकारियों ने साइबर अटैक को रोकने के लिए अपने यहां किये जा रहे उपायों पर चर्चा की। छत्तीसगढ़ में इस तरह के खतरे से निपटने के लिए क्रिटिकल इंफरमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम डेवलप किया गया है, जिसके तहत साइबर कानूनों का गजट नोटिफिकेशन किया गया है तथा स्काडा सिस्टम, सर्वर और बैकअप लोड डिस्पैच सेंटर तैयार किया गया है।

स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर रायपुर में 12 एवं 13 सितंबर को साइबर सिक्यूरिटी को-आर्डिनेशन फोरम की तीसरी बैठक हुई, जिसका शुभारंभ ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री आरके शुक्ला ने किया। उन्होंने साइबर सिक्युरिटी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं साइबर सिक्युरिटी से उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के प्रति अपनी चिन्ता जाहिर की और इन चुनौतियों से निपटने के लिये तीन प्रमुख बिन्दुओं- परस्पर सहयोग, नवाचार एवं पुनर्प्राप्ति क्षमता पर विशेष जोर देते हुए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन भार प्रेषण केन्द्र के कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी श्री कोमल सिंह मनोठिया व्दारा किया गया, उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में नई तकनीक से वन नेशन, वन ग्रिड से बिजली सप्लाई की जा रही है, ऐसे में पूरा सिस्टम कंप्यूटराइज्ड और आनलाइन रहता है। इसमें देश-विदेश के हैकर साइबर हमला कर देते हैं, जिससे बचने के लिए सुरक्षा और सर्तकता आवश्यक है। थी। हमारे यहां साइबर हमले से ग्रिड सुरक्षित रहे, इसके लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। इसके तहत 'क्रिटिकल इंफरमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम' को तैयार किया गया है। इसके तहत हर साल आईटी और आपरेशन टेक्नालाजी की साइबर आडिट कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि हमें समय से पूर्व पता लग सके कि कहां से साइबर अटैक हो सकता है और उसे रोका कैसे जा सकता है। पश्चिम क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र मुम्बई के कार्यपालक निदेशक और फोरम के अध्यक्ष श्री वी बालाजी एवं ग्रिड इंडिया नई दिल्ली के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी श्री एस बनर्जी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

विंटर कार और बग्घियों में शाही ठाठ से निकले तपस्वी, शहर ने पहली बार देखा ऐसा लवाजमा

सदर बाजार से निकलकर दादाबाड़ी पहुंचा वरघोड़ा, गुरु पूजन के बाद 91 तपस्वियों का पारणा

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। रसना पर विजय प्राप्त कर 44 दिन का महान सिद्धि तप पूरा करने वाले तपस्वियों के सम्मान में शुक्रवार सुबह सदर बाजार के ऋषभदेव मंदिर से विजय वरघोड़ा निकाला गया। घोड़ा बग्घी और विंटर कार पर सवार होकर तपस्वी जब शहर की सड़कों पर निकले तो नजारा देखने लायक था। पीछे ऊंट-घोड़ों के साथ सुमधुर लहरियां बिखेरते बैंड-बाजे वाले चल रहे थे। शाही लवाजमा (साथ चल रहा भक्तों का दल) भी खासे आकर्षण का केंद्र रहा।

शोभायात्रा के आगे 108 किलो चांदी से बना रथ चल रहा था, जिस पर प्रभु विराजमान थे। पीछे पचरंगी पताकाएं लहराते भक्तों की भीड़ थे। तकरीबन 3 हजार से ज्यादा श्रावक-श्राविकाएं इस भव्य वरघोड़े में शामिल हुए। श्रद्धालु भजनों व जयघोष की गूंज पर थिरकते चल रहे थे। अलग-अलग मार्गों से होते हुए ये शोभायात्रा एमजी रोड पहुंची। दादाबाड़ी में तपस्वियों ने सबसे पहले श्री विनय कुशल मुनि म.सा. और श्री विराग मुनि म.सा. की पूजा की। तपस्वियों के पारणे के लिए श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट और आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति ने दादाबाड़ी में शाही इंतजाम किया था। यहां तपस्वियों को सोफे पर बिठाकर भव्य तरीके से पारणा कराया गया। इस वक्त भी दादाबाड़ी में 3 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के लोग भी शामिल थे। भव्य और शानदार इंतजामों को देखकर लोगों ने भी कहा कि पहली बार इस तरह के कार्यक्रम में आए हैं। गौरतलब है कि इस चातुर्मास के अंतर्गत दादाबाड़ी और विवेकानंद नगर को मिलाकर कुल 215 लोगों ने महान सिद्धि तप किया।

गुरु भगवंतों के आशीर्वाद, दादाबाड़ी के प्रभाव से पूर्ण हुआ तप- समिति

आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख और महासचिव नरेश बुरड़ ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि चातुर्मास के इन दो महीनों में हमें श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय जी कांकरिया और कार्यकारी अध्यक्ष अभय जी भंसाली का काफी सहयोग मिला। उनसे काफी कुछ सीखने मिला। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को कलश भरने के साथ यह तपस्या प्रारंभ हुई थी। इसके बाद एक उपवास फिर पारणा, फिर दो का उपवास और पारणा... इस तरह ये क्रम आठ उपवास तक चलता रहा। इसके संपूर्ण होने पर 13 सितंबर को पारणा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस तपस्या में 18 साल के युवा से लेकर 80 साल के बुजुर्ग शामिल हुए। सबसे ज्यादा उम्र के तपस्वी बुजुर्ग नेमीचंद भंसाली रहे, जिन्होंने वयोवृद्ध होने के बाद भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तपस्या पूरी की। 91 तपस्वियों ने 44 दिन की ये कठोर तपस्या पूरी की, तो यह गुरु भगवंतों के आशीर्वाद और दादाबाड़ी के प्रभाव का परिणाम है। तपस्या के दौरान विभिन्न व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने के लिए समिति ने श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट, श्री संघ समेत सभी समितियों का आभार माना। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया और कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं का स्वागत-अभिनंदन करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

3 दिन तक ऐसे कार्यक्रम, जिसे, रायपुर ने न कभी देखा, न सुना : सिद्धि तप के तपस्वियों का ऐतिहासिक पारणा कराने के लिए श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट और आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति ने 11 सितंबर से तीन दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया था। इसके तहत पहले दिन सभी तपस्वियों को तिलक लगाया गया।

रायपुर सेक्टर अंतरमहाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता हुई

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शास जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महा द्वारा रायपुर सेक्टर अन्तरमहाविद्यालय टेबलटेनिस (म/पु) प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 13 सितंबर को सप्रे स्कूल टेबलटेनिस हाल में किया गया जिसमें 15 महा के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

विजेताओ को पुरस्कृत छःग महा के प्राचार्य प्रो अमिताभ बैनर्जी एवम पूर्व इंटरनेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने किया इस अवसर पर डॉ विपिन शर्मा, पूर्व संचालक, टूर्नामेंट ऑब्जर्वर डॉ सुमित तिवारी,डॉ रामानन्द यदु,डॉ प्रमोद मेने ,अनिल महोबिया,डॉ कर्मीष्ट शंभरकर ,डॉ रिंकु तिवारी , शिव पांडे,गोपाल उरकुरकर,मुकेश सिन्हा,तुलाराम मांडले,लक्ष्मी साहू,दिव्या ज्योति सहित बड़ी सँख्यामें क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित थे। बॉयज वर्ग के फायनल में सेंट विंसेंट पेलोटी रायपुर की बॉयज टीम ने शास जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महा रायपुर को 3-0से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया इससे पूर्व सेमीफाइनल में छःग महा ने मैक कॉलेज को एवम पेलोटी कॉलेज ने विज्ञान महा रायपुर को हराया। प्रथम सिंगल्स मैच में छःग महा के आयुष शर्मा ने पेलोटी के रामजी कुमार को 2-0से हराकरअपनी टीम को 1-0की बढ़त दिलाई, दूसरे सिंगल्स में पेलोटी के लोकेश जांगड़े ने छःग महा के गजेंद्र चौहान को 2-0से हराकर स्कोर 1-1 से बराबर किया तीसरे सिंगल्स में एबिस ने छःग महा के अमित को 2-0से हराकर 2-1की बढ़त पेलोटी कॉलेज के पक्ष में की,रिवर्स सिंगल्स में पेलोटी के लोकेश ने छःग के आयुष को 2-0से हराकर अपनी टीम को विजेता का खिताब दिलाया। बालिका वर्ग फायनल में शास दूब महिला महा रायपुर ने पेलोटी कॉलेज रायपुर को 3-0 से हराकर विजेता बनी।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

संपादकीय

70+ बुजुर्गों के सेहत का ख्याल

भारत युवाओं का देश है, पर बुजुर्गों की संख्या भी समय के साथ बढ़ती चली जाएगी। ऐसे में, केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को वित्तीय लाभ देने का जो फैसला किया है, वह बहुत सुखद और स्वागत योग्य है। सबसे खास बात यह है कि इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को मिलेगा। पहले सरकार यह मानकर चल रही थी कि जो बुजुर्ग आर्थिक रूप से सक्षम हैं, वो अपना चिकित्सा खर्च आसानी से उठा सकते हैं। अब यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है कि इस योजना का लाभ 70 वर्षीय होते ही हर भारतीयों को मिलने लगेगा। आयुष्मान योजना को दुनिया में सबसे बड़ी चिकित्सा बीमा योजना माना जाता है और उसमें हुआ यह विस्तार भारत के बेहतर होते भविष्य का ही एक संकेत है। भारत में बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रबंध बहुत जरूरी है और समय के साथ उनकी सुविधाओं को बढ़ाते जाना अनिवार्य है। अगर किसी भी बुजुर्ग को अब पांच लाख रुपये तक के इलाज के लिए परेशान न होना पड़े, तो यह हमारे समाज के लिए बहुत अच्छी बात होगी। योजना से असंख्य बुजुर्गों को नई जिंदगी मिलेगी और उनकी उम्र भी बढ़ेगी।

अपने देश के करीब छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक अब सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में आ रहे हैं, तो यह प्रमाण है कि आज अपने देश की सरकार आर्थिक रूप से सक्षम है। लोग भारी मात्रा में टैक्स चुका रहे हैं, तो उसका लाभ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन तक लौटना ही चाहिए। एक लोक कल्याणकारी सरकार का यही सही स्वरूप है। सरकार का एक अनुमान है कि इस योजना से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों तक लाभ पहुंचेगा। ऐसे अनेक आंकड़े हैं, जो बताते हैं कि इलाज के भारी खर्च की वजह से बड़ी संख्या में लोग गरीब हो जाते हैं। किसी को कर्ज लेना पड़ता है, तो किसी को जायदाद बेचनी पड़ती है। ध्यान रहे, आज आयुष्मान योजना की वजह से 12 करोड़ से ज्यादा परिवार लाभ के दायरे में हैं। शायद एक दिन ऐसा आएगा कि एकदम अमीर या सक्षम लोगों के अलावा सभी आम लोग ऐसी ही किसी योजना के दायरे में आ जाएंगे। अपेक्षाकृत तेज आर्थिक तरक्की के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत में सामाजिक सुरक्षा कमजोर पड़ रही है। स्वास्थ्य सेवा की लागत भी लगातार बढ़ रही है। सामान्य इलाज में भी हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। ज्यादातर दवाइयों पर टैक्स है, ज्यादातर स्वास्थ्य सेवाओं पर टैक्स है, पर आजकल सबसे ज्यादा चर्चा चिकित्सा बीमा पर लगने वाले टैक्स की है। स्वयं सरकार के अंदर से यह आवाज उठी है कि स्वास्थ्य बीमा के मद में लोगों से टैक्स या जीएसटी वसूली उचित नहीं है। इस पर भी अवश्य विचार होना चाहिए।

हालांकि, एक बड़ी चिंता यह है कि ऐसी योजना का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों को आसानी से नहीं मिलता। अनेक अस्पताल योजना के तहत इलाज करने से इनकार कर देते हैं। गरीबों या अभावग्रस्त लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने या बनवाने के प्रति भी पर्याप्त सजगता नहीं है।

स्वच्छ भारत मिशन के लाभों में बेहतर स्वास्थ्य और लोगों का जीवन बचाना भी शामिल है

विनोद के. पॉल

स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बुनियादी उपाय है। स्वच्छता से डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, कृमि संक्रमण एवं मलाशय संबंधी रोग जैसी जल-जनित बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण का खतरा कम हो जाता है। वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया था कि स्वच्छता में निवेश किए गए प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के एवज में स्वास्थ्य संबंधी लागत में कमी, अधिक उत्पादकता और असामयिक मौतों में कमी के रूप में 5.5 अमेरिकी डॉलर के बराबर का लाभ मिलता है। भारत में स्वच्छता का इतिहास बहुत पुराना है और इसकी शुरुआत उस सिंधु घाटी सभ्यता से होती है, जहां शौचालय निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाता था। हमारे शास्त्रों में कहा गया है- 'स्वच्छे देहे स्वच्छचित्तं, स्वच्छचित्ते स्वच्छज्ञानम्' यानी स्वच्छ शरीर में शुद्ध मन का निवास होता है और शुद्ध मन में सच्चे ज्ञान का निवास होता है।

इस समृद्ध विरासत के बावजूद, व्यापक स्वच्छता की दिशा में भारत की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है। वर्ष 1981 की जनगणना के समय तक, मात्र एक प्रतिशत ग्रामीण घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध थी। इस हकीकत ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों- केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, संपूर्ण स्वच्छता अभियान और निर्मल भारत अभियान- के शुभारंभ का मार्ग प्रशस्त किया। इन सभी कार्यक्रमों की सहायता से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता कवरेज 39 प्रतिशत तक पहुंच गया।

दुनिया भर में होने वाले खुले में शौच का लगभग 60 प्रतिशत बोझ भारत पर था। यहां 50 करोड़ से अधिक लोग खुले में शौच करते थे। हमारी महिलाओं के सामने अंधेरे में अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और अपनी गरिमा एवं सुरक्षा बनाए रखने की दुविधा थी।

इसी पृष्ठभूमि में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्षों में ग्रामीण भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने के लक्ष्य के साथ 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की शुरुआत की थी। भारत ने 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन पांच महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान, ग्रामीण स्वच्छता कवरेज बढ़कर शत-प्रतिशत हो गया।

इस मिशन के तहत, 2014 से 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सार्वजनिक निवेश के साथ 11.7 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। यह महज परिसंपत्ति निर्माण की एक कवायद भर नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रव्यापी आंदोलन था जिसने व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित एक ठोस क्रांति के साथ बुनियादी ढांचे के विकास को मिलाकर एक अरब से अधिक लोगों को प्रेरित किया। इसकी पहचान एक 'जन आंदोलन' के तौर पर थी और यह शायद व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित दुनिया की सबसे बड़ी कवायद थी। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, समुदाय के नेताओं, नागरिक समाज और सरकारी मशीनरी ने एकजुट होकर काम किया। स्वच्छता से जुड़े संदेश हर माध्यम से लोगों तक पहुंचे। मशहूर हस्तियों ने इस सामूहिक सुर में सुर मिलाया। ग्राम-स्तर के स्वयंसेवक (%स्वच्छाग्रही%) ज़मीनी स्तर पर परिवर्तन के चैंपियन बन गए। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों, बैठकों, 'मन-की-बात' में किए जाने वाले वार्तालापों और स्थानों एवं परिसरों की सफाई के आदर्श कार्यों के माध्यम से देश का नेतृत्व किया और लोगों को प्रेरित किया।

एसबीएम चरण-द्व की सफलता के बाद, चरण-द्वद्व की शुरुआत की गई। इस चरण का उद्देश्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, परिदृश्य स्वच्छता और समग्र ग्रामीण स्वच्छता के व्यापक पहलुओं का समाधान करते हुए ओडीएफ संबंधी उपलब्धियों को बनाए रखना है। वर्ष 2024-25 तक, सभी गांवों को स्थायी तौर-तरीकों और बेहतर स्वच्छता की विशेषता से लैस ओडीएफ प्लस मॉडल में बदलने का लक्ष्य है। इस मिशन का अगला लक्ष्य संपूर्ण स्वच्छता है- जिसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक, समुदाय और संस्थान की ओर से निरंतर समर्पण की आवश्यकता होगी। शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एसबीएम के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर शिशु मृत्यु दर को कम करने के मामले में। 'स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण और शिशु मृत्यु दर' शीर्षक वाले इस अध्ययन में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) के रुझानों से संबंधित 10 वर्षों की अवधि (2011-20) में 35 भारतीय राज्यों और 640 जिलों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। लेखकों ने शौचालय की बढ़ती सुलभता और बाल मृत्यु दर में गिरावट के बीच एक मजबूत संबंध का दस्तावेजीकरण किया है। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि एसबीएम के बाद जिला स्तर पर शौचालयों की सुलभता में प्रत्येक 10 प्रतिशत अंक की वृद्धि से जिला स्तर पर आईएमआर में 0.9 अंक और यू5एमआर में औसतन 1.1 अंक की कमी आई है। एक सीमा प्रभाव का भी सबूत है, जिसमें जिला स्तर पर 30 प्रतिशत (और उससे अधिक) का शौचालय कवरेज आईएमआर में 5.3 अंक और प्रति हजार जीवित जन्मों पर यू5एमआर में 6.8 अंक की कमी के समतुल्य है। *लेखकों का अनुमान है कि एसबीएम के कारण बड़े पैमाने पर शौचालय की सुलभता ने सालाना 60,000- 70,000 शिशु मृत्यु को रोकने में योगदान दिया है। हालांकि, यहां इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह मात्र प्रभाव संबंधी अध्ययन भर नहीं है, जो एसबीएम की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2018) के अनुसार, 2014 और 2019 के बीच डायरिया से होने वाली 3,00,000 से अधिक मौतों को रोकने में एसबीएम की अहम भूमिका रही है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (2017) ने बताया कि गैर-ओडीएफ गांवों की तुलना में ओडीएफ वाले इलाकों के बच्चों में वेस्टिंग के मामले 37 प्रतिशत कम थे, जो इस बात की पुष्टि करती है कि स्वच्छता कैसे बचपन के पोषण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। ओडीएफ गांवों के बच्चों में डायरिया के मामले लगभग एक तिहाई कम थे। वर्ष 2017 में एक अध्ययन में, यूनिसेफ ने अनुमान लगाया कि 93 प्रतिशत महिलाएं घर में शौचालय उपलब्ध होने के बाद सुरक्षित महसूस करती हैं, जो महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को बढ़ाने में एसबीएम की भूमिका को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, इस अध्ययन में किए गए आर्थिक विश्लेषण से पता चला कि ओडीएफ गांवों में प्रत्येक परिवार ने स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की अपेक्षाकृत कम लागत और बचाए गए जीवन के आर्थिक मूल्य एवं समय की बचत की दृष्टि से सालाना लगभग 50,000 रुपये की बचत की। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच के संबंध को देखते हुए, एसबीएम से हासिल हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लाभ अपरिहार्य हैं। हाल के अध्ययन से हमें जो जानकारी मिली है, वह शौचालय की सुलभता के कारण बच्चों के जीवित रहने की संभावनाओं में सुधार का एक ठोस परिमाण है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

प्रेरक प्रसंग

बोले हुए शब्द वापस नहीं आते

एक बार एक किसान ने अपने पडोसी को भला बुरा कह दिया, पर जब बाद में उसे अपनी गलती का एहसास हुआ तो वह एक संत के पास गया.उसने संत से अपने शब्द वापस लेने का उपाय पूछा.

संत ने किसान से कहा , तुम खूब सारे पंख इकठ्ठा कर लो , और उन्हें शहर के बीचो-बीच जाकर रख दो .किसान ने ऐसा ही किया और फिर संत के पास पहुंच गया। तब संत ने कहा , अब जाओ और उन पंखों को इकठ्ठा कर के वापस ले आओ किसान वापस गया पर तब तक सारे पंख हवा से इधर-उधर उड़ चुके थे. और किसान खाली हाथ संत के पास पहुंचा. तब संत ने उससे कहा कि ठीक ऐसा ही तुम्हारे द्वारा कहे गए शब्दों के साथ होता है,तुम आसानी से इन्हें अपने मुख से निकाल तो सकते हो पर चाह कर भी वापस नहीं ले सकते।

सीख : कुछ कड़वा बोलने से पहले ये याद रखें कि भला-बुरा कहने के बाद कुछ भी कर के अपने शब्द वापस नहीं लिए जा सकते. हाँ, आप उस व्यक्ति से जाकर क्षमा ज़रूर मांग सकते हैं, और मांगनी भी चाहिए

जब आप किसी को बुरा कहते हैं तो वह उसे कष्ट पहुंचाने के लिए होता है पर बाद में वो आप ही को अधिक कष्ट देता है. खुद को कष्ट देने से क्या लाभ, इससे अच्छा तो है की चुप रहा जाए।

धर्म-कर्म

किन वजहों से टूट सकता है आपका एकादशी व्रत, जान लेंगे तो नहीं करेंगे गलती

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि को बहुत ही खास माना जाता है। इस तिथि पर जगत के पालनहार कहे जाने वाले भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसे में भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष में आने वाली एकादशी को परिवर्तिनी या जलझूलनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पंचांग के अनुसार, इस बार परिवर्तिनी एकादशी का व्रत शनिवार, 14 सितंबर को किया जाएगा। ऐसे में चलिए जानते हैं कि आपकी किन गलतियों की वजह से आपका एकादशी व्रत टूट सकता है।

भोग लगाते समय इस बात का रखें ध्यानः भगवान विष्णु को तुलसी अति प्रिय है और इसके बिना विष्णु जी का भोग अधूरा माना जाता है। ऐसे में जब आप एकादशी तिथि पर श्रीहरि को भोग अर्पित करें, तो तुलसी दल जरूर डालें। लेकिन इस बात का भी ध्यान रखें कि एकादशी तिथि पर तुलसी नहीं तोड़नी चाहिए। इसलिए तुलसी के पत्ते एक दिन पहले उतार कर रख लें। इसी के साथ एकादशी की पूजा में व्रत कथा का पाठ जरूर करें, तभी आपका व्रत पूर्ण माना जाता है।

न करें ये काम : एकादशी के दिन चावल खाना वर्जित माना गया है। इससे आपका व्रत टूट सकता है। यहां तक की व्रत न करने वाले व्यक्ति को भी चावल ग्रहण नहीं करना चाहिए। एकादशी पर दिन सोना भी शुभ नहीं माना जाता। ऐसा करने से भी साधन का व्रत टूट सकता है। इसके स्थान पर आप श्री हरि का ध्यान करें और भजन कीर्तन करें।

आंचलिक

छग आरचरी एसोसिएशन में दीपेश अरोरा प्रदेश उपाध्यक्ष व अशोक उसेंडी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ आरचरी एसोसिएशन में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अशोक उसेंडी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए होने के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ आरचरी एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा एवं चुनाव में कोण्डागांव जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा को प्रदेष उपाध्यक्ष बनाया गया, तो वहीं अशोक उसेंडी को कार्यकारिणी सदस्य में शामिल किया गया है।

छत्तीसगढ़ आरचरी एसोसिएशन का वार्षिक आम सभा व चुनाव 11 सितंबर को मुख्य मंत्री निवास में आयोजित की गई थी, जहां जिले से प्रदेश आरचरी एसोसिएशन में दो व्यक्तियों को प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है। जिले के दो व्यक्तियों को अवसर मिलने से जिले में अब तीरंदाजी प्रतियोगिता के क्षेत्र में विस्तार होने की आशा की जा रही है। जिले के युवाओं में आरचरी हुनर की कमी नहीं है, किंतु सही मार्गदर्शन एवं संसाधन की कमी के कारण अन्य राज्यों की तरह कोण्डागांव जिले के युवाओं को उत्तम अवसर नहीं मिल पाता है। प्रदेश आरचरी एसोसिएशन में प्रतिनिधित्व का मौका मिलने से अब जिले के आरचरी खिलाड़ियों को भी उत्तम अवसर मिलने लगेगा। वैसे कोण्डागांव जिले के युवा तीरंदाजी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर का लोहा मनवाकर कई मेडल अपने नाम कर चुके हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश आरचरी एसोसियेशन पंजीयन क्र.छ.ग.राज्य 614, दिनाक 3 जुलाई 2004 (अध्यक्ष कैलाश मुरारका, सचिव ठाकुर आनंद मोहन सिंग) का मुख्य मंत्री कार्यालय में 11 सितम्बर 2024 को वार्षिक आम सभा व चुनाव के बाद छ.ग.आरचरी एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची (वर्ष 2024 से 2028) तक के लिए जारी किया गया है। जिसके अनुसार विष्णुदेव साय को अध्यक्ष, भरत मटियारा (कांकेर), रामलखन पैकरा (अम्बिकापुर), दिपेश अरोरा (कोण्डागांव) कुल 4 लोगों को उपाध्यक्ष, आयुष मुरारका को महासचिव, विकास अग्रवाल (महासमुंद), विदेशीराम धुर्वे (कवर्धा), पंकज जैन (नारायणपुर) कुल तीन लोगों को सह सचिव, टी.टी.बेहरा को कोषाध्यक्ष, रामनाथ कश्यप (संगठन मंत्री वनवासी विकास समिति), सुनील रामदास अग्रवाल (रायगढ़), त्रिलोचन सुराना (गीदम), राजेश तिवारी (अंबिकापुर), महेश कुमार हेड़ा (एन.एम.डी.सी.) कुल 5 लोगों को सलाहकार, कैलाश मुरारका, आत्माराम बंजारे, अशोक उसेंडी, वंदना उईके, वासुदेवराम यादव कुल 5 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य, डोमेश्वरी साहू, ए.एन.साहिल कुल 2 लोगों को टूर्नामेंट कमेटी सदस्य, उमेश बघेल, एवन कुमार, सतीश दुबे, हिरूराम साहू, इतवारीराज, त्रिलोचन, छत्रपाल, रूपांजली गुप्ता, रश्मि साहू, दुर्गेश नंदनी, श्रद्धा सोनवानी, बिन्देश्वरी मरावी, देवअवतार, मनमोहन पटेल, धर्मेश गोफने, राहुल, भरत यादव, प्रभु पोर्ते कुल 18 लोगों को टेक्निकल कमेटी सदस्य बनाया गया है।

राज्यपाल से सम्मानित हुई कोण्डागांव जिले की शिक्षिका तनुजा

कोण्डागांव। जिला मुख्यालय कोण्डागांव के मरार पारा निवासी शिक्षिका तनुजा देवांगन पति अरुण देवांगन शा.उ. माध्यमिक विद्यालय मसोरा में अपनी सेवा दे रही हैं जहाँ एक ऐसी छात्रा थी जो दिव्यांग होने के कारण अपना अध्यन छोड़ चुकी थी। किंतु शिक्षिका तनुजा देवांगन के अथक प्रयास से दिव्यांग छात्रा को लगातार 9वी क्लास से 12वी तक प्रति दिन अपनी गाड़ी में शाला लाना लेजाना कर छात्रा की हाई सेकेंडरी तक शिक्षा पूर्ण करवाया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में कमजोर छात्रों को अतिरिक्त समय दे कर उनकी तैयारी करवाया। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से छात्रों को अवगत करना ऑनलाइन कार्य मे उत्कृष्ट योगदान रहता है। इस तारतम्य में 5 सितम्बर 2024 शिक्षक सम्मान समारोह में राज भवन रायपुर महामहिम रमेन डेका राज्यपाल, विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, सिध्दार्थ कोमल परदेसी स्कूल शिक्षा सचिव के सानिध्य में आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में कोंडागांव जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसोरा की व्यख्याता श्रीमती तनुजा देवांगन को महामहिम राज्यपाल के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रथम पेज का शेष

अपराधियों के मन में कानून...

कई मामलों में आरोपी फरार है, इस पर जल्दी कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनांदगांव पुलिस रेंज में कुछ जगह अच्छे काम हुए हैं, त्रिनेत्र एप और चिटफंड मामलों में अच्छी कार्रवाई हुई है लेकिन सिर्फ इतना पर्याप्त नहीं है।

सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर की : मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सीट-बेल्ट, हेलमेट पहनने की समझाइश दी जाए। उन्होंने बैठक में आने वाले दिनों में पुलिसिंग को और अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी व उत्तरदायी बनाने की दिशा में किए जा सकने वाले उपायों पर चर्चा की।

भूमाफियों पर रखें कड़ी नजर : मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर रेंज की समीक्षा करते हुए राजधानी में पुलिसिंग की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि रायपुर प्रदेश की राजधानी है और यहां की पुलिसिंग का सर्वोत्तम स्तर पर होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने रायपुर में भूमाफियाओं द्वारा शासकीय और आम नागरिकों की जमीन पर कब्जे की शिकायतों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग मिलकर इस समस्या पर कड़ी नजर रखें और तुरंत कार्रवाई करें।

नशे के खिलाफ अभियान चलाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि नशीली दवाइयों की बिक्री पर तत्काल सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को इस अवैध व्यापार के इकोसिस्टम को तोड़ना होगा और अपराध की जड़ तक पहुंचकर इसे समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि रायपुर में स्कूल और कॉलेजों में नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है, ताकि युवाओं को इस घातक प्रवृत्ति से बचाया जा सके।

राजधानी में रात्रि गश्त करें : मुख्यमंत्री ने राजधानी में रात की गश्त को और प्रभावी बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए पुलिस पेट्रोलिंग को लगातार जारी रखने और संगठित अपराधों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कहा कि वे योजना बनाकर अपराध और अपराधियों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाएं ताकि अपराध पर काबू पाया जा सके और कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो सके। कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, राज्य के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत केशापुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

दंतेवाड़ा। जिले के दंतेवाड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत केशापुर में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पंचायत पदाधिकारियों सहित अधिकारियों ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्या शिकायतें सुनी और निराकरण हेतु आवश्यक पहल किया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री जयंत नाहटा ने विभाग द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण करते हुए शासन के द्वारा दिए जा रहे हैं योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए इसका लाभ शिविर में आए आमजनों को देने को कहा। श्री नाहटा ने भी ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए इन योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास की दिशा में अग्रसर होने का आग्रह किया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों से विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्या शिकायतों से अवगत कराने का आग्रह करते कहा कि यहां ग्रामीण जन संबंधित विभाग को अपनी शिकायतों और समस्याओं से अवगत करावे और मौजूद अधिकारीगण ग्रामीण जनों की समस्याओं को हल करने में त्वरित कार्रवाई करें।

असाक्षरों को साक्षर करने प्रशिक्षित हुए विकासखंड के शिक्षक

बकावंड में उल्लास साक्षरता का प्रशिक्षण का समापन

समवेत शिखर संवाददाता

बकावंड। राष्ट्रव्यापी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विकासखंड बकावंड में शिक्षा से वंचित असाक्षरों को साक्षर करने हेतु कलेक्टर विजय दयाराम के तथा जिला सीईओ प्रकाश सर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल, साक्षरता जिला परियोजना अधिकारी राकेश कुमार खापर्डे, साक्षरता डीएलसी प्रभारी चंद्रकांत पाणिग्रही के मार्गदर्शन में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण 12 सितंबर को बीआरसी भवन बकावंड में सम्पन हुआ।

प्रशिक्षण जिला साक्षरता प्रभारी चन्द्रकांत पनिग्राही, विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा, जिला के मास्टर ट्रेनर अनंत देवांगन एवं श्रद्धा देवांगन की उपस्थिति में उपस्थिति में हुई । विकास खंड बकावंड के सभी 42 संकुल से सीएसी -शिक्षक कुशल प्रशिक्षक के रूप मे उपस्थित हुए। विकास खंड स्रोत व्यक्ति के रूप में जिला स्तर से प्रशिक्षित द्य धनंजय बामने, विरंचय बघेल, गंगाराम बघेल, मोहित पाण्डेय, श्रीमती निशा साहू, श्रीमती अनिता कश्यप, श्रीमती चंद्रकला नाग, श्रीमती अंजना चंदेल, कु. नीलावती कश्यप के द्वारा प्रशिक्षण में एक एक विषय पर विस्तृत रूप से बताया गया कि उल्लास कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित साक्षरता केंद्र के स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा असाक्षर व्यक्तियों को 200 घंटे अध्यापन की व्यवस्था संचालित की जानी है। साक्षरता के महत्वपूर्ण पांच घटक - बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल,व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा, सतत शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गयी 7 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार जन-जन साक्षर करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों तक पहुंचना है। स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के अध्यनरत विद्यार्थियों को साक्षरता कार्यक्रम में जुड़कर अध्यापन कार्य करने पर 10 अंक बोनस का प्रावधान है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा ने ब्लॉक के सभी शिक्षकों को इस पुनीत कार्य को पुरे निष्ठा पूर्वक करने हेतु प्रेरित किया।

न्यूज ब्रीफ

बोड़ला में पुरुष नसबंदी शिविर का किया गया आयोजन

कवर्धा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा ÷मिशन परिवार विकास÷ कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के बोड़ला विकासखंड में पुरूष नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। पुरुष नसबंदी कार्यक्रम का आयोजन जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के उद्देश्य से किया जा रहा है। शिविर में सफलता पूर्वक 10 पुरूषां का पुरूष नसबंदी आपरेशन किया गया। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन में डॉ. सतीश चन्द्रवंशी सर्जन के द्वारा सफलता पूर्वक 10 पुरूषों का पुरूष नसबंदी आपरेशन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परिवारों को जागरूक करना और जनसंख्या वृद्धि की दर को नियंत्रित करने के लिए नसबंदी जैसी स्थायी विधियों को प्रोत्साहित करना है। खण्ड़ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक चन्द्रवंशी ने बताया कि शासन द्वारा मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कबीरधाम जिले को चिन्हित किया गया है। जिसके अंतर्गत पुरूष नसबंदी करने पर हितग्राही को 3000 रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जाता है। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी कार्यक्रम में पुरुषों को नसबंदी कराने के लाभों और इस प्रक्रिया की सरलता के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि अधिक से अधिक पुरुष इसमें भाग लेकर परिवार नियोजन में योगदान कर सकें।

सलाहकार समिति की बैठक चंद्रशेखर गंवई की अध्यक्षता में बुलाई गई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन विभाग से संबंधित कार्यो की समीक्षा हेतु गुरूवार को सलाहकार समिति की बैठक बुलाई गई। इस दौरान प्रभारी सदस्य एवं समिति के सदस्यो की उपस्थिति में राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से संचालित हो रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। निगम क्षेत्र अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कैसे एक्टिव किया जाए, उन्हे कैसे रोजगारमुखी बनाया जाए एवं उनकी आर्थिक स्थिति में कैसे सुधार किया जाए, जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस योजना से समूह की महिलाओ को कैसे अपना रोजगार बढ़ाए, जिससे उनके आय में भी वृद्धि हो इसे समझाया गया। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में इन जगहो पर संचालित हो रहा है बर्तन बैंक। जिसमे प्रमुख रूप से माडल टाउन जोन 01 भिलाई में राजेश्वरी क्षेत्र स्तरीय समिति, हाउसिंग बोर्ड कोहका में राजा राममोहन राय क्षेत्र स्तरीय समिति, सुपेला बाजार में दीपज्योति क्षेत्र स्तरीय समिति, हाउसिंग बोर्ड जोन 02 भिलाई में अनुपमा क्षेत्र स्तरीय समिति, शारदा पारा जोन 03 भिलाई में आशा किरण क्षेत्र स्तरीय समिति, सेक्टर 02 जोन 03 भिलाई में सत्यम शिवम स्व सहायता समूह, खुर्सीपार जोन 04 भिलाई में लाल बहादुर शास्त्री, धरणी, आजीविका मिशन, भूईया क्षेत्र स्तरीय समिति, छावना जोन 04 भिलाई में भगत सिंग क्षेत्र स्तरीय समिति एवं सेक्टर 06 जोन 05 भिलाई में वंदे मारतम क्षेत्र स्तरीय समिति।इसी तारतम्य में नगर पालिक निगम भिलाई में 100 सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 13 बर्तन बैंक चलाए जा रहे है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से ग्रामीणों को मिल रहा अपना घर

जिले के 30 हजार 9 सौ 28 परिवारों को मिलेगा अपना पक्का घर

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 30 हजार 9 सौ 28 परिवारों को उनका पक्का घर मिलने जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आवास स्वीकृति का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। विगत एक सप्ताह में ही 16 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए आवासों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। स्थाई प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस के तहत पात्र परिवारों को योजना का लाभ देने के उद्देश्य से आवास स्वीकृत का कार्य निरंतर जारी है।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत 7673, बोड़ला क्षेत्र अंतर्गत 8263, लोहारा क्षेत्र अंतर्गत 5593 और जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत 9399 परिवारों को आवास स्वीकृत करने का लक्ष्य शासन से मिला है। जिसमें लक्ष्य के विरुद्ध जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत 3983, बोड़ला अंतर्गत 3118, स.लोहारा अंतर्गत 3716 और जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत 4945 प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। सभी स्वीकृत आवास के लिए जनपद पंचायत के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के द्वारा प्रथम किस्त की राशि 40 हजार रुपए जारी किया जा रहा है। अभी तक आवास स्वीकृति उपरांत 600 से अधिक परिवारों को प्रथम क़िस्त की राशि जारी किया जा चुकी है। जिनका मैदानी कर्मचारियों द्वारा जिओ ट्रैकिंग कर आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि सभी लक्षित 30 हजार 9 सौ 28 परिवारों को यथाशीघ्र आवास प्रदान किया जाना है। इसके लिए जिला स्तर से लेकर जनपद पंचायत स्तर पर आवास स्वीकृति एवं प्रथम किस्त की राशि जारी करने का कार्य निरंतर प्रगति पर है जिसे यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रत्येक आवास निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपए हितग्राहियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से तीन किस्तो में जारी किए जाएगा। जिसमें आवास स्वीकृति पर 40 हजार रूपए प्लिंथ लेवल पूर्ण होने पर 60 हजार रूपए एवं आवास का निर्माण पुर्ण हो जाने पर 20 हजार हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की जाएगी। इसके अतिरिक्त हितग्राहियों को अपना आवास निर्माण करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से मजदूरी मूलक कार्य मिलेगा और उसकी मजदूरी भी उनके व्यक्तिगत खातों में प्राप्त होती है और इस दौरान निर्माण अवस्था के सभी चरणों का जिओ ट्रैकिंग भी किया जाएगा। विभाग अंतर्गत कार्यरत सभी मैदानी अम्लों को निर्देशित किया गया है कि आवास स्वीकृति पर ग्रामीणों परिवारों को सभी तकनीकी मार्गदर्शन देकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई जारी

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के मदर टेरेसा नगर में जोन कार्यालय के समीप स्थित हुंडई शोरूम पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। आर्बटित क्षेत्र पर निर्माण कर लेने के अतिरिक्त रोड के जगह पर अतिक्रमण कर गाड़ियो की पार्किंग की जा रही थी। रोड से शोरूम तक जाने के लिए लम्बा चौड़ा पाथवे बना लिया गया था, उसे जोन के राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने अपनी तोड़फोड़ दस्ता के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को खाली करवाये।

संबंधित को चेतावनी दी गई उपरोक्त स्थल पर अन्य कोई अतिरिक्त पाथवे नहीं बनाया जायेगा। यह शासन की सड़क है, इसे सड़क ही रहने दिया जाये।इसी तारतम्य मे अरिहंत स्टील के द्वारा 20 फिट से अधिक का विज्ञापन बोर्ड रोड पर लगाया गया था, उसे भी हटाया गया। सनद रहे कि संस्थाओ द्वारा शोरूम या दुकान बनाते समय अपने पुरे आर्बटित जमीन पर निर्माण कर लिया जाता है। बाद में चोरी छिपे शासकीय सड़क पर अवैध कब्जा करके पार्किंग स्थल बना दिया जाता है। जिसके कारण आवागमन में बाधा पहुचती है।और दुर्घटनाओ की संभावना बनी रहती है। यह सब देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। अतिक्रमण हटाने कार्यवाही के ही तारतम्य में बैकुण्ठधाम में भी किये जा रहे अवैध अतिक्रमण को रोका गया।

नगरपालिका निगम भिलाई क्षेत्र के पांचों जोन में 5 जोन आयुक्त नियुक्त

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई भिलाई के जोन क्षेत्र में प्रशासनिक बदलाव करते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने पांच जोन में पांच जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियता नियुक्त किये।

भिलाई एक बड़ा क्षेत्र है जहां पर 6 लाख से अधिक जनसंख्या निवासरत है। सभी के प्रशासनिक एवं व्यवहारिक आवश्यकताओ को पुरा करने के लिए निगम भिलाई में पांच जोन संचालित हो रहे है। जिसके माध्यम से प्रत्येक जोन में विभागीय स्तर पर एक प्रशासनिक सेटअप कार्यरत है। इसी तारतम्य में जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर में सुश्री येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर में कार्यपालन अभियता सह जोन आयुक्त बी.के.वर्मा कार्य संपादित करेगे। इसी प्रकार जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में जोन आयुक्त सतीश यादव, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा एवं जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में कार्यपालन अभियंता सह जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता कार्यो को संपादित करेगें। इस प्रकार पांचो जोन में पांच जोन आयुक्त शासन द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ को शासन से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार संपादित करेगे। आने वाले समय में 17 सितम्बर से स्वच्छताा ही सेवा अभियान एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का सर्वेक्षण अभियान शुरू होने वाला है। सभी कार्यो को सुचारू रूप से संपादित करते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगे।

भादवा मेला के अंतिम दिन रामदेव बाबा दरबार में उमड़े श्रद्धालु

हवन कुंड में नारियल अर्पित कर श्रद्धालुओं ने की मनोकामना पूर्ण करने याचना

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में आयोजित 10 दिवसीय भादवा मेला में अंतिम दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। दरबार में सुबह से ही भजन कीर्तन की गूंज गूंजयमान रही। जिसकी धुन में नाच गाकर श्रद्धालु श्री रामदेव बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रगट करते रहे। इस दौरान गुरुदेव सोहनलाल बापजी (चालीसगांव महाराष्ट्र) की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी से आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं की दरबार में कतारे लगी रही। भादवा मेला में विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद ऋषभ जैन (बाबू), शिवेन्द्र सिंह परिहार, काशीराम कोसरे, समाजसेवी अरविंद वोरा, श्रीकांत समर्थ, अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह, पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, जयंत खिरोड़कर के अलावा भाजपा-कांग्रेस व अन्य राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि दर्शन के लिए दरबार पहुंचे। यहां उन्होंने भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की।

श्रद्धालुओं में मनोकामना हवन कुण्ड की परिक्रमा करने रैला लग रहा। कुंड में नारियल अर्पित कर श्रद्धालुओं द्वारा रामदेव बाबा से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की याचना की गई। इस अवसर पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया।

महोत्सव में दुर्ग भिलाई के अलावा देश प्रदेश से श्रद्धालु हजारों की संख्या में शामिल हुए। इस दौरान श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन, सुश्री पायल जैन, मनीष जैन, महावीर बाफना, प्रवीण पींचा, गौरव बजाज, राकेश धाडीवाल, गौतम धाडीवाल, मोंटी सोनी, मनीष छाजेड़, संतोष छाजेड़, प्रशांत शर्मा, गोविंद बजाज, गौरव पींचा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

निगम की जमीन पर कब्जा कर निर्माण करके कारोबार करने वालों पर निगम प्रशासन की भविष्य में गाज गिर सकती है

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। निगम प्रशासन के द्वारा विगत दिनों एक धार्मिक स्थल के आसपास बनी दुकानों को नेस्तनाबूद करने का काम किया है।जिसके चलते निगम क्षेत्र में अवैध कब्जाधारियो के बीच हड़कंप मचा हुआ है। अवैध कब्जाधारी इस बात से भयभीत है,कि उनके अतिक्रमण पर निगम की गाज कब गिरेगी विदित है।जी रोड में लगभग ढाई एकड़ में कब्जा कर दुकानों का निर्माण करके उसे किराए पर चलाए जा रहा था। जिसका किराया लगभग डेढ़ लाख रुपए हर महीना आता था। निगम की जमीन पर कब्जा कर मुफ्त में किराए वसूल करने का काम काफी लंबे समय से चल रहा था। इस विषय पर कहा जा रहा है कि एक ही व्यक्ति द्वारा दुकानों का किराया वसूल कर हजम कर लिया जाता था। जिसकी वजह से वहां पर अन्य लोगों की निगाहें भी इन दुकानों पर पड़ने लगी।और वह इन दुकानों से होने वाले आय के संदर्भ में हिस्सेदारी करने पर जुटगए, परंतु वर्षों से किराया खा रहे हैं शख्स ने इस मामले में हिस्सेदारी करने से साफ इनकार कर दिया।जिसकी वजह से इसका विरोध करने वाले लोग न्यायालय की शरण में चले गए और न्यायालय के माध्यम से अतिक्रमण को हटवाने में कामयाब रहे। निगम क्षेत्र में वर्तमान समय में यह एक बड़ी कार्यवाही मानी जा रही है। परंतु इससे भी बड़ी कार्यवाही अन्य अतिक्रमणों पर होना है।जिस पर निगम प्रशासन कब कार्यवाही करेगा इसका इंतजार बेसब्री से लोगों को है।निगम क्षेत्र में बेशकीमती भूमि पर कब्जा कर उसे पर कारोबार करने वाले असंख्य लोगों की जमात है। इसमें अधिकांश राजनीतिक संरक्षण के चलते मामले में कार्यवाही नहीं हो पाती है। और वह कब्जा कर किराए पर देने का काम आसानी से करने कर रहे हैं ।अब यह बात धीरे-धीरे सामने आ रही है कि इन अवैध कब्जों में निगम के अधिकारी कर्मचारियों की सहमति रही है। जिसकी वजह से अवैध कब्जाधारी कब्जा करने का सहज जुटा पाते हैं। और इस अवैध कारोबार में निगम के अधिकारी कर्मचारियों की बराबर की हिस्सेदारी भी है।जिसके वजह से निगम क्षेत्र में अवैध कब्जा कर उसे पर कारोबार करने का धंधा फलता-फूलता नजर आ रहा है। जिस पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही के लिए निगम के कुछ आयुक्तों ने कदम भी उठाया था। परंतु उनके तबादले के पश्चात उनकी कार्यवाही पर विराम लग गया था।वर्तमान समय में संपन्न हुई बड़ी कार्यवाही के पश्चात अब यह माना जा रहा है कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर व्यापार करने वालों के खिलाफ निगम प्रशासन भविष्य में कठोर कदम उठा सकता है।

ऑनलाइन एप्प से होगी 21वीं पशु संगणना

कवर्धा। भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग अन्तर्गत पशुपालन सांख्यिकी प्रभाग के निर्देशानुसार, सितम्बर से दिसम्बर 2024 के मध्य 21वीं पशु संगणना करने के तारतम्य में गुरूवार को ज़िला कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, विशिष्ट आतिथ्य में रायपुर से आए राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुधीर पंचभाई के द्वारा उपस्थित समस्त ज़िला नोडल अधिकारी, सुपरवाईजर, प्रगणक तथा अन्य सांख्यिकी अमले को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विधायक के जेल जाने और विपक्षियों के घर बैठ जाने के कारण भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधि शून्य हुई

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में अजीबोगरीब माहौल व्याप्त हो गया है।यहां का जनप्रतिनिधि एक मामले में जेल के सलाखों में है।तो दूसरी तरफ विपक्ष भी यहां पर पूरी तरह मृतपाय हो गये है।जिसकी वजह से यहां पर राजनीति में शून्यता का माहौल व्याप्त हो गया है। ज्ञातव्य है कि भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एक हिंसाऐ मामले में वर्तमान समय में जेल में बंद है। विधायक को छुड़ाए जाने के लिए उनकी पार्टी के एवं उनके समर्थकों के द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जा रहा है,परंतु कानूनी कार्यवाही समय के हिसाब से होती है। जिस पर इस तरह का राजनीतिक दबाव काम नहीं आता है। विधायक को जेल केसीखचे के पीछे डालने से समर्थक स्वाभाविक रूप से उग्र होते हैं। और वह इस तरह का प्रदर्शन कर शासन प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास करते रहते हैं।परंतु शासन प्रशासन ऐसे मामलों में न्यायालय के आदेश का पालन करता है। और उसी केअनुसार कार्यवाही संपादित करता है।न्यायालय के आदेश के तहत ही विधायक की गिरफ्तारी हुई है। इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा व्याप्त है कि कांग्रेस की आपसी गुटबाजी की राजनीति के चलते ही विधायक को इस मामले में फसाया गया है।और उन्हें जेल भिजवाने में पार्टी के कुछ नेताओं का प्रभावशाली नेताओं का हाथ भी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव की बढ़ रही नजदीकियां स्थानीय राजनीतिज्ञ को रास नहीं आ रही है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.- 202408111100079 अ/2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजू गुप्ता पिता श्री धनीराम गुप्ता निवासी वार्ड क्रं. 14 अभनपुर, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग., द्वारा ग्राम उरला पटवारी हल्का नंबर 20, रा.नि.मं. अभनपुर तहसील गोबरा नवापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 735/15 रकबा 0.021 हे. याने 2260 वर्गफूट को छ.ग. भू.रा.संहिता की धारा 1959 की धारा 59 (2) के तहत व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 19.09.2024 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर

न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.--- अ/6अ वर्ष 2023-24

दिनांक 20/08/2024

ग्राम-आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रिखीराम साहू पिता टहलराम साहू निवासी ग्राम नकटी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. व तहसील आरंग स्थित खसरा नं. 23/8 का रकबा 1.618 हे. भूमि कार्तिकराम पिता टहलराम** के नाम पर वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख के पंजी के आधार पर ऑनलाईन रिकार्ड में हुए उक्त त्रुटि को सुधार कर आवेदक सहित अन्य के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है।

अतएवं उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में **दिनांक 18/09/2024** तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक 20/08/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग, जिला-रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार 02-A

मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला-**रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.नं.-**00057 रायपुरा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD 202324440722100317

//ईश्तहार//

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम **रायपुरा** के वर्तमान भूमिस्वामी **रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर पिता/पति- पता-रायपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **97/2 (0.0089)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **हेमलता आहूजा पिता/पति-अनिल आहूजा पता-एमआईजी 408 सेक्टर 01 डीडीयु नगर रायपुर** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजीयन विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 30/09/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार-02-A** पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाश उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पास दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 11/09/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार तहसील-रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार देवरबीजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जय कुमार पिता स्व. रिखी राम निवासी देवरबीजा उपतहसील देवरबीजा, जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम देवरबीजा पहनं. 01 रा.नि.मं. कोदवा जिला बेमेतरा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 341/2 का टुकड़ा रकबा 0.14 हे. जिसका नया ख.नं. 792 का टुकड़ा रकबा 0.10 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक के पूर्वज द्वारा पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। एवं आवेदक शांति पूर्वक काश्त काबिज हो कर कृषि कार्य करते करते आ रहा है, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि ख.नं. 792 का टुकड़ा रकबा 0.10 हे. के स्थान पर ख.नं. 792 का टुकड़ा रकबा 0.14 हे. सुधार कर राजस्व अभिलेया में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। तत्संबंध में इस न्यायालय में अ-6/अ/2023-24 विचाराधीन है तथा दिनांक 26.09.24 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 26.09.24 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से आज दिनांक 12.09.24 को जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार देवरबीजा

न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

अ-74/ वर्ष 2023-24

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बेमेतरा (छ.ग.) का आवेदन पत्र क्र. 3513/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./खंड/ दिनांक 30.08.2024 द्वारा प्रस्तावित ग्राम खम्हरिया पहनं. 29 समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 1 नग इंटेकवेल निर्माण कार्य किया जाना है। छ.ग. शासन, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (शीर्ष समिति) अटल नगर, रायपुर के आदेशक्रमांक एफ 5-8/2021/ 34-2/ 196, दिनांक 22.02.2022 के द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति लागत राशि रु. 13392.65 लाख है। अतः बेरला विकासखंड अंतर्गत ग्राम खम्हरिया एनीकट (शिवनाथ नदी) को आधार स्त्रोत माना गया है एवं जल संसाधन विभाग द्वारा आवश्यक जल मात्रा की स्वीकृति के पश्चात 01 नग इंटेकवेल निर्माण किये जाने हेतु प्रस्तावित भू-खंड शासकीय रिकार्ड में ग्राम खम्हरिया पहनं. 29 के सीमा अंतर्गत शासकीय जमीन दर्ज है, जिसका खसरा नंबर 380 एवं रकबा 2.90 हे. है। इस उपलब्ध भू-खंड एवं खसरा नंबर 380 में 0.25 हे. को प्रस्तावित समूह का जल प्रदाय योजना के इंटेकवेल निर्माण कार्य हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र की प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह नियत दिनांक 10.10.2024 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से ईश्तहार जारी किया।

मुहर — नायब तहसीलदार देवरबीजा

न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

अ-74/वर्ष 2023-24

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बेमेतरा (छ.ग.) का आवेदन पत्र क्र. 3510/ त.शा./ का.अ./ लो.स्वा.यां.वि./खंड/ दिनांक 30.08.2024 द्वारा प्रस्तावित ग्राम सिंघौरी समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 1 नग जल शोधन संयंत्र का निर्माण किया जाना है। छ.ग. शासन, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (शीर्ष समिति) अटल नगर, रायपुर के आदेशक्रमांक एफ-5-8/2021/34-2/196 दिनांक 22.02.2022 के द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति लागत राशि रु. 13392.65 लाख है। अतः बेरला विकासखंड अंतर्गत ग्राम खम्हरिया एनीकट (शिवनाथ नदी) को आधार स्त्रोत माना गया है एवं जल संसाधन विभाग द्वारा आवश्यक जल मात्रा की स्वीकृति के पश्चात 01 नग जल शोधन संयंत्र का निर्माण किये जाने हेतु प्रस्तावित भू-खंड शासकीय रिकार्ड में ग्राम सिंघौरी के सीमा अंतर्गत शासकीय जमीन दर्ज है, जिसका खसरा नंबर 135 एवं रकबा 15.19 हे. है। इस उपलब्ध भू-खण्ड एवं खसरा नंबर 135 में 0.65 हे. को प्रस्तावित समूह जल प्रदाय योजना के जल शोधन संयंत्र निर्माण कार्य हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र की प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह नियत दिनांक 10.10.2024 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से ईश्तहार जारी किया।

मुहर — नायब तहसीलदार देवरबीजा

// शपथ पत्र //

मैं शपथकर्ता निरंजन साहू पिता समयलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम कुम्ही, तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी (छ.ग.) निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करता हूं-

1. यह कि, मेरा नाम, पता उपरोक्तानुसार वर्णित है। मुझ शपथकर्ता का यही नाम निरंजन साहू है जो कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज में अंकित है जो कि पूर्णतः सत्य व सही है। किंतु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पप्पा साहू (निरंजन साहू) अंकित हो गया है जो कि लिपिकीय भूलवश अंकित हो गया है।

2. यह कि, पप्पा साहू मेरा घरेलु (बोलचाल) नाम है। किंतु शैक्षणिक प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज में अंकित नाम निरंजन साहू ही मेरा सही नाम है।

3. यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा चालू (घरेलु नाम) पप्पा साहू अंकित हो जाने से मुझे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैं आधार कार्ड में अंकित नाम पप्पा साहू को सुधार करवाना चाहता हूं तथा यही नाम निरंजन साहू लिखवाना चाहता हूं अतः मैं मेरा नाम परिवर्तन करवाना चाहता हूं अतः पप्पा साहू को सुधारकर निरंजन साहू दर्ज किये जाने बाबत यह शपथपत्र पेश है मेरे द्वारा दी गयी जानकारी पूर्णतः सही है असत्य कथन पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मेरी होगी।

शपथ कर्ता
निरंजन साहू

कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष (जिला निर्माण समिति) जिला कोण्डागांव

// मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण //

एन.आई.टी. क्रमांक/ 09/ जि.नि.स./ निविदा/ 2024-25

कोण्डागांव, दिनांक 11.09.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से कार्यालय जिला निर्माण समिति, जिला कोण्डागांव के कार्यालय में दो लिफाफा पद्धति

न्यूज ब्रीफ

अधिवेशन में भाग लेने दिल्ली रवाना

महासमुंद। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अधिवेशन में भाग लेने अपने तीन साथियों के साथ छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ महासमुंद के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली में महासमुंद जिले के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हुए संघ की गतिविधियों की जानकारी देंगे। उक्त जानकारी संघ के महासचिव चंद्रशेखर तिवारी ने दी है।

छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा कल

महासमुंद। छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी भर्ती परीक्षा रविवार 15 सितंबर को जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले भर से लगभग 24,198 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन 87 केंद्रों में दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक एक पाली में होगा। महासमुन्द जिला मुख्यालय में 38 केंद्रों पर 11,050 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, बागबाहरा में 18 केंद्रों पर 4,500, पिथौरा में 18 केंद्रों पर 4,350, बसना में 6 केंद्रों पर 2300 तथा सरायपाली में 7 केंद्रों पर 1998 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होगें।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 23 से 26 तक

महासमुंद। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जिले में 23 से 26 सितम्बर तक किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और राज्य स्तरीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है। जिसमें कबड्डी में 19 वर्ष बालक-बालिकाए हैण्डबॉल 17 वर्ष बालक-बालिकाए खो.खो 14 वर्ष बालक-बालिकाए रग्बी 17 वर्ष बालक-बालिका एवं शतरंज में 14,17 व 19 वर्ष के बालक-बालिका हिस्सा लेंगे।

गुरुकुल स्कूल में पुलिस का जागरूकता अभियान

भाटापारा। शहर पुलिस द्वारा गुरूकुल स्कूल मे छात्र-छात्राओं को नये कानून के संबंध मे नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी ने जानकारी दी। उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, सोशल मिडिया मे उपयोग के दौरान सावधानी व सायबर अपराध सहित अन्य अपराध के संबंध मे विस्तार से उन्होने जानकारी दी साथ हीं स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षको को यातायात नियमो का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम मे बालिका महिला से संबंधित अधिनियम पाक्सो एक्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण धारायें एवं अधिनियम की जानकारी तिवारी ने दी।

शिक्षकों की कमी, सिनोधा के पालकों ने स्कूल में जड़ा ताला

सिनोधा मिडिल स्कूल में है एक प्रधानपाठक व शिक्षक

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। शिक्षा विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सिनोधा मिडिल स्कूल में ताला जड़ने खबर आई आनन फानन में ब्लाक शिक्षा अधिकारी द्वारा दो शिक्षकों को बातचीत करने सिनोधा रवाना किया गया।

नाराज पालकों व छात्रों ने जनदर्शन में शिक्षकों की कमी को दूर करने ज्ञापन सौंपा था लेकिन कार्रवाई नही होने पर तालाबंदी का कदम उठाया। नए शिक्षण सत्र को शुरू हुए दो माह से अधिक हो गया बावजूद शिक्षा विभाग की उदासीनता के चलते स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाई है। यही कारण है कि शिक्षकों की कमी के चलते आए दिन स्कूलों में तालाबंदी हो रही है। शुक्रवार को महासमुंद ब्लॉक के सिनोधा में शिक्षक की मांग को लेकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पालकों और विद्यार्थियों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। बता दें कि नए शिक्षण सत्र के प्रांरभ होने से पूर्व शासन द्वारा स्कूलों में शिक्षक सहित अन्य व्यवस्था दुरुस्त करने तमाम निर्देश दिए जाते हैं, बावजूद इन निर्देशों का पालन जमीनी स्तर पर कितना होता है, यह स्कूल खुलने के बाद पता चलता है। जिले में नए शिक्षण सत्र शुरू हुए दो माह से अधिक का समय बीत गया पर इन दो माह में स्कूलों में शिक्षक की कमी को लेकर स्कूलों में तालाबंदी सहित शिकायत और प्रदर्शन के कई मामले सामने आते रहे है। इधर, इतने दिन बीत जाने के बाद भी स्कूलों में शिक्षकीय व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई है। मालूम हो कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिनोधा में कक्षा 6 वीं से लेकर 8 वीं तक 71 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए एक प्रधान पाठक एवं दो शिक्षक पदस्थ थे, पर वर्ष 2018 में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षिका को बृजराज पाठशाला महासमुंद में अटैच कर दिया और शिक्षक की सेलरी आज भी सिनोधा स्कूल से निकाली जाती है, तब से लेकर आज तक सिनोधा स्कूल में एक प्रधानपाठक व एक शिक्षक के भरोसे बच्चे पढाई कर रहे हैं।

कोई स्थायी शिक्षक की पदस्थापना नहीं होने पर पालकों ने कलेक्टर जन चौपाल में 22 अगस्त को इसकी शिकायत कर ज्ञापन सौंपा था। आज तक कोई कार्रवाई न होता देख विद्यार्थियों व पालकों ने शुक्रवार को स्कूल में ताला लगा दिया। जबकि नियमानुसार पूर्व माध्यमिक शाला में एक प्रधानपाठक व तीन शिक्षक की पदस्थापना करने का नियम है। जानकारी के अनुसार जन चौपाल में शिकायत के बाद 27 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी ने बृजराज पाठशाला में अटैच शिक्षिका श्रीमती स्वाति चन्द्राकर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिनोधा में उपस्थिति देने का आदेश जारी किया ,पर अभी तक शिक्षिका ने वहां उपस्थिति नहीं दीं। मामले में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने बताया कि जैसे ही स्कूल में तालाबंदी की खबर मिली दो शिक्षकों को पालकों से बातचीत के लिए भेजा गया है, जल्द ही शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से स्कूल में शिक्षक की कमी को लेकर पालकों ने 11 सितंबर को ब्लॉक शिक्षाधिकारी को तत्काल बृजराज शाला में अटैच शिक्षिका को अपनी मूल शाला में भेजने के संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए तीन दिवस का समय दिया था इस अवधि में शिक्षिका की उपस्थिति न होने पर आज शाला में ताला बंदी करने की चेतावनी भी दी थी।

टीकाकरण एवं संबंधित प्रतिकूल घटनाओं को रोकने हेतु महासमुन्द जिला सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम एवं टीकाकरण से संबंधित प्रतिकूल घटनाओं के संबंध में राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक 11 एवं 12 सितम्बर को रायपुर में आयोजित किया गया था। उक्त कार्यशाला एवं बैठक में जिला महासमुंद को टीकाकरण एवं टीकाकरण से संबंधित प्रतिकूल घटनाओं को रोकने के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हेतु राज्य कार्यालय द्वारा डॉ अरविन्द गुप्ता जिला टीकाकरण अधिकारी को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जिला महासमुंद को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मैदानी कार्यकर्ताओं के प्रयास से विगत वर्ष महासमुंद जिले में 95 प्रतिशत बच्चों को पूर्ण टीकाकृत किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भविष्य में भी अपने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से इसी प्रकार की उपलब्धि की अपेक्षा की गई है एवं राज्य में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किये जाने की शुभकामनाएं ज्ञापित किया गया है।

शिविर में 820 लोगों ने लिया भाग

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण के लिए विभिन्न विकासखण्डों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 सितम्बर को विकासखण्ड बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेसाजापाली में दिव्यांग व्यक्तियों के प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, सहायक उपकरण चिन्हांकन, मूल्यांकन एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 820 व्यक्ति सम्मिलित हुए। जिसमें 395 दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीयन, 180 दिव्यांगों का प्रमाणीकरण, 165 दिव्यांग प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, विभिन्न उपकरण के लिए 22 दिव्यांगों का चिन्हांकन, यूडीआईडी के लिए 345 फार्म संकलन किया गया। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन के निर्देश पर एवं श्रीमती संगीता सिंह, उप संचालक समाज कल्याण तथा जनपद सीईओ सनत महादेवा के मार्गदर्शन में किया गया।

इस दौरान जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड के समन्वय, जनपद पंचायत के समाज शिक्षा संगठक पुरुषोत्तम दीवान एवं जनपद पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी.कर्मचारी मौजूद थे।

सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। साहू समाज भोरिंग द्वारा नवनिर्मित साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को भोरिंग में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने किया। विशिष्ट अतिथि मोतीलाल साहू , राधेश्याम साहू, सरपंच उषा राजेश साहू, उपसरपंच पुष्पा तेजराम साहू , तेजराम साहू, पार्वती राधेश्याम साहू , ललित साहू, दिनेश साहू के साथ मंच पर साहू समाज के पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ग्राम भोरिंग में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सामुदायिक भवन निर्माण हेतु स्व. साधुराम साहू की स्मृति में श्रीमती चिताबाई द्वारा 100,111 रुपए का दान दिया गया, साथ ही स्व. डॉ बिसराम साहू की स्मृति में डॉ तुलसीराम साहू द्वारा 41,000 रुपए दान के रूप में दिया गया । जिनका सम्मान मुख्य अतिथि डॉ चोपड़ा एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही दसवीं बोर्ड कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो बालिकाओं को और सीबीएसई कक्षा बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक बालक को साहू समाज भोरिंग द्वारा मुख्य अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र, पुष्पगुच्छ और इनाम देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डा. चोपड़ा ने कहा कि किसी भी समाज का भवन हो काम सभी के लिए आता है, चाहे शादी ब्याह हो , कोई जन्मोत्सव कार्यक्रम को या अन्य कोई भी काम उपयोग हर समाज के लोगों के लिए होता है। समाज के हर एक व्यक्ति को समाज और देश के साथ जुड़ कर रहना चाहिए। लोगों को चाहिए कि अपने सामाजिक स्तर को उठाए, समाज के लोगों को सभी क्षेत्रों में बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज लोगों को जोड़े रखने का कार्य करता है, जिस प्रकार एकता में बल होता है उसी तरह लोगों के एक दूसरे के जुड़े रहने से समाज और देश मजबूत होता है।

कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान भोरिंग साहू समाज के अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू ,उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू ,महिला उपाध्यक्ष श्रीमती भूनेश्वरी साहू, सचिव महेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद साहू एवं समस्त पदाधिकारी गण एवं समस्त ग्रामीण साहू समाज उपस्थित थे।

नेत्र शिविर तुमगांव में 150 मरीजों की हुई जांच

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। नरसेवा ही नारायण सेवा की उद्देश्य को लेकर एमजीएम नेत्र हॉस्पिटल व पटेल परिवार के सौजन्य से निषाद समाज भवन तुमगांव में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें 50 लोगों के आंखों के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है।

स्व. लाला राम पटेल की द्वितीय पुण्यतिथि पर पप्पू पटेल उपाध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव व पटेल परिवार के सौजन्य से आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर ,पार्षद गंगा निषाद ,धर्मेन्द्र यादव, श्रीमती अन्नपूर्णा निर्मलकर, श्रीमती सरस्वती मूर्ति, द्रोणा साहू ,डोमार पटेल, नरेंद्र साहू , उत्तम निर्मलकर, डॉ. कुलदीप सर पूरा स्टॉप एमजीएम हॉस्पिटल द्वारा 160 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया । शिविर में 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए परामर्श दिए गए। ऐसे 40 रोगियों का भी चयन किया गया, इनकी आंखों का ऑपरेशन रायपुर में निशुल्क कराया जाएगा। इन रोगियों के लिए चश्मा, भोजन रहने की व्यवस्था भी निःशुल्क की जाएगी।

लघु सिंचाई तालाब निर्माण योजना से टिभुपाली और अरण्ड में पहली बार सूखे खेत हुए तर

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। राज्य शासन की लघुत्तम सिंचाई तालाब निर्माण योजना से सूखे खेतों में पहली बार पानी पहुंचा है। जिससे सैकड़ों एकड़ सूखे और दरार पड़े खेतों में हरियाली छायी है।

किसान अब यहां धान की फसल लेकर अपनी आजीविका सुदृढ कर रहें हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की झलक सरायपाली अंतर्गत ग्राम टिभुपाली में वर्ष 2023.24 में कृषि विभाग द्वारा खोदे गए लघु तालाब से किसानों की जिंदगी में खुशी झलक रही है। ग्राम टिभुपाली में वर्ष 2023.24 में लघुत्तम सिंचाई तालाब निर्माण योजना अंतर्गत 43,79 लाख रुपए की लागत से तालाब खोदा गया। यहां पहली बरसात में तालाब लबालब हो गया। इससे तालाब के नीचे खेतों में हरियाली बिखर गई। अब यहां के किसान खरीफ में पहली बार धान की फसल ले रहें हैं। तालाब से लगभग 56 किसानों को 39.50 हेक्टेयर क्षेत्र में लाभ होगा। ग्राम टिभुपाली के किसान विपिल पटेल, रीतु पटेल, शोभित ध्रुव, मोनू बरिहा ने बताया कि उनके खेत पहले भर्री किस्म के थे। जिसमें कभी.कभी कुछ फसल लगा दिया करते थे। लेकिन पूरी तरह बरसात के पानी पर और भगवान भरोसे निर्भर रहना पड़ता था। किसान विपिल पटेल जिनकी 6 एकड़ की खेती है ने बताया कि वे पहली बार अपने खेत में धान की फसल लिए है और इस सीजन में भी अच्छी फसल की उम्मीद है। इसी तरह रीतु पटेल के 2 एकड़ खेत, शोभित ध्रुव के 1.50 एकड़ खेत एवं मोनू ध्रुवु के 3 एकड़ खेत में धान की फसल लहलहा रही है। ग्राम के सरपंच मोती पटेल ने भी बताया कि इससे फिरहाल 35 एकड़ में सिंचाई हो रही है। 10 किसानों को सीधा फायदा मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस सफल योजना के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अरण्ड में इसी वर्ष तालाब खनन का कार्य किया गया है। यहां के किसानों ने बताया कि इस क्षेत्र में लगभग फसल नहीं हो पाती थी और अंतिम सिंचाई के लिए नाले के पानी पर निर्भर रहना पड़ता था। तालाब खनन से करीब 30 एकड़ खेतों में सिंचाई हो रही है।

अरण्ड के सरपंच देवराज सिंह ठाकुर ने बताया कि तालाब खनन से दोहरा फायदा हुआ है एक तो आसपास के क्षेत्र में भू जल का स्तर बड़ा है वहीं दूसरी ओर फसल पकने के पूर्व अंतिम सिंचाई के लिए किसान निश्चिंत है। उन्होंने क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

वंदे भारत ट्रेन का संचालन 16 से, महासमुंद में सांसद के नेतृत्व में होगा स्वागत: महेंद्र जैन

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। दुर्ग से विशाखापट्टनम तक चलने वाले वंदे भारत ट्रेन का अनेक स्टेशनों में जोरदार स्वागत होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के अनेक स्थानों के लिए वंदे भारत ट्रेन का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण पश्चात समस्त वंदे भारत ट्रेन अपने गंतव्य की ओर रवाना होगी। उसी कड़ी में दुर्ग से विशाखापट्टनम चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का भी संचालन 16 सितंबर से होगा और जिसका स्वागत रायपुर में प्रदेश के राज्यपाल रमेश डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में होगा । महासमुंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी सभी वरिष्ठ नेतागण एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस वंदे भारत ट्रेन का स्वागत करने के लिए महासमुंद स्टेशन में उपस्थित रहेंगे।

यह ट्रेन दुर्ग से विशाखापट्टनम की दूरी मात्र 6 से 7 घंटे में पूरा करेगी और इसमें सफर करने वाले नागरिकों को वे सारी सुविधा प्राप्त होगी जो सफर के दौरान होनी चाहिए।

महासमुंद में स्टॉपेज के बारे में संशय की स्थिति बनी हुई थी जिसे सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से बात कर दूर किया और महासमुंद स्टॉपेज का निर्धारण सुनिश्चित किया। विकसित भारत की परिकल्पना को लेकर मोदी जी पूरे देश के अंदर इस प्रकार के कार्यों को अंजाम देने का काम कर रहे हैं और उनके कार्यों में भारतीय जनता पार्टी के सांसद सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं । श्री जैन ने महासमुंद की जनता से अपील की है कि वंदे भारत ट्रेन का स्वागत करने एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त करने रेलवे स्टेशन जरूर आए।

दूरस्थ अंचल में बच्चों का लिया गया वजन

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 13 से 23 सितंबर तक सभी 0 से 6 के बच्चो का वजन और ऊंचाई नापने हेतु वजन त्यौहार का आयोजन सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में किया जा रहा है ।पोषण माह और वजन त्यौहार आयोजन के दौरान अजय कुमार साहू ,जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महासमुंद द्वारा जिले के दूरस्थ आंगनवाड़ी केंद्र टोंगोपानीकला , टोंगोदरहा , जोगीडीपा बागबाहरा परियोजना का भ्रमण किया गया। पोषण जागरूकता शिविर में गर्भवती , धात्री माताओं को जानकारी देते हुए बताया कि मां को गर्भावस्था से ही खान पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए । मां में खून की कमी होने से गर्भ में बच्चे के शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी बाधित होता है । मां के शरीर में मौजूद खून से ही बच्चे का पोषण होता है ।कार्यक्रम में उपस्थित समुदाय के गर्भवती महिलाओं , शिशुवती माताओ, 0 से 2 वर्ष के बच्चों के माताओं, किशोरी बालिकाओं व ग्राम के अन्य सदस्यों को पोषण जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत पोषण व्यंजन प्रदर्शनी , पोषण रंगोली और पोषण स्लोगन के द्वारा सही पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया । जिसके अंतर्गत स्तनपान के फायदे ,ऊपरी आहार ,प्रथम 1000 दिवस में बच्चों के देख रेख, संतुलित आहार, व एनीमिया (खून की कमी)लंबे समय से खान-पान मे संतुलित आहार के कमी के कारण होता है। साथ ही एनीमिया को दूर करने के लिए स्थानीय स्तर मे मिलने वाले भाजी का सेवन सप्ताह मे कम से कम 3 से 4 बार करना चाहिए । सेक्टर- कसेकेरा, परियोजना- बागबाहरा की पर्यवेक्षक सरोजनी आदित्य ने जानकारी देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रो से प्राप्त होने वाले रेडी टू ईट फूड का सेवन भी निरंतर करने से शरीर को निरोगी रख सकते है ।

मतदाता जागरूकता अभियान 'जागव वोटर जाबो' कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024.25 कराए जाने हेतु 1 जनवरी 2024 की प्रतिनिर्देश से फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किया जाना है। जिसके तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली को तैयार करने एंव मतदान प्रक्रिया को सरलता से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार अभियान योजना बनाई गई है। जिसके परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने मतदाता जागरूकता अभियान जागव.बोटर जाबो कार्यक्रम के तहत निर्वाचक नामावली की प्रचार.प्रसार सार्वजनिक स्थानों पर किए जाने जिला स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी तथा नगरीय निकाय-जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी होंगे। नगरीय निकाय के लिए संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने जिले के 6 नगरीय निकाय एवं 5 जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए है। जिसमें संबंधित नगरीय निकाय व जनपद पंचायत क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे तथा संबंधित नगरीय निकाय के तहसीलदार सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं संबंधित जनपद पंचायत क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे।

हिन्दी पखवाड़ा पर आस्था साहित्य समिति के विविध कार्यक्रम तय

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा हिन्दी दिवस के साथ हिन्दी पखवाड़ा पर विविध कार्यक्रम तय कर दिया गया है । आस्था साहित्य समिति की ओर से साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने बताया कि 14 सितंबर हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी की चुनौतियां विषय वस्तु पर विचार विमर्श साहित्यकार एस चन्द्रसेन के निवास जीवन सदन त्रिमूर्ति कालोनी महासमुंद में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा । 18 सितंबर बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोसरंगी में साहित्यकार सुरेन्द्र अग्निहोत्री के दिशा निर्देशन पर संपन्न होगा । इसी प्रकार गत कुछ वर्षों में दिवंगत साहित्यकारों के संस्मरण में आलेख व कविता पाठ का आयोजन श्रीमती सरिता तिवारी के निवास स्थान त्रिमूर्ति कालोनी में अपरान्ह 3 बजे आयोजित होगा । इस कार्यक्रम का नाम स्मृति अर्ध्य रखा गया है । 21 सितंबर शनिवार को एक राष्ट्र एक शिक्षा व्यवस्था पर संवाद विमर्श श्याम बालाजी कालेज महासमुंद में 1.30 बजे संपन्न होगा । 30 सितंबर सोमवार को हिन्दी पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम सम्मान समारोह के साथ वृन्दावन विद्यालय इमलीभाठा महासमुंद में 12 बजे संपन्न होगा । आस्था साहित्य समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती एस चन्द्रसेन, डा. साधना कसार, बंधु राजेश्वर खरे, तारा चंद्राकर, एस आर बंजारे, के आर चंद्राकर, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, कमलेश पाण्डेय, सरिता तिवारी, टेकराम सेन, डॉ कुलवंत आजमानी, श्रीमती सुजाता विश्वनाथन, डॉ. मंजू शर्मा सहित साहित्यकारों ने हिन्दी पखवाड़ा को सफल बनाने की अपील की है ।

न्यूज ब्रीफ

रेलवे की सड़क को सुरक्षा की दृष्टि से दो दिन किया जाएगा अवरूद्ध

भाटापारा। अमृत भारत योजना के तहत भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे चल रहे विकास कार्य के चलते आगामी 14 व 15 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक स्टेशन परिसर के सामने सड़क को आम नागरिको की सुरक्षा दृष्टिकोण से रेल प्रशासन ने खेद व्यक्त करते हुये बंद करने का फै सला लिया है। उक्ताशय की जानकारी रेल प्रशासन ने बकायदा स्थानीय प्रशासन को भी देते हुये सड़क यातायात अवरूद्ध होने के दौरान व्यवस्था मे सहयोग की अपील की है। केन्द्र सरकार द्वारा अमृत भारत योजना के तहत यात्रियों के हित मे भाटापारा रेल्वे स्टेशन के अलावा तिल्दा नेवरा, हथबंद व निपनिया मे करोड़ो रूपये के विकास कार्य शुरू कर दिये गये है जिसके चलते उपरोक्त सभी स्टेशनो मे विकास के काम तीव्र गति से चल रहे है इसी तारतम्य मे भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे भी चल रहे विकास कार्यो को और अधिक गति देने के उददेश्य से 14 व 15 सितंबर को सुरक्षा की दृष्टिकोण से सड़क यातायात को दो दिनो के लिये अवरूद्ध कर आम नागरिको से सहयोग की अपील की गई है।

विभिन्न वाहनों में डीजे व साउंड बाक्स बांधकर बजाने वाले की अब खैर नहीं

भाटापारा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी नये आदेश के तहत अब भाटापारा शहर के अंदर व ग्रामीण क्षेत्र मे विभिन्न वाहनो मे साउंड़ बाक्स लगाकर डीजे बजाने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षको को दिये गये है। उपरोक्त संबंध मे बताया गया है कि ध्वनि प्रदूषण को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर व एसपी को पूर्ण अधिकार देते हुये किसी भी वाहन पर साउंड व डीजे बाक्स न बजे इस बाबत सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर तथा एसपी किसी भी वाहन मे उक्त नियमो का उल्लंघन करते हुये पाये जाने पर वाहन व साउंड बाक्स एवं डीजे को जब्त करने की कार्यवाही त्वरित रूप से कर सकेंगे। वाहन मे साउंड बाक्स व डीजे मिलने पर जब्त गाड़ी का रिकार्ड मेंटेन किया जायेगा। जब्त डीजे व साउंड बाक्स वाली गाडी को कलेक्टर के आदेश के बाद हीं छोड़ा जा सकेगा वहीं डीजे लगे वाहन व साउंड वाले वाहन के बार बार पकडे जाने पर उपरोक्त वाहन के परमिट को निरस्त किये जाने के आदेश भी जारी किये गये है निरस्त परमिट वाले वाहनो को हाई कोर्ट के आदेश के बाद ही नया परमिट जारी करने के संबंध मे विचार किया जायेगा। हाई कोर्ट के आदेश के बिना उपरोक्त किस्म के वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जा सकेगा नियम का पालन न करने वाले तथा नियमो का उल्लंघन करने वालो पर अवमानना की कार्यवाही की जायेगी।

निधन

मालूराम शर्मा

तिल्दा नेवरा। भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा नेवरा के प्रेरणास्त्रोत संरक्षक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, वरिष्ठ जनसंघी, सरस्वती शिशु मंदिर तिल्दा नेवरा के प्रथम व्यवस्थापक, मीसाबंदी वरिष्ठ पत्रकार पंडित मालूराम जी शर्मा उम्र 86 हम सब के बीच नहीं रहे, अभी कुछ समय पहले प्रभु श्रीचरणों में उनका देवलोक गमन हो गया। पत्रकार नरेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा ओमा, सुरेंद्र शर्मा, श्याम शर्मा, पवन शर्मा, स्वर्गीय विष्णु शर्मा के पिता तथा निशांत, शुभम, प्रिंस, सुजल, रुद्राक्ष के दादा थे।

45 लाख का चैन माउंटेन मशीन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

स्थानीय आरोपी के साथ मिलकर (उप्र) के आरोपी ने दिया चोरी को अंजाम

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। अवैध रूप से हो रहे रेत खनन व परिवहन की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा किए जाने के पश्चात राजस्व और खनिज विभाग द्वारा उत्खनन स्थल से चैन माउंटेन मशीन को जप्त कर शील बंद किया गया,लेकिन रेत माफिआओं के द्वारा चैन माउंटेन की सिल को तोड़कर चुरा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार 11 सितम्बर प्रार्थी फागूलाल नागेश सहायक खनिज अधिकारी जिला गरियाबंद थाना में लिखित आवेदन पेश कर बताया कि 10 सितंबर को कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम कुटेना के ग्रामीणों द्वारा पैरी नदी घाट में रात्रि को हो रहे अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत किया गया था जो कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम व नायाब तहसीलदार कार्यालय छुरा व राजस्व, खनिज विभाग की टीम के साथ कुटेना पैरी नदी क्षेत्र में पहुंचे जहां पर नर्सरी स्थित घने पेडों के मध्य एक चैन माउण्टेन मशीन खड़ा होना पाया गया जिसे उपस्थित ग्रामीणों द्वारा उक्त मशीन से रेत का अवैध उत्खनन करने की पुष्टि करने पर चैन माउण्टेन KOMATSU माडल PC 130-C, SN. N521992/04/2020 product identification number * KMTPC122KKY521992* द्वारा विगत 3-4 दिवस से अवैध रेत उत्खनन किये जाने बताने से उक्त मशीन को अन्य ऑपरेटर

बुलवाकर चैन माउण्टेन को चालू करने का प्रयास किया गया चालू नही होने एवं अत्यधिक रात्रि होने के कारण मशीन को मौके पर शीलबंद कर ग्राम कोटवार बृजलाल कोसरे को सुपुर्दगी में दी गई।दुसरे दिन 11 सितंबर को सुबह अपनी टीम के साथ ग्राम कुटेना आये और देखे तो मशीन नही था तब गांव वालों एवं आसपास के लोगों से मशीन के संबंध में पुछताछ करने पर कामता प्रसाद निषाद के द्वारा चैन माउण्टेन मशीन का ताला तोडकर सुरेन्द्र साहू ग्राम कुटेना एवं ललित कुमार सिंह उर्फसंजय बिहारी निवासी बिहार के द्वारा ले जाना बताये कि उक्त चैन माउण्टेन मशीन को बिना अनुमति के चोरी कर ले जाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही हेतु लिखित आवेदन पेश करने पर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गरियाबंद अमित तुकाराम काम्बले के निर्देश एवं अति0 पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर व एस.डी.ओ.पी. गरियाबंद निशा सिन्हा के द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना पाण्डुका पुलिस एवं सायबर टीम को प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु हिदायत दिया गया। परिणाम फलस्वरूप विवेचना के दौरान चोरी गई चैन माउण्टेन एवं आरोपीगणों की पतासाजी सक्रिय कर दिया गया।आरोपी के प्राप्त मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी ललित कुमार सिंग उर्फसंजय बिहारी पिता स्व0 राजेन्द्र सिंग उम्र 48 वर्ष निवासी मठ योगेन्द्र गिरी थाना बैरिया जिला बलिया (उ0प्र0) हाल पता डाक बंगला वार्ड पोस्ट ऑफिस के पास धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी (छग) को महादेव घाट फिगेश्वर मौके पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रकरण के अन्य नामजद आरोपी सुरेन्द्र साहू को उसके सकुनत ग्राम कुटेना जाकर पतासाजी किया जा रहा है जो सकुनत से फरार होना पाया गया। प्रकरण के फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में पेश की जाती।इस कार्यवाही में थाना पांडुका पुलिस टीम एवं साइबर सेल गरियाबंद की अहम भूमिका रही है।

ब्राउन शुगर के साथ एक युवक धरा गया

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। प्रगति की अंधी दौड़ मे क्षेत्र के युवा नशे की ओर तेजी से आगे बढ रहे है भाटापारा पुलिस प्रशासन ने विभिन्न सूत्रो से मिली पुख्ता जानकारी के बाद शहर मे दूसरे प्रांत से लाकर ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ एवं नाईट्रोटेन टेबलेट के साथ एक युवक को धर दबोचा है।

उपरोक्त संबंध मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार व एसडीओपी एश्वर्य चंन्द्राकर के मार्गदर्शन मे स्थानीय पुलिस की टीम ने शुक्रवार अल सुबह से काफी मशक्कत के बाद हावड़ा से लाकर भाटापारा क्षेत्र मे ब्राउन शुगर एवं नाईट्रोटेन टेबलेट को खपाने वाले युवक को स्टेशन से गोपाल गौशाला रेल्वे माल धक्का की ओर जाने वाले रास्ते मे स्थित सुलभ शौचालय के पास रंगे हाथ धर दबोचा है पकडे गये युवक भूपेन्द्र वर्मा जो कि ग्राम अर्जुनी निवासी है वह 49 छोटे छोटे पैकेट मे अवैध मादक पदार्थ भूरा रंग मटमैला रंग एवं सफे द रंग के ब्राउन शुगर जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27750

रूपये है उसे व 31 नग नाईट्रोटेन टेबलेट को लेकर सायकल स्टैड से अपनी मोटरसायकल निकालते हुये सिद्ध बाबा रोड की ओर जाने के लिये जैसे हीं निकला उक्त मार्ग पर पहले से तैनात पुलिस कर्मचारियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुये उसे धर दबोचा युवक क्षेत्र मे उक्त ब्राउन शुगर व टेबलेट को बेचने के फिराक मे जा रहा था कि पुलिस के हत्थे चढ गया। पुलिस की उक्त कार्यवाही मे नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी, ठाकुर सुरेन्द्र सिंग, विजय ठाकुर, उमेश वर्मा, स्नेही, अनवर कुर्रे व दुर्गेश साहू सहित पुलिस के अन्य लोग शामिल थे।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता जन चौपाल का हुआ आयोजन

वजन त्योहार के संबंध में किया गया जागरूक

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का संचालन किया जा रहा है।

इसी के तहत कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में गरियाबंद एवं मैनपुर ब्लॉक में विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। संपूर्णता अभियान के तहत जिले में 40 ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का सफल आयोजन किया जा चुका है।विगत दिवस ग्राम पंचायत मैनपुर 2 एवं कोनकेरा में जनपद पंचायत सीईओ अमजद जाफरी के नेतृत्व में संपूर्णता अभियान के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से संबंधित संकेतक के बारे में श्रीमति प्रकृति गौतम फैलो के द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्य कार्यपालन

अधिकारी द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं आवास, स्वच्छता पखवाड़ा, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड के नवीनीकरण, ओबीसी सर्वे एवं शिक्षा के बारे जानकारी दी गई।जनचौपाल में शासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान वजन त्योहार के बारे मे भी जानकारी दी गई।साथ ही छोटे बच्चों का वजन कर आवश्यक पोषण स्तर एवं पूरक पोषण आहार के बारे में पालकों एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। लोगों को वजन त्यौहार अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील भी की गई।संपूर्णता अभियान जन चौपाल में राज्य वित्तीय समावेशन समन्वयक माइक्रोसेव कुमार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जन-धन खाता एवं अटल पेंशन के बारे मे जानकारी दी।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से मधुमेह, बीपी, टीबी, मलेरिया, सिकलिन की निशुल्क जांच कर दवाई वितरित की गई। समन्वयक ने आँगनबाड़ी केंद्र डाकबंगला में वजन त्यौहार, कोकड़ी मिट्टी परीक्षण जांच केंद्र का भ्रमण किया एवं ब्लॉक अधिकारियों से संकेतक के पूर्णता पे चर्चा भी की। जनचौपाल में एनआरएलएम से बीपीएम श्री राकेश साहू, आरएईओ, आरएचओ, सरपंच, सचिव, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, बिहान कैडर,समूह सदस्य एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता के ऑनलाइन कार्यक्रम में हुए शामिल विधायक

लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। जिले में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा।स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में आज स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता का ऑनलाईन कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित हुआ।इसमें देशभर के जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण शामिल हुए।

कलेक्ट्रेट कार्यालयय के एनआईसी कक्ष से राजिम विधायक रोहित साहू इस ऑनलाईन कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू,फितुराम कंवर, मधुबाला रात्रे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के संबंध में विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।साथ ही लोगों को इस अभियान में जोड़ने की अपील की गई। कार्यक्रम पश्चात विधायक श्री साहू ने जिलेवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने अपने आसपास वातावरण को साफ रखने।स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं सही तरीके से कचरे का प्रबंधन

करने की अपील की। विधायक श्री साहू ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जाने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील जिलेवासियों से की। साथ ही अपने आसपास गांव, घर को स्वच्छ रखने अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत किये जाने वाले गतिविधियों हेतु विभागवार कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। पखवाड़ा के दौरान लोगों को प्रकृति की स्वच्छता, आचरण की स्वच्छता के अनुसार स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस बार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मुख्य तीन बिन्दु पर आयोजित किया जायेगा। प्रथम थीम,स्वच्छता की भागीदारी जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में व्यापक रूप से स्वच्छता श्रमदान,स्वच्छता रैली, स्वच्छता चौपाल एवं मैराथन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक वर्ग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुये स्वच्छता भी संस्कार भी एवं स्वच्छता ही स्वभाव की परिकल्पना को साकार एवं मूर्त रूप प्रदान करेगें। दूसरी थीम,संपूर्ण स्वच्छता अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के चौक-चौराहे, सार्वजनिक जगहों,धार्मिक स्थल,पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार तीसरी थीम के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के रूप में संपूर्ण जिले में आयोजित किया जायेगा।

राधकृष्ण विद्यामंदिर में निजात के तहत जागरूकता अभियान

समवेत शिखर संवाददाता

आरंग। राधाकृष्ण विद्या मंदिर आरंग के बालक बालिकाओं को आज पुलिस अधिकारियों द्वारा निजात नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह एवं स्टॉफ के निर्देशन में संचालित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना था।

थाना से आए सभी पुलिस स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम के साथ ही साथ सभी बच्चों को साइबर क्राइम, मोबाइल के दुष्प्रभाव, माता-पिता का आज्ञा का पालन करना, गुरुओं की आज्ञा का पालन करना सहित कई अन्य महत्त्वपूर्ण जानकारीयां दी।

आरंग थाना के अधिकारियों द्वारा बच्चों से नारा लगवा कर इसके प्रति सजग रहने का संदेश

दिया गया। नशे को ना ,जिंदगी को हाँ - सातवीं, आठवीं, नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं बिजली बचाओ अभियान में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया तथा 11वीं कक्षा के बच्चों द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना सभी के समक्ष रखी गई जिसका विद्यालय में आए सभी पुलिस प्रशासन के लोगो ने खूब सराहा। थाना प्रभारी राजेश सिंग ने आरंग नगर में राधाकृष्ण मंदिर परिसर में चल रहे इस विद्यालय का इतिहास जानकर जमकर तारीफ की और बच्चों को विद्यालय भी एक मंदिर की तरह होता है इसको सरल शब्दों में समझाया, उन्होंने स्वस्फूर्त समस्त विद्यालय परिवार को यह आश्वाशन दिया कि निकट भविष्य में जल्द अगली कार्यशाला आयोजित की जाएगी विद्यालय परिवार के द्वारा थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस स्टाफ को विद्यालय की स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति निशा श्रीवास्तव ने समस्त पुलिस स्टाफ का आभार प्रकट करते हुए किया।

नगर की बेटी उपासना ने राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

समवेत शिखर संवाददाता

नवापारा राजिम। 8 सितंबर से 11 सितंबर 2024 को बस्तर संभाग की मेजबानी में शालेय राज्य स्तरीय कराते चयन प्रतियोगिता (स्वस्त्रढ़) का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर संभाग के कोच सेंसई राजेश गिलहरे व मैनेजर सुश्री वीना सिन्हा के मार्गदर्शन में शिवांश इंटरनेशनल स्कूल गोबरा नवापारा में अध्ययनरत उपासना साहू ने स्वर्ण पदक एवं पलनी विश्वकर्मा ने कांस्य पदक तथा शासकीय कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय नवापारा में अध्ययनरत नेहा सतनामी ने कांस्य पदक प्राप्त किया

प्रथम स्थान प्राप्त कर कु उपासना साहू ने अपना स्थान शालेय राष्ट्रीय

स्तरीय कराते चयन प्रतियोगिता हेतु सुरक्षित किया हैं, जिस पर उक्त छात्राओं के अध्ययनरत शाला शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य एवम कन्या शाला की शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा देवांगन, प्राचार्या श्रीमती सरिता नाश्रे जी,व्यायाम शिक्षिका ईशा बंजारे , कक्षा शिक्षिका प्रियंका साहू, तोप सिंह ध्रुव तथा नगर के स्त्रश्वस्त नवापारा शाला विकास समिति अध्यक्ष सौरभ जैन, प्राचार्या श्रीमती संध्या शर्मा, व्यायाम शिक्षक शिव नंदन देवांगन व मंजु देवांगन शिक्षिका पूर्व माध्य. कन्या शाला, पालकगण सुनील साहू, संतोष वर्मा, हितेश साहू, दिनेश साहू, मनोज विश्वकर्मा एवम हेमलाल यदु ने छात्राओं एवम उनके कराते प्रशिक्षक सेंसाई राजेश गिलहरे सचिव,अभनपुर विकासखंड कराते संघ को बधाई देते हुए राष्ट्रिय प्रतियोगिता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

नगर के ये छात्राएं हरिहर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में संचालित नवापारा कराते एकेडमी की नियमित छात्राएं है जिसके संचालक सेंसाई राजेश गिलहरे है।

उक्त कराते एकेडमी ने पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को निखारा है जिसमें आर्या मोक्षिदा सेन, श्रद्धा साहू, पलक पाटकर, भुमिका साहू, प्राची साहू, हिमानी साहू, कामाख्या राव, कशिश यादव, कनिष्का, भावेश वर्मा, कुलदीप गिलहरे, सोमव्रत सिन्हा तथा अन्य खिलाड़ियों ने पूर्व वर्षो में अपनी बेहतर खेल कौशल तथा प्रदर्शन से जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर जैसे विभिन्न स्तरों के कराते प्रतियोगिताओं में नवापारा नगर का नाम रौशन किया है।

शासन को समझने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक कदम पर शासन की अनुमोदना करनी चाहिए

समवेत शिखर न्यूज

अहमदाबाद। जीवन में कई प्रकार की परिस्थितियां आती हैं। परिस्थिति कभी उदास, कभी हताशा, कभी निराशा, कभी आनंद, कभी हर्ष, कभी प्रसन्नता, कभी चिंतित! ऐसी अनेक प्रकार की मन स्थितियों में प्रत्येक व्यक्ति को प्रसन्नता, खुशी और आनंद ही सबसे ज्यादा अच्छी लगती है।

अनेक प्राचीन तीर्थोद्धारक, मौलिक चिंतक, सुप्रसिद्ध जैनाचार्य, गीतार्थ गच्छाधिपति प.पू.आ. देव राजयश सूरीश्वरजी म.सा. ने विशाल संख्या में उपस्थित धर्मानुरागी श्रोताओं को संबोधित करते हुए फरमाया कि आनंद तो सबको होता है लेकिन कारण अलग-अलग होते हैं। किसी को हीरे का हार पहनने का आनंद है तो किसी को महंगी डिजाइनर साड़ियां पहनने का आनंद है, किसी को सुवर्ण अलंकारों से अलंकृत होने का आनंद है तो किसी को नया लेटक्ट मोबाइल फोन यूएई करने में आनंद है, किसी को ऋद्धि, सिद्धि, संपत्ति, स्वर, रूप, लावण्य, ऐश्वर्य आदि का आनंद होता है तो पूज्यश्री पूछते है महामंगलकारी परमात्मा के महामंगल, लोकोत्तर शासन प्राप्ति का आनंद है? गुरुदेव श्री कहते हैं कि जब लौकिक चीजों की प्राप्ति का इतना आनंद हो सकता है तो शासन प्राप्ति का अनहद आनंद क्यों ना होय अर्थात् यह आनंद उसी को महसूस होगा जो शासन को समझे हुए हैं। शासन को समझने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक कदम पर शासन की अनुमोदना करनी चाहिए। कोई भी कार्य करने में या करवाने में पुरूषार्थ की आवश्यकता होती है। (शारीरिक+मानसिक बल) किन्तु अनुमोदना के लिए ऐसा कोई पुरूषार्थ नहीं करना है। केवल व्यापक दृष्टि द्वारा अपने आसपास रहते लोगों में, होते कार्यों की गुण ग्राह्य दृष्टि से अनुमोदना करना है। पूज्यश्री की अद्भूत चिंतन शक्ति द्वारा प्रमोद भावना पर प्रतिदिन विविध प्रकार के चिंतन रूपी पववान श्रोताओं को पुरस रहे है, पेश कर रहे है। पूज्य गुरूदेव फरमाते है कि कोई भी इंद्रिय के विषय के बिना अंदर से आनंद की अनुभूति होना, आनंद में रहना यानि प्रमोद भावना। प्रमोद भावना के अंतर्गत पूज्यश्री ने

पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

तीर्थंकर परमात्मा का परार्थ व्यसनिता के गुण की बात की। प्रभु तो अनंद गुणों के सागर है, गुणरत्नों की खान है उनके गुणों के कुछ अंश भी यदि हमारे आत्मा में आ जाए तो जीवन सफल बन जाए। प्रभु तो प्रति पल प्रतिक्षण परोपकार करने तत्पर रहते है। ऐसे निर्विकारी, निरंजन वीतराग परमात्मा का आलंबन लेकर हमें भी परोपकार करने के छोटे-बड़े अवसर हमें मिलते ही है बस उन्हें चूके नहीं। अंदर से ऐसा भाव होना चाहिए कि मेरा जीवन किसी के हित के लिए है, अच्छे के लिए बने, किसी का भला करने के लिए है, किसी को सहाय करने के लिए है। ऐसे भावों में जब रमण करते है तब परोपकार की भावना दृढ़ बनती है। विचारों में जब दृढ़ता आती है तब ही वह आचार में परिणमित होती है।

वर्तमान की दयनीय परिस्थिति देखकर बड़ा दुःख होता है क्योंकि कोई अपने स्वार्थ की पुष्टि के लिए, अपना कार्य साधने के लिए किसी भी मर्यादा को लांघने तैयार हो जाते है। कुक्षी में आए जीव तक की हत्या करने तैयार हो जाए है ना! धिक्कार हो उन माता-पिता को जो गर्भ में आए जीव को अच्छा जीवन, सुखमय जीवन, आनंदमय जीवन, संस्कारमय जीवन देने के बजाय उसे खत्म कर डालते है। परोपकार करने तैयार होने वालों को सर्वप्रथम अनपे घर-सोसायटी-समाज और फिर देश तक जाना चाहिए। अर्थात् प्रारंभ अपने घर-परिवार-मित्रों से करें। वर्तमान में एबोर्शन के लिए जागृति लाना अत्यंत आवश्यक बन चुका है। यह पाप है, किसी जीते जागते इंसान को बंदूक या जहर से मारने की सजा यदि फांसी दी जाती है तो शस्त्रों से, क्रूरता से निर्दोष-अबोल गर्भ में रहे हुए जीव को मारने की सजा क्या? पूज्य गुरूदेव एन्टी एबोर्शन मूवमेन्ट के लिए अत्यंत संवेदनशील तथा सक्रिय है। इस मुद्दे को लेकर पूज्यश्री समाज में जागृति लाने के लिए आईएओ (इंटरनेशनल अहिंसा आर्गेनाइजेश) के स्थापकों को प्रेरणा तथा मार्गदर्शन प्रदान करते रहते है। पाप से भी जो ध्यान-चिंतन करते है वो उत्थान की ओर बढ़ सकते है। यह प्रभाव परमात्मा के परम प्रभावक शासन का ही है। देव-गुरू को जो समर्पित है उन सबकी अनुमोदना करो। अनुमोदना करने का लक्ष्य बनाओगे तो आप स्वयं भी आनंद में रहोंगे और आपसे जुड़ी प्रत्येक व्यक्ति भी आनंद में रहेगी। परम और चरम आनंद यानि मोक्ष सुख के आनंद की अनुभूति होगी।

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद की साधारण सभा की बैठक 3 अक्टूबर को

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद की जिला प्रबंध समिति का गठन किये जाने के संबंध में 3 अक्टूबर 2024 को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई है।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद डॉ.गार्गी यदु पाल के नेतृत्व में 3 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला रेडक्रॉस साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई है।इस संबंध में रेड क्रॉस के जिला संगठक रोमन लाल साहू ने बताया कि रेडक्रॉस नियमावली अनुसार राज्य स्तर पर राज्य प्रबंध समिति तथा जिला स्तर पर जिला प्रबंध समिति का गठन किया जाता है।साधारण सभा की बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा ही जिला प्रबंध समिति का गठन किया जाता है। समिति द्वारा मानव सेवा पर आधारित संस्था रेडक्रॉस की गति को मजबूती देने का कार्य संपादित किया जाता है। रेडक्रॉस जिला शाखा गरियाबंद की सदस्यता प्राप्त प्रत्येक आजीवन सदस्य,उप संरक्षक सदस्य,संरक्षक सदस्य साधारण सभा की बैठक में उपस्थित होंगे। साथ ही रेडक्रॉस के विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदाय की जायेगी।उन्होंने बैठक में अधिक से अधिक रेडक्रॉस सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

न्यूज ब्रीफ

रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 5 वाहन जब्त

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगाकर कार्यवाही की जा रही है।इसी कड़ी में विगत देर रात राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गरियाबंद अंतर्गत बारूका में रेत के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 5 वाहन जप्त किया गया। जप्त वाहन को पांडुका थाना में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।इस कार्यवाही में तहसीलदार,नायब तहसीलदार एवं सहायक खनिज अधिकारी मौजूद रहे। सहायक खनिज अधिकारी फगुलाल नागेश ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने पर लगाकर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है।

तराजू पर बेटे को बैठाया, नोटों से तौला

उज्जैन। चतुर्भुज जाट ने चार साल पहले बेटे के लिए तेजाजी महाराज के मंदिर में मन्नत मांगी थी। उज्जैन में मन्नत पूरी होने पर एक शख्स ने अपने बेटे को नोटों की गड्डियों से तौल दिया। तराजू के एक पलड़े में थैलियों में 10-10 रुपए की एक हजार से ज्यादा गड्डियां रखीं, दूसरे में बेटे को बैठाया। बेटे का वजन 83 किलो है। तौल के बाद कुल 10 लाख 7 हजार रुपए मंदिर के लिए दान कर दिए। मामला जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर बड़नगर में गुरुवार का है। इसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया। वीरेंद्र जाट ने कहा, 'दो साल से भी पहले से रुपए इकट्ठा करना शुरू कर दिया था। इन्हें बैंक में जमा करते जा रहे थे। मन्नत पूरी होते ही अलग-अलग बैंकों से एक्सचेंज में जितने भी 10-10 के नोट मिले, ले लिए। रिश्तेदारों और परिचितों से भी मदद ली। इस तरह करीब 1007 गड्डियां इकट्ठी कीं। इसके अलावा भी गड्डियां बनाकर रखी थीं। सोचा था कि अगर वजन बढ़ जाएगा तो और नोट चढ़ा देंगे।

उप मुख्यमंत्री साव ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय का किया भ्रमण

न्यूजर्सी में भारतीय मूल के लोगों से मिले, कहा-प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत जल्द बनेगा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

- अमेरिका में विकसित छत्तीसगढ़ के बारे में रखे अपने विचार, प्रदेश की संस्कृति, पर्यटन और संसाधनों की भी दी जानकारी
- द बस्तर मड़ई में बिखरेगी बस्तर की बहुरंगी कला-संस्कृति की छटा

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय का किया भ्रमणछत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अमेरिका के अपने अध्ययन प्रवास के दौरान गुरुवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने वहां संयुक्त राष्ट्र संघ के सामान्य सभा कक्ष, सुरक्षा समिति कक्ष इत्यादि जगहों का भ्रमण कर संघ की कार्यप्रणाली को समझा।

अध्ययन दौरे पर साथ गए लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह भी इस दौरान उनके साथ थे। श्री साव संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय में मुख्य वित्त अधिकारी श्री आनंद पाण्डेय के आमंत्रण पर वहां गए थे। श्री पाण्डेय मूलतः बिलासपुर जिले के बेलसरी (तखतपुर) के निवासी हैं। श्री साव ने संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय के भ्रमण के बाद कहा कि दुनिया के इतने महत्वपूर्ण कार्यालय में बिलासपुर के बेलसरी का बेटा मुख्य वित्त अधिकारी के गरिमामय पद पर कार्यरत हैं। यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उप मुख्यमंत्री श्री साव न्यूजर्सी के रॉयल एल्बर्ट्स पैलेस में भारतीय मूल के लोगों द्वारा अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और देश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यटन, पौराणिक मान्यताओं, संसाधनों और यहां के सीधे-सरल लोगों के बारे में बताया। उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ के बारे में अपने विचार भी रखे। श्री साव ने अमेरिका में बसे भारतीयों को छत्तीसगढ़ आने और यहां की अनुपम छटा व प्राकृतिक सुंदरता को देखने आमंत्रित किया। श्री साव ने वहां रह रहे छत्तीसगढ़ के लोगों के बारे में भी पूछा। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को लोरमी में अपने द्वारा बनवाई गई भगवान श्रीराम की बेर से बनी कलाकृति का छायाचित्र भेंट किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने न्यूजर्सी में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लोग दुनिया के जिस देश में भी गए हैं, वहां उस देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। वे समरस होकर भारत का मान और सम्मान बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

चक्रधर समारोह छग की सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा उत्सव : केन्द्रीय मंत्री साहू

समवेत शिखर संवाददाता

रायगढ़। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक चक्रधर समरोह इस वर्ष 7 से 16 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह महोत्सव राजा चक्रधर सिंह की कलात्मक दृष्टि का इंद्रधनुषी स्वरूप है, जो धरती और आकाश के मंच पर निरंतर जीवंत रहता है। इस समारोह में खुशी के घुंघरू और उल्लास की धुनों के साथ संस्कृति और कला का अद्वितीय संगम देखा जा सकता है। यह आयोजन कबीर साहिब के अनहद नाद की तरह जीवन की ध्वनि को जीवंत करता है।

चक्रधर समरोह की महिमा का वर्णन करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि चक्रधर समरोह अब छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुका है। यह न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करता है, बल्कि इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी है। इस महोत्सव ने कला और संस्कृति को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही श्री साहू ने कहा कि चक्रधर समारोह में खेल और खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है कुश्ती खिलाड़ियों की सराहना किये। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिनमें राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप जूदेव, लोकसभा रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, महेश साहू पूर्व डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र बलवीत शर्मा, इंटरनेशनल रेफरी दिल्ली अजीत मान, इंटरनेशनल रेफरी हरियाणा यशवीर सिंह ढाका, कुश्ती संघ से दिनेश जायसवाल एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

कुरूद में मनमोहक रूप में विराजे गौरी के लाल गजानन स्वामी

समवेत शिखर संवाददाता

कुरूद। कुरूद नगर में इस बार एक से बढ़कर एक पंडालो के निर्माण के साथ गौरी के लाला श्री गणेश जी की स्थापना की गई है।नगर में दो दर्जन से भी अधिक स्थानों में बप्पा विभिन्न रूपों में पधारे है।इस बार विशेष स्थल सजावट लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है वहीं नगर में विभिन्न समितियों द्वारा भव्य डेकोरेशन , लाइट सज्जा और मन को भाने वाला मंच लोगो को लुभा रहा है।

मिली जानकारी अनुसार इस बार आयोध्या थीम पर रामलला के रूप में कुछ स्थानों पर श्री गणेश जी विराजित किए गए है।वहीं रामराज की झांकी के रूप और राधा कृष्ण के रूप में बप्पा की मनभावन छवि मन को भा रही है।इसी तरह कृष्ण लीला के रूप में श्री गणेश जी का स्वरूप, भोले बाबा की आराधना करते लंबोदर महाराज ,शबरी के झूठे बेर खाते हुए,गौरी गौरा की पूजा करते हुए,अखंड भारत का संदेश देते हुए, बस्तर अंचल की मनभावन संस्कृति को झलकाते हुए, रिद्धि सिद्धि के साथ विराजे हुए ,नंदी में सवार भोले बाबा के रूप में,बाल गणेश जी के रूप में,श्री राम चंद्र जी के रूप में,वृक्षारोपण और वन संरक्षण का संदेश देते हुए ,मुसक पर सवार होकर जाते हुए सहित विभिन्न मनमोहक रूप में विघ्नहर्ता की मूर्तियां मन को मोह रही है। इसी तरह समितियों द्वारा विशेष सज्जा ,स्थल सजावट सहित आकर्षक डेकोरेशन से वातावरण श्री गणेश मय हो गया है।

इस बार भी नया बस स्टैंड, संजय नगर ,कारगिल चौक,कचहरी चौक,सरोजनी चौक, डबरा पारा,आजाद चौक ब्राह्मण पारा, हुतात्मा चौक,बैगा पारा,गांधी चौक,बजरंग चौक,थाना चौक,पुराना बाजार,शंकर नगर,सिरसा चौक,नया बाजार,सूर्य नमस्कार चौक,इंदिरा नगर,पुराना बस स्टैंड,धोबनी पारा,धोबनी तालाब,राधा कृष्ण मंदिर ,कॉलेज रोड सहित दो दर्जन से भी अधिक स्थानों पर गणेश उत्सव समितियों द्वारा पूरी भव्यता के साथ गणराज जी की मूर्तियां स्थापित की गई है।

कुरूद में परंपरानुसार श्री गणेश उत्सव को इस बार भव्य रूप प्रदान करने के लिए समस्त गणेश उत्सव समितियों द्वारा अंतिम दिन विसर्जन झांकी को भव्य रूप देने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है।

श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति ने मनाया छत्तीसगढ़ की धरोहर हरितालिका तीज महोत्सव

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। श्रीराधे महिला मानस समिति की महिलाओं द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया।क्योंकि हरितालिका तीज उत्सव का पारंपरिक आयोजन हमारी समृद्ध संस्कृति का अभिन्न अंग है इस आयोजन के संबंध में मंजरी गुप्ता ने बताया कि तीज महोत्सव का उद्देश्य अपनी संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और अपनी पुराने रीति रिवाजों को बरकरार रखने के लिए मनाया गया। ऐसे आयोजन समाज एवं समुदाय में भाषा,संस्कृति व परंपराओं का प्रचार प्रसार के साथ ही संरक्षित करने का अवसर प्राप्त होता है।

वैसे तो हरितालिका तीज सभी क्षेत्रों में अपने अपने तरीके से मनाया जाता है।लेकिन हमारे छत्तीसगढ़ में इस पर्व का विशेष महत्व है। आज के आधुनिकीकरण की दुनिया में विलुप्त होती संस्कृति को बचाने के उद्देश्य को लेकर हमारी समिति द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' से किया गया। भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना कर पति की लंबी आयु की कामना किया गया।कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने विशेष श्रृंगार कर छत्तीसगढ़ी एवं फिल्मी गानों पर नृत्य और अनेक गेम भी खेले। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजरी गुप्ता, शशिप्रभा सिन्हा, अभिलाषा उपाध्याय, कुसुमलता सिन्हा,अनुराधा निर्मलकर, लोकेश्वरी पाल, श्यामबती साहू,विमला साहू,सुमन बी पी देवांगन, सुमन नारायण देवांगन, अनुसुइया सिन्हा, नंदिनी ध्रुव, हेमलता सिन्हा, चित्ररेखा वर्मा, मंजू दुबे,रेखा सिन्हा आदि सभी का विशेष सहयोग रहा।

पनिका मानिकपुरी समाज का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से की भेंट

समवेत शिखर संवाददाता

आरंग। प्रांतीय मानिकपुरी पनिका समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ललित कुमार मानिकपुरी के नेतृत्व मे समाज का प्रतिनिधि मंडल राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी स्थित उनके निवास सौजन्य भेंट की।इस अवसर पर समाज के युवा भाजपा नेता पुष्पेंद्र दास महंत ने मुख्यमंत्री को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर हार्दिक अभिनन्दन किया। तत्पश्चात समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के सभी महत्वपूर्ण मांगों पर मुख्यमंत्री से प्रदीर्घ चर्चा कर तत्संबंधी मांग पत्र सौंपा। जिसमें प्रमुख मांग हैः- राज्य के पनिका जाति को दिनांक 8 दिसंबर 1971 के पूर्व की भांति अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में बहाल करने विधानसभा में शाससकीय संकल्प प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को प्रेषित किया जावे। प्रदेश की कुल आबादी में तीसरे स्थान पर रहने वाला मानिकपुरी पनिका समाज के किन्हीं 2 होनहार सुयोग्य व्यक्तित्वों को शासनाधीन किसीनिगम,मंडल अथवा आयोग में उचित स्थान दिये जाने तथा अटल नगर नया रायपुर में सामाजिक हितार्थ कार्यों के वास्ते मानिकपुरी पनिका समाज के नाम किसी उपयुक्त स्थान व क्षेत्र में 10 डिसमिल शासकीय भूमि आवंटित कि जाने की मांग के रायपुर स्थित कचना में अवस्थित कबीर आश्रम के लिए निर्धारित आरक्षित भूमि के विवादित प्रकरण को समाप्त करने के उचित निर्देश जिला प्रशासन को देते हुए उक्त भूमि को महानगर संगठन रायपुर के पक्ष में निराकृत किए जाने की मांग की मुख्यमंत्री ने मानिकपुरी पनिका समाज के सभी मांग पत्रों को सविस्तार से पढ़ते हुए उस पर सकारात्मक पहल के ठोस आश्वासन दिये हैं। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ, ललित कुमार मानिकपुरी ने संगठन की ओर से मुख्यमंत्री जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर अपना आभार व्यक्त किया।

ज्ञातव्य हो कि,उक्त भेंट वार्ता में प्रमुख रूप से शामिल हुए पदाधिकारियो में नव नियुक्त उपाध्यक्ष रविन्द्र महंत (पुलालीकला पाली,) महासचिव पितांबर दास महंत,एवं भाजयुमो के जिला मिडिया प्रभारी (रायगढ़) संत दास महंत वरिष्ठ समाजसेवी तेलीकोट,खरसिया,के श्रीमती हिरमनिया मानिकपुरी,महिला नेत्री भाजपा प्रेमनगर वि,स,क्षेत्र व प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छ,ग लक्ष्मी दास महंत जिला अध्यक्ष बिलासपुर,धनिया सीपत, प्रेम दास मानिकपुरी अध्यक्ष महानगर रायपुर, मोहन दास मानिकपुरी संगठन प्रभारी,महानगर रायपुर, संजय दास मानिकपुरी प्रदेश कोषाध्यक्ष न्यू,पंचशील नगर रायपुर के साथ विधानसभा क्षेत्र खरसिया के पूर्व लोकप्रिय भाजपा युवा प्रत्याशी रहे महेश साहू ने भेंट वार्ता में सामाजिक हितार्थ मांगों पर पूर्ण समर्थन के साथ उल्लेखनीय एवं अविस्मरणीय योगदान रहा है।

शिवरतन के प्रयास से सिमगा अब नगरपालिका राज्य शासन की ओर अधिसूचना जारी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने स्वीकृति प्रदान की

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत सिमगा को नगरपालिका का दर्जा दिलाने के प्रयास को तवज्जो देते हुये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने स्वीकृति प्रदान कर सिमगा नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने के लिये अधिसूचना जारी कर दी है।

राज पत्र में अधिसूचना जारी होने के बाद सिमगा नगर पालिका बनाये जाने को लेकर सिमगा क्षेत्र मे खुशी व जश्न का माहौल बन गया है। सिमगा को लगातार विकास की एक के बाद एक नई सौगात मिलने पर सिमगा व भाटापारा क्षेत्र के लोगो ने प्रसन्नता प्रकट करते हुये कहा है कि विकास पुरूष शिवरतन शर्मा की कार्य क्षमता से सिमगा जो कि कांग्रेस शासन काल मे उपेक्षित रहा है वहां अब विकास की बयार बहने लगी है। नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिल जाने के बाद विभिन्न शासकीय मदो मे विकास के लिये बडी राशि सिमगा को अब प्राप्त हो सकेगा व सिमगा शहर के रूप मे अब विकास की दौड़ मे और तेजी से आगे बढेगा। नगर पालिका बनाये जाने पर सिमगा व भाटापारा क्षेत्र के धीरज जैन, सचिन जैन, अभिजीत अवस्थी, नीरज शर्मा, छोटू यादव, मनमोहन शर्मा, सुर्यकांत ताम्रकार, चंन्द्रमणी तिवारी, आनंद यादव, अनिल पांडे, सुनील यदू, राकेश तिवारी, महाबल बघेल, राजा कामनानी, शेखर, अभिषेक दास, बिटटू राजपूत, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, आनंद अग्रवाल, गोवर्धन डहरिया व व्यासनारायण यदू सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव व शिवरतन शर्मा के प्रति आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

न्यूज ब्रीफ

आश्रम छात्रावास के जिला अध्यक्ष बने कृष्ण कुमार हुमने, अधीक्षक संघ ने दी बधाई

कोण्डागांव/बस्तर। बस्तर जिले में गुरुवार को आश्रम छात्रावास अधीक्षक /अधिक्षिका संगठन के द्वारा जगदलपुर धरमपुरा स्थित मुरिया सदन में बस्तर जिले के समस्त छात्रवास कन्या आश्रम बालक आश्रम प्री एवं पोस्ट मैट्रिक के सभी अधीक्षक संघ के द्वारा सर्वसम्मति से भानपुरी छात्रावास अधीक्षक कृष्ण कुमार हूमने को जिला अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। साथ ही यह प्रस्ताव जगदलपुर, लोहंडीगुड़ा, दरभा, बस्तानार, तोकापाल बकावंड सहित बस्तर के अधीक्षक संगठन के द्वारा उपाध्यक्ष बस्तर धनेश्वर कश्यप बकावंड अर्जुन कश्यप लोहंडीगुड़ा कमल कश्यप तोकापाल कोरम सर दरभा कृष्ण मेश्राम बस्तानार सरोज मरकाम जगदलपुर नितिन साहू सचिव किशोर टेकाम साह सचिव रामनाथ कश्यप कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू सामू मौर्य प्रवक्ता पल्लव झा श्रीमती रामेश्वरी साहू मीडिया प्रभारी तोमेश कौशल नवनीत साहू संरक्षक श्रीमती अहिल्या कश्यप डी, एस, नेतामका भी नव गठन किया गया बाकी अन्य सभी अधीक्षकों को सदस्यता के रूप में मनोनीत एवं सम्मान किया गया।

सट्टा खिलाने वाले आरोपी को बस्तर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जगदलपुर। पुलिस अधीक्षक, श्री शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक

तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सटोरिया के खिलाफ कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि थाना बोधघाट में नया मुंडा किसान बेकरी के पास अडावाल निवासी प्रशांत दास के द्वारा सट्टा पर्ची से सट्टा खेलाने की सूचना मिली थी जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक, श्री शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक श्री माहेश्वर नाग के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया था। उक्त टीम के द्वारा घटना स्थान किसान बेकरी के पास नयामुण्डा मे पहुंच कर आरोपी प्रशांत दास पिता उमाशंकर दास उम्र 40 वर्ष निवासी नयापारा आडावाल के कब्जे से नगदी रकम 5,920/- रु तथा 09 नग सट्टा पट्टी को जप्त कर आरोपी प्रशांत दास को गिरफ्तार कर छ. ग. जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

वन परिक्षेत्र भानपुरी के अतिक्रमण को अभियान चलाकर किया जा रहा वन भूमि को मुक्त

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर वन भूमि को मुक्त किया जा रहा है। निर्देशानुसार वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आर.सी.दुग्गा के मार्गदर्शन एवं वनमण्डलाधिकारी बस्तर उत्तम गुप्ता के निर्देशन में उड़नदस्ता, समस्त स्टॉफ ने वन परिक्षेत्र भानपुरी के अन्तर्गत अतिक्रमण की शिकायत के जाँच के लिए राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम एवं वृत्त स्तरीय उड़नदस्ता टीम के द्वारा कार्यवाही किया गया।

राज्य स्तरीय उड़न दस्ता टीम रायपुर के द्वारा चपका पी.एफ. 1077 नया 86 में तीन व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई उनके की गई कार्यवाही के तहत उनके पास से 8 बंडल 110 र.मी. चैनलिंक एवं 73 नग बांस के फेंसिंग खुंटा जप्त किया गया। जिसमें ग्राम सोनारपाल से विकास देवांगन द्वारा 0.226 हे. में मिर्ची की खड़ी फसल जप्त कर उनके विरूद्ध वन अपराध कायम किया गया। ग्राम छेडीपारा सोनारपाल से राजू द्वारा 0.450 हेक्टेयर में धान की खड़ी फसल जप्त कर और ग्राम-चपका से तुलसी 0.050 हे. धान की खड़ी फसल जप्त कर उनके विरूद्ध वन अपराध कायम किया गया।

इसी तरह वृत्त स्तरीय उड़न दस्ता टीम जगदलपुर के द्वारा ग्राम मुरकुची नया 64 में 20 अतिक्रामकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 9.791 हेक्टेयर रकबा में मक्का एवं उड़द के खड़ी फसल जप्त किया गया है। उनके 10 बंडल फेंसिंग तार एवं 300 नग फेंसिंग खुंटा मौके से जप्त किया गया। जिसमें ग्राम-मुरकुची से डमरू द्वारा 0.733 हे. मक्का खड़ी फसल, फूलसिंग द्वारा 2.211 हे. बारवेड वायर 45 कि.ग्रा., फेंसिंग 3 क्विं., खड़ी फसल मक्का, उड़द जप्त कर ,सुरेश द्वारा 2.753 हे. बारवेड वायर 60 कि.ग्रा., मिश्रित फेंसिंग 4.50 कि.ग्रा., खड़ी फसल मक्का, श्री केलूराम एवं अन्य 05 व्यक्ति 2.622 हे. बारवेड वायर 70 कि.ग्रा. मिश्रित जलाऊ 4 क्विं, खड़ी फसल मक्का जप्त कर, श्री रूपनाथ अन्य 03 व्यक्ति .572 हेक्टेयर बारवेड बायर 25 कि.ग्रा. मिश्रित जलाऊ फेंसिंग 2 क्विं, खड़ी फसल मक्का, उड़द जप्त कर उनके विरुद्ध वन अपराध कायम किया गया। समस्त प्रकरणों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगदलपुर में प्रस्तुत किया जाएगा।

अंचल के मयंक पठारिया का राष्ट्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में चयन

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। ज्ञात हो अंचल में राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, बस्तर संभाग से भी लॉन टेनिस प्रतियोगिता हेतु अंडर 14,17 एवं 19 के खिलाडी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दुर्ग गए हुए थे, जिसमे जगदलपुर के रहने वाले मयंक पठारिया ने क्वालिफायर्स खेलते हुए लगातार 4 गेम जीतते हुए दमदार जीत हासिल की इसी के साथ उनका चयन हैदराबाद में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के लिए हो गया है, मयंक पठारिया कक्षा 12 के छात्र है एवं निर्मल विद्यालय में अध्ययनरत है।

अंडर 14 खेलने गए खिलाडियों का भी प्रदर्शन उकृष्ट रहा है, एन रोहित एवं आदित्य विश्वकर्मा बस एक पॉइंट से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने से वंचित रह गए।

जगदलपुर टेनिस एसोसिएशन के सचिव एवं वरिष्ठ खिलाडी श्री थॉमस फिलिप ने कहा कि बच्चो का प्रदर्शन बहुत दमदार रहा है, बस्तर में प्रतिभाओ की कमी नहीं है हमारा प्रयास यही है की अधिक से अधिक बच्चे बस्तर का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाये। बस्तर अंचल से अंडर 14,17,19 में क्रमशः एन रोहित, आदित्य विश्वकर्मा, प्रखर आज़ाद,अथर्व मिश्रा, अपूर्व मिश्रा, एकाक्ष सिंह, नैतिक पठारिया, ऑस्टिन जोएल एवं मयंक पठारिया चयनित हो राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लिया था द्ध जगदलपुर जिला बस्तर के खेल युवा कल्याण विभाग के संचालक श्री राजेंद्र डेकाते ने उभरते खिलाडियों को अपनी शुभकामनाये प्रेषित की।

विश्वकर्मा जयंती के दिन एनएमडीसी बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

समवेत शिखर संवाददाता

बचेली/दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिला में इस वर्ष औसत से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। भारी बारीश के कारण बैलाडीला क्षेत्र में सड़कों, नालों इत्यादि का बहुत नुकसान हुआ है। भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है तथा आम लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। एनएमडीसी का खनन क्षेत्र भी इससे अछूता नही रहा है। एनएमडीसी के बचेली खनन क्षेत्र में भी भारी बारिश के चलते बहुत नुकसान हुआ है। जगह-जगह लैंड स्लाइड के चलते खनन क्षेत्र में सड़क मार्ग अवरूद्ध हुआ है। अभी भी बहुत सी जगहों पर चट्टान एवं मिट्टी के ढीला होने के कारण अभी भी लैंड स्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। इसके अतिरिक्त भारी धुंध के कारण भी खनन क्षेत्र में खतरा बना हुआ है। अभी भी इस क्षेत्र में बारिश की संभावना बनी हुई है।

इन खतरों को मद्देनजर रखते हुये आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु विश्वकर्मा जयंती (17 सितंबर 2024) के दिन एनएमडीसी, बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने भी एक आदेश जारी किया है। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश के पालन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

बस्तर जिले में 27848 अभ्यर्थी छात्रावास अधीक्षक बनने परीक्षा देंगे

जिले में बनाए गए 114 परीक्षा केन्द्र

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में 15 सिंतबर को आयोजित होने वाली छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। बस्तर जिले के सभी 114 केन्दों के केन्द्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों को कलेक्ट्रेट के प्रेरणा कक्ष में 11 सितंबर को मास्टर ट्रेनर द्वारा व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल एवं जिला नोडल डिप्टी कलेक्टर श्री मायानन्द चन्द्रा ने प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मौसम का ध्यान रखते हुए परीक्षा में कोई त्रुटि किए बिना व पूरी दक्षता के साथ कार्य करने के लिए तथा परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। मास्टर ट्रेनर डॉ. अजय सिंह ठाकुर एवं सीपी यादव द्वारा परीक्षा के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक, केन्द्राध्यक्ष व वीक्षकों के कार्यो की जानकारी दी गई। साथ ही व्यापम के दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सभी आवश्यक सावधानी रखते हुए परीक्षा कार्य को गंभीरतापूर्वक संपादित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। वनांचल के 114 परीक्षा केन्द्रो में कुल 27848 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थी व्यापम के वेबसाइट पूरे अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्कते है। प्रवेश प में फोटो प्रिंट नहीं होने की स्थिति में परीक्षार्थियों को दो रंगीन पासपोर्ट फोटो लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा एवं मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट आदि में से कोई एक की मूल प्रति परीक्षार्थियों को लाना होगा। परीक्षा समय 12 बजे से दोपहर 2.15 तक नियत है। 12.15 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को केन्द्र में आधा घंटे पूर्व प्रवेश दिया जाएगा व आपातस्थिति को छोड़कर परीक्षा समाप्ति तक कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, मोबाईल, केल्कुलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लाना सख्त प्रतिबंधित है। परीक्षार्थी लिखने में पेन काला या नीला बाल पेन का प्रयोग कर करेंगे। परीक्षा का समय सुबह 12 बजे से 2.15 तक एक पाली में निर्धारित है।

परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्दों का पूर्व से ही निरीक्षण कर लें तथा परीक्षा के दिन मौसमएवं भारी बारीस को देखते हुए परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से एक घंटे पूर्व पहुंचे ताकि परीक्षा के दिन कोई असुविधा न हो।

खेल-व्यापार-मनोरंजन

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रचा इतिहास, सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स हुए एक अरब

नई दिल्ली। अपने करियर की शुरुआत से ही क्रिस्टियानो रोनाल्डो खेल के मैदान के अंदर और बाहर रिकॉर्ड तोड़ते रहे है। पुर्तगाल के इस स्टार प्लेयर की एक बार फिर से चर्चा हो रही है क्योंकि उन्होंने एक धांसू रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है। सोशल मीडिया के चैनलों पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के एक अरब फॉलोअर्स हो गए है। ये उपलब्धि हासिल करने वाले वो पहले व्यक्ति है। रोनाल्डो इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति हैं और हाल ही में उन्होंने अपना यूट्यूब चैनल %यूआर. क्रिस्टियानो% शुरू किया है। चैनल ने एक सप्ताह के अंदर 50 मिलियन फोलोअर्स बनाए है। चैनल को एक मिलियन फोलोअर्स का आंकड़ा छूने में केवल 90 मिनट लगे। अल नस्सर स्टार ने सोशल मीडिया पर इस खबर की घोषणा की। एक्स पर उन्होंने लिखा, ÷हमने इतिहास रच दिया है - 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ़ एक संख्या नहीं है - यह खेल और उससे परे हमारे साझा जुनून, प्रेरणा और प्यार का प्रमाण है!÷ उन्होंने कहा कि सड़कों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है, और अब हममें से 1 अरब लोग एक साथ खड़े हैं। ÷आप हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं, सभी उतार-चढ़ावों के दौरान भी साथ रहे है।

टीम इंडिया ने की तैयारी शुरू, 19 सितंबर से भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज का आगाज

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने शुक्रवार को चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम पहली बार नए कोचिंग स्टाफ से भी मिली। मुख्य कोच गौतम गंभीर जुलाई अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के दौरान टीम से जुड़े थे। वहीं मोर्ने मोर्केल पहली बार बतौर गेंदबाजी कोच टीम के साथ नजर आए हैं। भारतीय टीम के सदस्य करीब एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप के लिए एकत्र हुए।

वहीं बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदबंरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नए गेदंबाजो कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें शेयर करके लिए कि, उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी। तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। इससे पहले पीली जर्सी पहले रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार को ही पहुंच गए थे।

अफगानिस्तान- न्यूजीलैंड टेस्ट बिना गेंद डले हुआ रद्द, 91 साल में पहली बार हुआ ऐसा

अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलैंड एकमात्र टेस्ट मैच अधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया है। ये मैच बिना गेंद डले रद्द हुआ, यहां तक की दोनों कप्तान भारी बारिश और गीला मैदान होने की वजह से टॉस के लिए भी मैदान पर नहीं उतर पाए। इसी के साथ टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये मात्र 8वां घटना है जब कोई टेस्ट मैच बिना गेंदें डले रद्द हुआ हो। वहीं 21वीं सदी में ऐसा पहली बार हुआ है। इसी के साथ अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलैंड टेस्ट रद्द होने से एक और रिकॉर्ड भी बना। 91 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये टेस्ट एशिया में बिना गेंद डले रद्दे होने वाला पहला मैच बना है। जी हां, अभी तक रद्द हुए 7 टेस्ट एशिया के बाहर के थे। बिना गेंद डले रद्द हुए मैचों की लिस्ट में न्यूजीलैंड का ये लगातार दूसरा मुकाबला है।

अजय देवगन और वाणी कपूर की फिल्म रेड 2 फरवरी 2025 में होगी रिलीज

मुंबई। 2018 में रेड के साथ दर्शकों का दिल जीतने के बाद, अजय देवगन आईआरएस अधिकारी, अमय पटनायक (अजय देवगन) के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, रेड 2, अगले साथ 21 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। अजय देवगन के साथ, फिल्म में वाणी कपूर मुख्य भूमिका में हैं, रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका में हैं, और रजत कपूर महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। दिल्ली और लखनऊ में बड़े पैमाने पर शूट की गई, रेड 2 एक और एड्रेनालाईन से भरी सवारी का वादा करती है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के साथ रिलीज की तारीख की घोषणा की। पहला भाग 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह पर आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई वास्तविक जीवन की आयकर छापेमारी पर आधारित था, जो भारतीय इतिहास में सबसे लंबी छापेमारी थी, जो तीन दिन और दो रात तक चली थी।

अदाणी फाउंडेशन और महिला एवं बाल विकास विभाग विदिशा ने प्रोजेक्ट फॉर्च्यून सुपोषण के जरिए कुपोषण मिटाने के लिए हाथ मिलाया

विदिशा (ए)। फॉर्च्यून सुपोषण परियोजना अदाणी विल्मर की एक प्रमुख पहल है, जिसे अदाणी फाउंडेशन द्वारा भारत के 11 राज्यों में 17 स्थानों पर कार्यान्वित किया जाता है। इस परियोजना का उद्देश्य 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में कुपोषण और एनीमिया को कम करने के लिए सरकार के पोषण अभियान में योगदान देना है। यह परियोजना समुदाय स्तर की स्वयंसेवक के माध्यम से समुदाय में पहुंचाई जाती है, जिन्हें सुपोषण संगिनी के रूप में जाना जाता है। इन संगिनियों को कुपोषित बच्चों की पहचान करने और उन्हें रेफर करने, घर-आधारित परामर्श प्रदान करने, खाना पकाने का प्रदर्शन करने, फोकस समूह चर्चा और पोषण शिविर आयोजित करने, ग्राम-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने, किचन गार्डन विकसित करने और कुपोषण से संबंधित मुद्दों के बारे में सामुदायिक जागरूकता पैदा करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। विदिशा जिले मे 11 सितंबर को इस परियोजना का सुभारम्भ जालोरी गार्डन हॉल, विदिशा में कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथिगण श्रीमती शशि मिश्रा (अतिरिक्त जिल्ला कलेक्टर), श्री मान भरतसिंह राजपूत, (जिल्ला परियोजना अधिकारी), श्रीमती प्रीती राकेश शर्मा (नगरपालिका अध्यक्ष) एवं श्रीमान मुकेश सक्सेना (मानव संसाधन प्रमुख) और श्रीमान विवेक यादव (लीड-स्वास्थ्य एवं पोषण, अदाणी फाउंडेशन) द्वारा दिप प्रज्वलित करके किया गया।

स्टार हेल्थ और पॉलिसीबाजार ने लांच किया 'सुपर स्टार' एक मॉड्यूलर लांग-टर्म हेल्थ इंश्योरेंस प्लान

गुरुग्राम (ए)। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस) और पॉलिसीबाजार ने आज %सुपर स्टार% लॉन्च की घोषणा की है। यह एक पर्सनलाइज्ड दीर्घकालिक हेल्थ इंश्योरेंस योजना है, जो ग्राहक-केंद्रित है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक ग्राहक मूल्य प्रदान करना है। यह गेम चेंजर उत्पाद पॉलिसीधारकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. यह आपको बेजोड़ लचीलापन और अनुकूलन प्रदान करता है। यह इंडिविजुअल और परिवार के लिए 5 साल की लंबी अवधि की पॉलिसी है। सुपर स्टार इंश्योरेंस प्लान मॉड्यूलर कवरेज प्रदान करके स्वास्थ्य बीमा परिदृश्य में एक आदर्श बदलाव लाता है, जो जिन्दगी के विभिन्न चरणों में ग्राहकों की जरूरतों के अनुकूल होता है। सुपर स्टार एक डिजिटल-ओनली उत्पाद है जो पॉलिसीबाजार वेबसाइट और स्टार हेल्थ के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध है।

प्रोडक्ट लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, पीबी फिनटेक के जॉइंट ग्रुप के सीईओ, श्री सरबवीर सिंह ने कहा, ÷स्वास्थ्य सेवा की लागत बढ़ने के साथ, लचीले, व्यापक स्वास्थ्य बीमा की आवश्यकता पहले कभी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही थी। सुपर स्टार ग्राहकों को उनके साथ बढ़ने वाले कवरेज को चुनने की अनुमति देकर उस मांग को पूरा करता है, जिससे यह उद्योग का गेम चेंजर बन जाता है। हम स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, ताकि यह मॉड्यूलर स्वास्थ्य बीमा समाधान लाखों भारतीय परिवारों को उपलब्ध कराया जा सके. इससे यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें जीवन के हर चरण में वित्तीय सुरक्षा मिले। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री आनंद रॉय ने कहा, ÷स्टार हेल्थ इंश्योरेंस में, हम पॉलिसीबाज़ार के साथ साझेदारी करके सुपर स्टार पेश कर के खुश है। यह भारत की उभरती ज़रूरतों के लिए एक परिवर्तनकारी स्वास्थ्य बीमा समाधान है।

स्टारबक्स ने बिलासपुर में पहले स्टोर के साथ पारी शुरू करने की घोषणा की

बिलासपुर। स्टारबक्स ने बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में पहले स्टोर के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। यह स्टारबक्स द्वारा 2028 तक देशभर में 1,000 स्टोर्स खोलने की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है। इस स्टोर में ग्राहकों के लिए स्थानीय डिजाइनों और सांस्कृतिक बारीकियों के साथ-साथ वर्ल्ड क्लास कॉफी एक्सपीरियेंस परोसा जाएगा।

छत्तीसगढ़ के समृद्ध सांस्कृतिक संसाधनों से भरपूर लैंडस्केप से प्रेरित और स्टारबक्स के ग्लोबल कॉफी हेरिटेज से संपन्न इस स्टोर का थीम 'सेलीब्रेशन' चुना गया है। स्टोर की आकर्षक वुडन कैनोपी के नीचे कॉफी बार सजाया गया है जो अपने गर्मजोशी भरे माहौल में ग्राहकों को आमंत्रित करता है। स्टोर की दीवार पर प्रदर्शित म्युरल के जरिए न सिर्फ कॉफी का उत्पादन करने वाले क्षेत्रों को प्रदर्शित किया गया है बल्कि यह बिलासपुर केलोकप्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य की भी याद दिलाने वाला है। कुल-मिलाकर, यह स्टोर के स्पेस को नई ऊर्जा से भरने वाला अहसास पैदा करता है। स्टोर में आने वाले ग्राहकों के लिए चुनींदा आर्टवर्क जैसे फ्लावर बड्स बाय 17215, कोस्टा रिका 11 (जोशुआ त्रुखियो), और कोना कॉफी फार्म 5 (मेगुमी कीअन) को प्रदर्शित किया गया है।

आज से स्वच्छता ही सेवा अभियान

स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर चलेगा अभियान

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर आयोजित ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिससे लोगो में स्वच्छता के प्रति सोच को बदला जा सके एवं सामूहिक रूप से गांव एवं शहर को स्वच्छ बनाये रखने में अपनी भूमिका निभा सके। कलेक्टर ने बैठक में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 में सभी नागरिकों को शामिल करने कहा। इस अभियान में जनभागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर को शामिल किया गया है।

कलेक्टर ने कहा कि ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ एवं पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए मेगा सफाई अभियान चलाकर गंदे और कचरा स्थलों (ब्लैक स्पॉट) को साफकरने आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कराना है। स्वच्छता के लिए सार्वजनिक भागीदारी- इस कार्य में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उक्त अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत जिले में स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों, पार्क, शौचालय, स्टेशन, धार्मिक स्थलों आदि में व्यापक साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा के लिए यह जरूरी है कि स्थानीय निकाय, सार्वजनिक उपक्रम, गैर सरकारी संगठन, नागरिक समाज संगठन, उद्योग, पखवाड़े के दौरान प्रत्येक नागरिक, समुदाय और संगठन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करें। इसका उद्देश्य सभी नागरिकों के भीतर कर्तव्य की भावना को बढ़ावा देना और लोगों के दैनिक जीवन में स्वच्छता को समझने और उससे जुड़ने के तरीके को बदलना है।

बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एक पेड़ मां के नाम, शैक्षणिक सामूहित प्रदर्शन, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, स्वच्छ भारत कल्चरल फेस्ट, जीरो वेस्ट ईवेन्ट, वेस्ट टू आर्ट, एनजीओ एवं स्व सहायता समूहो का मोबिलाईजेशन, स्वच्छता आउटरिच अभियान, स्वच्छता दौड़, सायकल रैली, मैराथन, स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ ग्राम प्रतियोगिता, स्कूल के बच्चों को अभियान में शामिल करना, वाल पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण, स्वच्छता शपथ, विशेष ग्राम सभा, स्वच्छता संभाग आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पोषण माह : जिले सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जा रहा है वजन त्योहार

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज जिले में वजन त्यौहार का कलस्टरवार आंगनबाड़ी केन्द्रों में जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, पार्षद की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। जिसमें 0 से 6 वर्ष कम आयु के बच्चों का वजन, उचाई का मापन किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास विभाग ने बताया कि आज एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा के सेक्टर अकलतरा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत तरौद के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 03 में वजन त्यौहार का शुभारंभ बड़े धुमधाम हर्षोउल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों वजन एवं उंचाई मापी गई, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, मेंहदी, सलाद सजावट एवं पोषण पर प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कर देकर प्रोत्साहित किया गया। केन्द्र में सजावट के साथ-साथ वजन त्यौहार सेल्फी पाइंट बनाया गया था जो बच्चों एवं अभिभावकों के लिये आकर्षक का केन्द्र था। उन्होंने कहा कि वजन त्यौहार को दीपावली, दशहरा, तीजा-पोरा, गणेश उत्सव की तरह मनाया जावें। जब आपके बच्चे स्वस्थ होगें तभी आप लोगों का हर दिन त्यौहार है। उन्होनें मौसमी फल खाने के लिए प्रेरित किया गया साथ एनीमिया के संबंध विस्तृत जानकारी देते हुये शपथ दिलाया गया।

इसी प्रकार परियोजना जांजगीर अंतर्गत ग्राम सरखों के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 03 मे वजन त्यौहार आयोजन किया गया। जिसमें वजन त्यौहार के दौरान 0 से 6 वर्ष के सभी बच्चों का वजन व उंचाई लेकर उनके पालकों को बच्चों के पोषण स्थिति से अवगत कराते हुए बच्चों के खानपान व उचित देखभाल, स्वच्छता के संबंध में तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष प्रीति देवी सिंह, जनपद सदस्य अकलतरा विजया वैष्णव, परियोजना अधिकारी जांजगीर विकास सिंह, परियोजना अधिकारी अकलतरा राजेश्वरी पाटले सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।

चक्रधर समारोह में दुर्गा तांडव की प्रस्तुति सक्ती की बेटी विधि सेनगुप्ता ने दी

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। जिले की अंतरराष्ट्रीय ओडिसी नृत्यांगना विधि सेनगुप्ता को रायगढ़ के सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह और कलेक्टर कार्तिके गोयल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने 39वें चक्रधर समारोह में ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति दी। पहली प्रस्तुति महिषासुर वध और मां दुर्गा के विहंगम रूप पर आधारित थी, जिसे दुर्गा तांडव के रूप में प्रस्तुत किया गया। यह नृत्य आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा रचित और गुरु लक्ष्मीकांत पाटिल द्वारा संगीतबद्ध है। इस प्रस्तुति का राग पटदीप और ताल त्रिष्टा है, और इसका कंपोजिशन डॉ. गुरु गजेंद्र पंडा द्वारा किया गया है। नृत्य में मां दुर्गा का शक्तिशाली रूप दिखाया गया है, जो महिषासुर राक्षस का वध करती हैं और भक्तों के कष्टों का निवारण करती हैं।

विधि सेनगुप्ता ने मानव उद्धारणा की भी प्रस्तुति दी, जो श्री कवि सम्राट उपेंद्र भंज द्वारा रचित है और इसका कंपोजिशन श्री गुरु देवाप्रसाद जी ने किया है। यह नृत्य ताल त्रिपटा पर आधारित है और इसमें श्रीकृष्ण के द्रौपदी के चीर हरण के समय उनकी रक्षा के दृश्य को प्रस्तुत किया गया है।

विधि सेनगुप्ता ने अपनी कला का प्रदर्शन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किया है। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों और सिंगापुर, मलेशिया जैसे देशों में भी प्रस्तुति दी है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सक्ती जिले में और उच्च शिक्षा गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में हुई। उन्होंने ओडिसी नृत्य की शिक्षा डॉ. गजेंद्र कुमार पंडा से प्राप्त की है।

निराला साहित्य मंडल एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर। विगत दिवस निराला साहित्य मंडल* की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी भाषा के महत्व और गरिमा को उजागर करने के लिए हिंदी दिवस 2024 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन निराला साहित्य मंडल और *निराला साहित्य महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा, जो कि जिले की साहित्यिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित और अग्रणी संस्थाएँ हैं।

इस वर्ष का *हिंदी दिवस* कार्यक्रम 14 सितंबर, शनिवार को सायं 4 बजे कैलाश सा मिल, पुराना कॉलेज रोड में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष पं धीरेन्द्र बाजपेयी के संयोजन में हिंदी भाषा की गरिमा और महत्व पर गहन विचार-विमर्श और चर्चाएँ होंगी।कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ताओं में भागवत भूषण पं. दिनेश दुबे, मुख्य संरक्षक पं. हरिहर प्रसाद तिवारी, अखिलेश कोमल पांडेय और नागेंद्र गुप्ता शामिल होंगे। ये विद्वान और प्रतिष्ठित वक्ता हिंदी भाषा की महत्ता एवं महानता पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत करेंगे, जिससे उपस्थित साहित्य प्रेमियों और हिंदी भाषा प्रेमियों को हमारी समृद्ध भाषा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर को गहराई से समझने का अवसर मिलेगा।मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष पं धीरेन्द्र बाजपेयी ने बताया कि हिंदी दिवस के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करना और समाज में इसकी व्यापक महत्ता को रेखांकित करना है। हिंदी न केवल हमारे देश की राजभाषा है, बल्कि यह हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने की मजबूत कड़ी भी है। इस आयोजन के माध्यम से हम हिंदी भाषा की समृद्धि और गौरव का उत्सव मनाएंगे और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करेंगे।प्रधान सचिव रविंद्र द्विवेदी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी साहित्यकारों, हिंदी प्रेमियों, श्रोताओं और जिले के विभिन्न संस्थानों से कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा, ÷यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिंदी भाषा के प्रति हमारी निष्ठा और प्रेम का प्रतीक है। हम सभी से निवेदन करते हैं कि वे इस महत्वपूर्ण आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इसे सफल बनाएं। इस अवसर पर मंडल के सदस्य और स्थानीय साहित्यिक प्रतिभाएँ भी अपने विचार और कविताएँ प्रस्तुत करेंगे, जिससे कार्यक्रम में और भी विविधता और गहराई का समावेश होगा।

उक्ताशय की जानकारी प्रधान सचिव रविंद्र द्विवेदी ने दी हैं।

पहाड़ी कोरवा महिलाएं सुना रही महतारी वंदन की कहानी

बैंक खाते में हर महीने मुख्यमंत्री विष्णु भैया भेजते हैं रुपए, इस रकम से होती है बड़ी मदद

7वीं किश्त में जिले की 232840 महिलाओं के खाते में 21.48 करोड़ रुपए अंतरित

समवेत शिखर संवाददाता

अम्बिकापुर। ग्राम पंचायत मलगवांखुर्द के ग्राम रामनगर की श्रीमती संगीता पहाड़ी कोरवा जनजाति से आती हैं। ये गांव भी पहाड़ी कोरवा बहुल बसाहट है। संगीता प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को स्नेहपूर्वक विष्णु भईया कहती हैं और बताती हैं कि हर महीने एक हजार रूपये मुख्यमंत्री बैंक खाते में भेजते हैं। जबसे वे मुख्यमंत्री बने हैं, तब से महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को यह राशि मिल रही है। इन पैसों से काफी मदद हो जाती है। इन रुपयों को घर के छोटे-मोटे खर्चे, बच्चों के पढ़ाई से जुड़े सामग्री में खर्च करते हैं। वे मुख्यमंत्री श्री साय का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हैं। वे कहती हैं कि हमारे विष्णु भईया हर महीना हमारे खाते में एक हजार खाता में डालते हैं, इस योजना से हम बहुत खुश हैं।

इसी तरह ग्राम रामनगर (बरपारा) की श्रीमती गुलाबी भी महतारी वंदन योजना की हितग्राही हैं। वे कहती हैं कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हर महीना एक हजार रुपए की राशि सीधे खाते में मिल जाती हैं। इस पैसे से घरेलू खर्चे में काफी मदद हो जाती है और हाथ में पैसा हो तो खुद में भी आत्मविश्वास रहता है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 2 सितंबर को महतारी वंदन योजना के सातवीं किस्त की राशि के रूप में 01-01 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के खाते में अंतरित किये। सरगुजा जिले में 7वीं किश्त में जिले की 232840 महिलाओं के खाते में 21.48 करोड़ रुपए अंतरित किए गए हैं। प्रदेश में महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷महतारी वंदन योजना÷ लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत राज्य की विवाहित, विधवा परित्यक्ता और तलाकशुदा जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक हो ऐसी महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बटन दबाकर प्रथम किश्त की राशि जारी की थी। योजना के तहत पहले चरण में करीब 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभार्थी के तौर पर चुना गया है, जिनके बैंक खाते में योजना की 7 किस्त ट्रांसफर कर दी गई हैं।

लखपति दीदी ममता राय की प्रेरणादायक कहानी

प्रगति महिला स्वसहायता समूह

समवेत शिखर संवाददाता

एमसीबी। एमसीबी जिले की ममता राय, जो पहले एक साधारण गृहिणी थी। आज लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। उनकी यह सफलता की यात्रा प्रगति महिला स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद शुरू हुई। समूह से जुड़कर ममता राय ने 60,000 रुपये का ष्ठद्धस्न लोन लिया और अपने स्वंयम का किराना दुकान शुरू किया। सिर्फ किराना दुकान तक ही सीमित न रहते हुए, ममता राय ने समूह के साथ मिलकर अचार, आलू चिप्स और तिलौरी बनाने का काम भी शुरू किया। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज उनकी महीने की आय 6 से 7 हजार रुपये के बीच होती है और उनकी सालाना आय 1 लाख रुपये से भी अधिक है। उन्होंने अपने गाँव की अन्य महिलाओं के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए । ग्राम पंचायत की महिलाओं और सभी समूहों की दीदियों के साथ मिलकर बीमा, आयुष्मान कार्ड बनवाने व शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करती हैं। ममता राय अपने समूह और गाँव की महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें उनके अधिकारों और लाभों के प्रति जागरूक कर रही हैं। उनके इस प्रयास से गांव की महिलाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल रहा है और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। आज ममता राय न सिर्फ आर्थिक रूप से स्वतंत्र है बल्कि उन्होंने अपने परिवार और समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका यह साहस और आत्मविश्वास दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। ममता राय का यह सफर उन सभी महिलाओं को प्रेरित करता है जो अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अपनी पहचान बनाना चाहती है।

प्रतापपुर में 'वजन त्योहार' शुभारंभ के बाद गांव-गांव और आंगनबाड़ी केंद्र में किया जा रहा प्रचार-प्रसार

समवेत शिखर संवाददाता

सूरजपुर। सम्पूर्ण अभियान के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा आकांक्षी विकासखण्ड प्रतापपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन त्यौहार का शुभारम्भ के पश्चात वजन त्यौहार रथ गाँव गाँव और केंद्र में जाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिसे ज्यादा से ज्यादा पोषण एवं साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधित बताया गया एवं सभी केंद्र में उपस्थित बच्चों की सही वजन एवं ऊंचाई मापन किया गया। वजन त्यौहार रथ में चलचित्र के मध्यम से महिलाओं के जीवन मे आने वाली परिवर्तन को बताना, बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को वैक्सीन लगवाना।

पोषण अभियान कार्यक्रम की मदद से जन-जन के बेहतर आहार और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लायेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिये पंचायत स्तर तक एक मजबूत साझेदारी की आवश्यकता है। इस दिशा में पंचायत प्रतिनिधि अपनी अहम भूमिका निभायें तथा कुपोषण को दूर करते हुए एक मज़बूत देश की नींव रखें। 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का वजन किया गया। कुपोषित बच्चों की माताओं को परामर्श दिया गया साथ ही अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी केन्द्र में रेफर किया गया। किशोरियों एवं छात्राओं को पौष्टिक आहार एवं उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया।

नशे के सौदागर को पुलिस ने कफ सिरप के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल

सक्ती। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के दिशा-निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती के मार्गदर्शन में

क्षेत्र में सक्रिय मुखबिरों के जरिए सूचना संकलन का काम किया जा रहा था। इसी क्रम में दिनांक 12 सितंबर 2024 को सूचना मिली कि चूना भट्ठी के पास ग्राम रगजा में एक व्यक्ति नशीली कफ सिरप स्कूटी में रखकर ग्राहक तलाश रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर NDPS ACT के तहत कानूनी प्रावधानों का पालन करते हुए टीम द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर रेड की गई। मौके पर एक व्यक्ति होंडा एक्टिवा स्कूटी (क्रमांक छ्त्त 13 ङ्क 4264) के पास खड़ा मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित कुमार सारथी (उम्र 32 वर्ष), ग्राम परसापाली, थाना खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) बताया। स्कूटी की तलाशी लेने पर उसके अंदर से 235 शीशी ONEREX कफसिरप (कोडीन फॉस्फेट और ट्रिप्रोलिडीन हाइड्रोक्लोराइड युक्त) बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 23,500 एमएल और कीमत 39,950 रुपए बताई गई। आरोपी से नशीली कफसिरप के संबंध में कोई वैध कागजात या लाइसेंस प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया गया, लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। आरोपी अमित कुमार सारथी का कृत्य धारा 21 (ष्ट) NDPS ACT के अंतर्गत अपराध साबित हुआ, जिसके चलते उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश तिवारी (थाना प्रभारी सक्ती), साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, उप निरीक्षक जी.एस. राजपूत, सहायक उप निरीक्षक एंथोनी एक्का, प्रधान आरक्षक उमेश साहू, प्रेमनारायण राठौर, आरक्षक जोगेश राठौर, राकेश राठौर, फारुख खान, और अलेक्स मिंज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आरोपी के कब्जे से 235 शीशी कफसिरप के अलावा होंडा एक्टिवा (कीमत 40,000रुपए) और एक वनप्लस मोबाइल (कीमत 10,000रुपए) भी जब्त किया गया, जिसकी कुल कीमत 89,950 रुपए है। सक्ती पुलिस और साइबर टीम की यह संयुक्त कार्यवाही नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

जिला कांग्रेस कमेटी : सीमेंट की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में आंदोलन

सरकार की मनमानी पर भड़की कांग्रेस, बढ़ती महंगाई पर जताई नाराजगी

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सकती ने नगर पालिका के सामने सीमेंट की कीमतों में की गई वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने किया। उन्होंने सीमेंट की कीमतों में बढ़ोतरी को गलत बताते हुए कहा कि सरकार बिना किसी कारण के मनमाने तरीके से सीमेंट के दाम बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो कच्चे माल, न बिजली, डीजल और पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि हुई है, फिर भी सीमेंट के दाम क्यों बढ़ाए जा रहे हैं।

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष साधेश्वर गवेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार बेलगाम हो गई है और उसे जनता की परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि देश पहले ही महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है, ऐसे में सीमेंट की कीमतें बढ़ाना जनविरोधी कदम है।

जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि सरकार 'अंधेर नगरी चौपट राजा' की तर्ज पर चल रही है। उन्होंने सीमेंट की कीमत सीधे पचास रुपये बढ़ाने पर सवाल उठाते हुए पूछा कि सरकार किसे लाभ पहुंचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के चरम पर है, और सीमेंट के दामों में वृद्धि करना सर्वथा गलत है।

विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए, जिनमें प्रदेश कांग्रेस के सचिव सरवन सिदार, महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मेनका जायसवाल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भाई महबूब, व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनीष कथूरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर थाना प्रभारी बृजेश तिवारी सहित पुलिस बल भी तैनात रहा।